CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

हल्द्वानी, मंगलवार 16 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 111 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 24 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने भाजपा के चुनावी गणित पर उठाए सवाल पेज 2



भारत पहली बार स्क्वॉश वर्ल्ड कप चैंपियन बना खेल टाइम्स



हवा-हवाई हुए हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा के जुमले सम्पादकीय



पहले से थी ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला करने की आशंका पेज 12

# 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' नारे को लेकर संसद में हंगामा

## नड्डा बोले- राहुल गांधी-सोनिया गांधी माफी मांगें, प्रियंका बोलीं- रैली में किसने कहा, हमें नहीं मालूम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के 11वें दिन, सोमवार को दोनों सदनों में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी का मुद्दा उठाया। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम के खिलाफ ऐसी बातें करना, उनकी मौत की कामना करना शर्मनाक है।

नड्डा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है कि 140 करोड़ भारतीयों और विश्व के सबसे प्रसिद्ध नेता को इस तरह के नारों का सामना करना पड़ रहा है। पीएम के खिलाफ नारेबाजी और माफी की मांग लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। दोनों सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई थी, लेकिन शोर-शराबे के कारण 10 मिनट भी चर्चा नहीं हो पाई और कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी -शेष पृष्ठ दो पर



पीएम के खिलाफ ऐसी बातें करना, उनकी मौत की कामना करना शर्मनाक है... – जेपी नड्डा



रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा, फिर पता चला कि किसी ने इंटरव्यू में कहा है, भाजपा को खुद नहीं पता किसने नारेबाजी की... –प्रियंका गांधी

### मुगलों की राह पर कांग्रेस, जल्द दफन होंगे, राहुल कर रहे औरंगजेब जैसा काम: भाजपा

**नई दिल्ली।** मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारों की वजह से कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली विवादों में आ गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली में जाते समय मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए। यह रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि एक बार फिर कांग्रेस का चरित्र सामने आ गया है। वे मोदी जी की मौत की कामना कर रहे हैं। उनकी मुस्लिम लीग और माओवादी सोच सबके सामने आ गई। मोदी की कब्र खोदने की बात करने वाली पार्टी खुद दफन हो जाएगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में -शेष पृष्ठ दो पर

### सरकार खुद ही संसद नहीं चलाना चाहती : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव तथा लोकसभा में पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि सरकार के मंत्री ही संसद को बाधित कर रहे हैं और इससे लगता है कि सरकार ही खुद संसद नहीं चलाना चाहती है। श्रीमती वाड्रा ने सोमवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने प्रश्नकाल बाधित किया है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही उन्होंने सदन की कार्यवाही को बाधित करना शुरू किया, जिसके कारण हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### घने कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को घने कोहरे के कारण 80 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और कम से कम पांच को नजदीकी शहरों के लिए डायवर्ट किया गया है। हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, 80 से अधिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें सोमवार को रद्द रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक कम से कम पांच आगमन उड़ानों को दूसरे शहरों में उतारा गया है। दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से सोशल मीडिया पर दोपहर बाद 1:03 बजे की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया गया है कि अब स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन पहले से बड़ी संख्या में उड़ान भरने का इंतजार कर रहे विमानों के कारण स्थिति सामान्य होने में और समय लग सकता है। टाटा समूह की एयर इंडिया ने भी अपनी वेबसाइट पर सुबह 10:48 बजे तक उड़ानों के रद्द होने की जानकारी दी है। दिल्ली के अलावा उत्तर भारत के अन्य शहरों से भी उड़ानों के रद्द होने की जानकारी मिली है। इस मौसम में सोमवार को पहला दिन था जब दिल्ली हवाई अड्डे पर कोहरे का असर देखा गया है।

### पूर्व सांसद डा. रामविलास दास वेदांती का निधन

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद डा. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। रीवा मध्य प्रदेश में एक कथा महोत्सव के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका निधन हो गया। 67 वर्षीय रामविलास दास वेदांती का मंदिर आंदोलन में अहम योगदान रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के गुरु अवैद्यनाथ स्वामी परमहंस के साथ-साथ रामविलास दास वेदांती 90 के दशक में मंदिर आंदोलन के अग्रणी थे। वह 1996 व 1998 में दो बार सांसद भी रहे हैं। उनका पार्थिव शरीर देर शाम तक अयोध्या पहुंचेगा। मंगलवार की सुबह 10:00 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी शामिल होने की संभावना है।

### भाजपा ने पीयूष गोयल को तमिलनाडु का चुनाव प्रभारी बनाया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को तमिलनाडु और असम विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए। कामर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल को तमिलनाडु के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। वहीं, भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को असम विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों राज्यों में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। तमिलनाडु के लिए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय सहकारिता एवं उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल को चुनाव सह-प्रभारी बनाया गया है। राज्य में फिलहाल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस की सरकार है। वहीं असम में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील कुमार शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री दर्शनाबेन जारदोश को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# अमीरों की विशेष पूजा से भगवान का विश्राम भंग, सुप्रीम कोर्ट नाराज

## बांके बिहारी मंदिर पर अधिकारी-उप्र सरकार तलब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे देकर कराई जाने वाली 'विशेष पूजाओं' को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। सोमवार (15 दिसम्बर) को शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी प्रथाओं के कारण देवता के विश्राम समय में बाधा पड़ती है, जो परंपरा और धार्मिक मर्यादा के खिलाफ है। यह टिप्पणी वृंदावन स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी जी मंदिर में दर्शन समय और पूजा पद्धतियों में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान की गई।

इसी के साथ अदालत ने याचिका पर अधिकारियों से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली शामिल थे, उन्होंने इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय मंदिर प्रबंधन समिति को नोटिस जारी किया है। मामले की -शेष पृष्ठ दो पर

- भगवान को भी चैन से सोने नहीं देते: सीजेआई
- बांके बिहारी के दर्शन की टाइमिंग बढ़ाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त
- मैनेजमेंट कमेटी को नोटिस

### इंडिगो संकट: सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इंडिगो की हजारों फ्लाइट कैंसिल किए जाने के मामले में दखल देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने याचिकाकर्ता से दिल्ली हाईकोर्ट जाने को कहा। कोर्ट ने यह भी कहा कि सभी मुद्दे दिल्ली हाईकोर्ट के सामने विचाराधीन हैं। वे भी संवैधानिक कोर्ट हैं। अगर आपकी शिकायत का वहां समाधान नहीं होता है, तो आपका यहां स्वागत है। इंडिगो के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि डीजीसीए ने फ्लाइट कैंसिल होने और यात्रियों को होने वाली समस्याओं की जांच के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई है। डीजीसीए की ओर से एविएशन नियमों में बदलाव चलते दिसम्बर के पहले हफ्ते में इंडिगो में क्रू मेंबर्स की भारी कमी हो गई थी। इसके कारण एक से 10 दिसम्बर के बीच इंडिगो की 5000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई थीं।

**कोर्ट ने याचिकाकर्ता से दिल्ली हाईकोर्ट जाने को कहा**

# पहलगाम आतंकवादी हमला: एनआईए ने दाखिल की चार्जशीट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 1597 पन्नों के आरोपपत्र में पाकिस्तानी आतंकी संगठन एलईटी और टीआरएफ के नाम शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी)/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के सदस्य भी शामिल हैं। आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले से जुड़े सहायक सबूतों का विस्तृत विवरण दिया गया है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए- तैयबा /टीआरएफ को पहलगाम हमले की योजना बनाने, उसमें सहयोग करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए एक कानूनी इकाई के रूप में आरोपित किया गया है। सोमवार को जम्मू स्थित एनआईए विशेष न्यायालय में दायर 1,597 पृष्ठों के आरोपपत्र में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकी साजिद जट्ट का नाम भी आरोपी के रूप में शामिल है। एनआईए के आरोपपत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी हैं जो घातक आतंकी हमले के कुछ हफ्तों बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। तीनों की पहचान फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। लश्कर-ए- तैयबा/टीआरएफ और उपर्युक्त चारों आतंकवादियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, शस्त्र अधिनियम, 1959 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए ने चार्जशीट में आरोपियों के खिलाफ भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के लिए भी दंडात्मक धाराओं का प्रयोग किया है। बता दें कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा धर्म आधारित लक्षित हत्याओं वाले इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय नागरिक की मौत हो गई थी। एनआईए ने पिछले लगभग 8 महीनों तक चली गहन वैज्ञानिक जांच के माध्यम से मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेए मयू में साजिश का पता पाकिस्तान से लगाया है, जो भारत के विरुद्ध आतंकवाद को लगातार प्रायोजित कर रहा है।

# हापुड़ में 85 लाख की लूट

- मुनीम की चलती बाइक पर बदमाशों ने मारी लात, तमंचा दिखा ले गए पिट्ठू बैग में रखे रुपये

**पिलखुवा।** हापुड़- गाजियाबाद हाईवे पर सोमवार को सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास घी तेल व्यापारी के मुनीम से तमंचे के बल पर 85 लाख रुपये लूट लिए गए।

बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार दादरी निवासी अजय पाल घी तेल व्यापारी गोपाल के यहां मुनीम का कार्य करते हैं। सोमवार को वह हापुड़ के दो व्यापारियों के यहां से रुपये वसूल कर बाइक से वापस लौट रहे थे। एक व्यापारी से 55 लाख और दूसरे व्यापारी से 30 लाख रुपये लेकर वह हाईवे के रास्ते गाजियाबाद जा रहे थे। जैसे ही अजय पाल सरस्वती अस्पताल के पास फ्लाईओवर पर पहुंचे, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी बाइक में लात मारकर उसे गिरा दिया। इससे पहले अजय पाल संभल पाते बदमाशों ने तमंचा निकालकर डराया और रुपयों से भरा बैग छीन लिया। इसके बाद दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू की। हाईवे पर दिनदहाड़े हुई लूट से व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया।

### पूर्व आईएएस राज कुमार गोयल ने मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्री राज कुमार गोयल को केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) के रूप में 'पद की शपथ' दिलाई। सूचना आयोग में श्री गोयल के शामिल होने से उम्मीद है कि लंबे अंतराल के बाद केंद्रीय सूचना आयोग पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। उनकी नियुक्ति को पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने मंजूरी दी थी।



उत्तराखंड के अल्मोड़ा की निवासी कविता चंद ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराया।

### अनिल अंबानी मामले में पूर्व यस बैंक सीईओ राणा कपूर से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** मशहूर उद्योगपति अनिल अंबानी से जुड़े पीएमएलए (धनशोधन निवारण अधिनियम) मामले की चल रही जांच में सोमवार को यस बैंक के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी राणा कपूर सोमवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय मुख्यालय में पेश हुए। ईडी का आरोप है कि कपूर और अंबानी के बीच एक क्विड प्रो. क्वो (किसी चीज़ के बदले कुछ) समझौता हुआ था, जिससे यस बैंक को खासा वित्तीय नुकसान हुआ। ईडी के अनुसार जब राणा कपूर यस बैंक के प्रमुख थे, तब 31 मार्च 2017 तक रिलायंस अनिल अंबानी समूह (एडीएजी) में बैंक का जोखिम लगभग 6,000 करोड़ रुपये का था।

# लगातार दूसरे महीने आम आदमी को राहत, 0.32% रही मुद्रास्फीति दर

शाह टाइम्स ब्यूरो



- थोक मुद्रास्फीति की दर नवम्बर में लगातार दूसरे महीने शून्य से नीचे

**नई दिल्ली।** खाने-पीने की चीजों और ईंधन एवं बिजली वर्ग की वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर गिरावट के कारण थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर नवम्बर में शून्य से 0.32 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई।

देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में नई पीढ़ी के सुधारों के बाद यह लगातार दूसरा महीना है जब थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही है। इससे पहले अक्टूबर 2025 में थोक मुद्रास्फीति शून्य से 1.21 प्रतिशत कम थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि नवम्बर में खाद्य वस्तुओं की थोक मुद्रास्फीति शून्य से 2.60 प्रतिशत कम रही है जो अक्टूबर में शून्य से 5.04 प्रतिशत नीचे रही है। नवम्बर 2024 की तुलना में नवम्बर 2025 में प्याज की थोक कीमत 64.70 प्रतिशत, आलू की 36 प्रतिशत, सब्जियों की 20.23 प्रतिशत और दालों की 15.21 प्रतिशत कम हुई है। गेहूं, धान और फलों के दाम में भी सालाना आधार पर गिरावट रही है। खाने-पीने की चीजों की अलावा थोक में ईंधनों की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई है। कच्चा तेल के दाम 13.92 प्रतिशत कम हुए। पेट्रोल 1.75 फीसदी और डीजल 1.64 फीसदी सस्ता हुआ। रसोई गैस की कीमत में 12.78 फीसदी की गिरावट आई है। अन्य वस्तुओं की कीमतें भी या तो एक साल पहले के मुकाबले कम हुई हैं या उनकी वृद्धि दर कम रही है। इससे पहले 12 दिसम्बर को जारी खुदरा महंगाई के आंकड़ों में भी इसकी दर 0.71 प्रतिशत रही थी। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गत 5 दिसम्बर को जारी मौद्रिक नीति समीक्षा बयान में चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बयान जारी करते हुए कहा था कि चालू वित्त वर्ष की 31 दिसम्बर को समाप्त हो रही तीसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 0.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मुद्रास्फीति 3.9 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में चार प्रतिशत रहने की संभावना है।

# मनरेगा स्कीम की जगह लेगा विकसित भारत 'जी राम जी'

- मोदी सरकार नया बिल ला रही
- प्रियंका गांधी बोलीं: महात्मा गांधी का नाम क्यों हटा रहे

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून मनरेगा को खत्म कर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने जा रही है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध भी किया गया है।

बिल की कॉपी सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच सर्कुलेट की गई है। इसका नाम 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025' रखा गया है। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। इधर कांग्रेस ने सरकार के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### कफ सिरप मामले में कुंडली खंगालने में जुटी एजेंसियां

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें सरगना शुभम जायसवाल के कई ठिकानों और घर पर छापा मारकर करीबियों तथा परिजनों से पूछताछ कर रही हैं। वहीं विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने शुभम जायसवाल के ससुराल पहुंचकर पूछताछ की। ड्रग विभाग की टीमें भी लगातार शैली ट्रेडर्स से जुड़ी फर्मों की जांच कर रही हैं। वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, लखनऊ और गाजियाबाद समेत कई जिलों में पुलिस शुभम जायसवाल के साथ काला कारोबार करने वालों को रडार पर रखे हुए है। ईडी और एसआईटी टीम ने शुभम जायसवाल के अमर नगर में सोनिया रोड स्थित ससुराल पहुंचकर साले और परिजनों के बैंक खातों तथा प्रॉपर्टी दस्तावेजों की जांच की। बताया जा रहा है कि शुभम ने काला धन प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त में भी लगाया है। एसआईटी के अनुसार शुभम से जुड़े सभी कारोबारियों से बारी-बारी पूछताछ और रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

### यूपी से गुजरने वाली 24 ट्रेनें रद्द, ठंड और कोहरे बना कारण

**नई दिल्ली।** रेलवे ने ठंड और भारी शीतलहर के मद्देनजर 24 ट्रेनों को दो से ज्यादा महीनों के लिए रद्द कर दिया है। रेलवे के इस फैसले के चलते यूपी के यात्रियों को अच्छी-खासी परेशानी उठानी पड़ सकती है। साथ ही पहले की बनी-बनाई यात्रा की योजनाएं बिगड़ सकती हैं। यूपी में इन दिनों ठंड और कोहरे का डबल अटैक है। तापमान गिरकर 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। विजिबिलिटी भी खासी प्रभावित हुई है, कई जिलों में ख़श्यता शून्य रिकॉर्ड किया गया है। इसका असर यातायात पर भी पड़ रहा है, खासकर रेल यातायात की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

# यूपीपीएससी के बाहर प्रतियोगी छात्रों का प्रदर्शन

**प्रयागराज, वार्ता**

■ पुलिस से झड़प, हटाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग (यूपीपीएससी) की भर्ती परीक्षाओं में कथित भ्रष्टाचार को खत्म करने और पारदर्शिता की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्र-छात्राओं ने सोमवार को आयोग पर प्रदर्शन किया। अपने हाथों में पोस्टर बैनर लेकर छात्र-छात्राओं ने लोक सेवा आयोग के गेट नंबर 2 के बाहर धरना दिया और आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रतियोगी छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर हाथों में पोस्टर बैनर ले रखे थे। प्रतियोगिता छात्र छात्राओं की मांग की है कि आयोग भर्ती परीक्षाओं की संशोधित आंसर सीट की जारी करे। इसके अलावा श्रेणी वार अभ्यर्थियों का कट ऑफ मार्क्स भी जारी करे। प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच समेत कई प्रतियोगी छात्र संगठनों ने आंदोलन समर्थन दिया है। प्रतियोगी छात्रों के महा आंदोलन को लेकर पुलिस और प्रशासन पहले से अलर्ट मोड में था, जिसके चलते लोक सेवा आयोग के पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। मौके पर पुलिस, पीएसी के साथ ही आरएएफ को तैनात किया गया था। आयोग के खिलाफ धरना प्रदर्शन और आंदोलन कर रहे प्रतियोगी छात्रों को पुलिस ने फिलहाल बलपूर्वक हटा दिया है। धरने से हटाने के दौरान छात्रों से पुलिस की झड़प भी हुई। पुलिस ड्रोन कैमरे से भी छात्रों के इस आंदोलन की निगरानी कर रही है। मौके पर कई थानों की पुलिस फोर्स और कई एसीपी तैनात किए गए हैं।

### छात्रों के साथ मारपीट भाजपा के सत्ता अहंकार का द्योतक: अखिलेश

**लखनऊ।** प्रयागराज में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलनरत छात्रों के साथ दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बेरोजगारी की पीघ से गुजर रहे युवाओं के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट भाजपा के सत्ता अहंकार का प्रतीके है। यादव ने यहां एक बयान में कहा कि लोक सेवा आयोग में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्र-नौजवानों के साथ अमानवीय और दुर्व्यवहार करने का जो काम उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है, वह भाजपा का सत्ता का अहंकार है, जो अमानुषिक बनकर अपनी ताकत दिखा रहा है।

# कम नहीं है भाजपा में नए प्रदेशाध्यक्ष की चुनौतियां

**शाह टाइमस ब्यूरो**



■ अगले वर्ष प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी नेतृत्व चयन में अहम कारक रहे, सरकार के साथ संतुलन भी बैठाना होगा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को पार्टी में उत्तर प्रदेश का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के इस फैसले को 2024 के लोकसभा चुनावों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन और 2027 के विधानसभा चुनावों की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

नए प्रदेश अध्यक्ष के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। इसके अलावा अगले वर्ष प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी नेतृत्व चयन में अहम कारक रहे। ऐसे में पार्टी ने एक बार फिर ओबीसी नेतृत्व को आगे कर सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश की है। नामांकन के बाद पंकज चौधरी ने कहा कि जो पार्टी दायित्व देती है, उस पर निष्ठा से कार्य करना ही कर्तव्य है। मैं कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा और उनकी बात सुनूंगा। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से सांसद रहे हैं और फ़िलहाल गोरखपुर शहरी सीट से विधायक हैं, इसी जिले की पड़ोसी सीट महाराजगंज से पंकज चौधरी सांसद हैं। उनके सामने एक बड़ी चुनौती योगी के साथ तालमेल बैठाना भी है। इस फैसले के साथ ही राज्य में पार्टी के सबसे अहम संगठनात्मक पद को लेकर चल रही महीनों की अटकलों पर विराम लग गया। पंकज चौधरी भाजपा के 15वें प्रदेश अध्यक्ष होंगे और वह प्रदेश में पार्टी की कमान संभालने वाले चौथे कुर्मी नेता बने हैं। पंकज चौधरी को संगठन और सरकार दोनों का अनुभवी नेता माना जाता है। साल 2021 से वो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री हैं और वर्तमान में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री की ज़िम्मेदारी संभाल रहे हैं।

पार्टी संगठन में भी उनकी पकड़ मजबूत रही है। राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि भाजपा नए समीकरण की तलाश कर रही है, लेकिन इससे बहुत फ़ायदा होने की उम्मीद नहीं है। भाजपा साल 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे से डरी हुई है। इस फ़ैसले की वजह यह है कि पंकज चौधरी कुर्मी जाति से आते हैं, जिनका प्रदेश के कई जिलों में प्रभाव माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, ये समझ से परे है कि पूर्वांचल से मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का क्या औचित्य है, यह ज्यादातर ऑप्टिक्स का मामला लगता है। राजनीतिक हलकों में पंकज चौधरी योगी के विरोधी माने जाते हैं। हालांकि मुख्यमंत्री के कद के आगे उनकी बराबरी नहीं है। इसके अलावा वो कुर्मियों के सर्वमान्य नेता नहीं हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में सभी दलों से जीतने वाले सांसदों में 11 कुर्मी समुदाय से आते हैं। इस समुदाय की आबादी का गैर-आधिकारिक आंकड़ा क़रीब 7 फ़ीसदी माना जाता है।

## लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित कर बोले योगी

# नेहरू के कारण मिला उग्रवाद व अलगाववाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



नेहरू ने जम्मू कश्मीर को इतना विवादित करने का कार्य किया कि वह भारत को लगातार डसता रहा
लौह पुरुष ने हमेशा विभाजन का विरोध किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कारण कश्मीर से देश को उग्रवाद, अलगाववाद प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का यशस्वी नेतृत्व और लंबे समय तक प्राप्त होता, लेकिन देश का दुर्भाग्य रहा कि 15 दिसम्बर 1950 को उनका नश्वर शरीर जवाब दे गया। उनकी स्मृतियां, देश के प्रति सेवाएं व योगदान चिरस्मरणीय अध्याय बन गया। देश वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में सदैव लौहपुरुष का स्मरण करेगा। योगी ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के करमसद में सामान्य किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने परिश्रम से उच्च शिक्षा अर्जित की। इसके पीछे उनका उद्देश्य आजीविका प्राप्त कर विदेशी हुकुमूत की नौकरी करना नहीं, बल्कि देश- दुनिया को समझकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ भारत मां के चरणों में समर्पित करना था। देश जब आजाद हो रहा था, उस समय उन्होंने पुरजोर तरीके से भारत के विभाजन का विरोध किया। उन्होंने 567 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। योगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर रियासत कहां शामिल हो, इसे लेकर असमंजस की स्थिति थी, तब जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि मैं पहल करूंगा। जम्मू कश्मीर पं. नेहरू के हाथों में था, लेकिन उन्होंने जम्मू-कश्मीर को इतना विवादित करने का कार्य किया कि आजादी के बाद से वह लगातार भारत को डसता रहा। देश पीएम मोदी का आभारी है, जिन्होंने धारा-370 को समाप्त कर कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान के संकल्प को आगे बढ़ाया।

### किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें अधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन और प्रशासन अन्नदाता किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें।

'जनता दर्शन' कार्यक्रम में पीएसी के सिपाही ने अपनी समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए मामले के उचित निस्तारण का निर्देश दिया। शाहजहांपुर से आए किसान ने मुख्यमंत्री से धान खरीद केंद्र की लापरवाही की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### संस्कृति प्रेमियों के लिए गर्व का क्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि संस्कृति प्रेमियों के लिए गर्व का क्षण आया है, जब दुनिया के सबसे दिव्य और अलौकिक उत्सव दीपावली को यूनेस्को ने अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किए गए अपने संदेश में मुख्यमंत्री योगी ने अपील की है कि वे इस गौरवशाली यात्रा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण में भाग लें। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश 'योगी की पाती' में कहा कि यूनेस्को की इस मान्यता से न केवल भारतीय सनातन संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश के लिए भी गर्व का क्षण है।

# अखिलेश ने भाजपा के चुनावी गणित पर उठाए सवाल

**शाह टाइमस ब्यूरो**



■ पीडीए प्रहरी के कारण एसआईआर में गड़बड़ी नहीं कर सकी बीजेपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री के एक बयान का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी पर सीधा हमला बोला है।

अखिलेश यादव का कहना है कि मुख्यमंत्री स्वयं यह स्वीकार कर रहे हैं कि एसआईआर के दौरान जो लगभग चार करोड़ मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए गए, उनमें से 85 से 90 प्रतिशत भाजपा के मतदाता थे। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस बयान के कई राजनीतिक और गणितीय निहितार्थ निकलते हैं। उनका कहना है कि पहला निष्कर्ष यह है कि 'पीडीए प्रहरी' की सतर्कता के चलते एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा अपनी मनमाफिक गड़बड़ी नहीं कर सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन मतदाताओं को साक्ष्यों के अभाव में सूची से बाहर किया गया, उनमें भारी बहुमत भाजपा समर्थकों का था, जिससे यह संकेत मिलता है कि अनियमितताओं की जड़ भी भाजपा के वोट बैंक में थी। उन्होंने आंकड़ों के आधार पर कहा कि यदि चार करोड़ मतदाताओं में से न्यूनतम 85 प्रतिशत भी भाजपा समर्थक मान लिए जाएं, तो लगभग तीन करोड़ 40 लाख मतदाता कम हो गए। उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों के लिहाज से यह प्रति सीट औसतन करीब 84 हजार वोटों की कमी को दर्शाता है।



सेंसेक्स 85213.36
निफ्टी 26027.30



सोना रु. 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 192222
प्रति किलो



# रुपये के दबाव में लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



रुपए में लगातार जारी गिरावट के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 54.30 अंक (0.06 प्रतिशत) फिसलकर 85,213.36 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 19.65 अंक यानी (0.08 प्रतिशत) गिरकर 26,027.30 अंक पर रहा। रुपए पर आज भारी दबाव रहा। बीच कारोबार में यह पहली बार 90.80 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा कमजोर रही। बाजार में आज शुरुआती गिरावट रही। दोपहर बाद कुछ देर के लिए सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान को छूने में कामयाब रहे, हालांकि अंत में गिरावट में लाल निशान में ही बंद हुए। बड़ी और मझौली कंपनियों पर जहां दबाव रहा, वहीं छोटी कंपनियों में निवेशकों ने लिवाली की।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.08 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि स्मॉलकैप-100 में 0.21 प्रतिशत की तेजी देखी गई। च्वॉइस इक्विटी ब्रोकिंग के विश्लेषक अमृता शिंदे और मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियर सर्विसेज में वेल्थ मैनेजमेंट के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने बताया कि वृहद बाजार में निवेशकों ने चुनिंदा कंपनियों में खरीदारी की। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,665 के शेयर हरे निशान में और 1,468 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं 104 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। ऑटो, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही। मीडिया, एफएमसीजी, आईटी, बैंकिंग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.42 प्रतिशत चढ़ा। ट्रेंट में 0.79 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 0.70, एशियन पेंट्स में 0.53 और टाटा स्टील तथा इंफोसिस दोनों में 0.52 फीसदी की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 1.94 फीसदी गिरा।

# सोना 1.33 लाख के ऑलटाइम हाई पर, चांदी का भाव गिरा

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने के दाम ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोने की कीमत 732 रुपए बढ़कर 1,33,442 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,32,710 रुपए पर था। चांदी के दाम में आज गिरावट देखी गई है, जो 2,958 रुपए गिरकर 1,92,222 रुपए किलो हो गई है। इससे पहले ये 1,95,180 रुपए पर थी। ये इसका ऑल टाइम हाई भी है।

अलग-अलग शहरों में रेट्स अलग क्यों होते हैं? आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। जियोपॉलिटिकल-रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। रिजर्व बैंक -चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी देखी गयी। गेहूं के दाम घट गए जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 90 रुपए बढ़कर 3,842 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी।

गेहूं 22 रुपए सस्ता हुआ और 2,853 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 36 रुपए गिर गयी। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसंतन 234 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। चना दाल का भाव 151 रुपए और मसूर दाल का 132 रुपए बढ़ गया। मूंग दाल 93 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 12 रिंगिट फिसलकर 4,006 रिंगिट प्रति टन रह गया। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.02 प्रतिशत गिरकर में 50.06 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 99 रुपए और मूंगफली 87 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य में गिरावट रही। पाम ऑयल की कीमत 87 रुपए और सूरजमुखी तेल की 57 रुपए गिर गयी। सरसों तेल 53 रुपए और सोया तेल 12 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 81 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 21 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7833.90 रुपए, मसूर काली 8164.42 रुपए, मूंग दाल 10080.81 रुपए, उड़द दाल 10361.95 रुपए, तुअर दाल 10598.19 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2852.80 रुपए और चावल 3842.02 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**'मोदी तेरी...**

गई। राज्यसभा की कार्यवाही 12 बजे फिर शुरू हुई। हालांकि, लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे शुरू होते ही फिर हंगामा होने लगा, जिसके चलते कार्यवाही 2 बजे तक फिर से स्थगित कर दी गई। भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पलटवार किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हमें नहीं मालूम कि ये सब किसने कहा। रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। फिर पता चला कि किसी ने इंटरव्यू में कहा है। भाजपा को खुद नहीं पता की किसने नारेबाजी की। पूरा विवाद दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली से जुड़ा है। सोशल मीडिया पर रैली के वीडियो वायरल हुए, जिसमें कांग्रेस की महिला नेताओं और समर्थकों ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए थे। नारे लगाने वालों में कांग्रेस नेता मंजू लता मीणा भी शामिल थीं। वे जयपुर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वोट में धांधली को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है। वे नारेबाजी के जरिये वोट चोरी को लेकर जनता के गुस्से को दिखा रही थीं।

**मुगलों की...**

कांग्रेस का भी वही हाल होगा, जो औरंगजेब के समय मुगलों का हुआ था। भाजपा का आरोप है कि महिलाओं के इस ग्रुप ने पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस का भविष्य शायद वैसा ही होने वाला है, जैसा द लास्ट मुगल किताब में मुगल साम्राज्य के बारे में लिखा गया है। मुगल साम्राज्य में छह लोगों ने शासन किया - बाबर, हुमायूं, अकबर, जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब। छठी पीढ़ी के शासन के बाद मुगल साम्राज्य खत्म हो गया। इसी तरह कांग्रेस पर भी नेहरू परिवार के छह लोगों ने शासन किया है- मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी। राहुल गांधी छठे हैं, जो अभी सत्ता का आनंद ले रहे हैं। इनके बाद कांग्रेस का भी मुगलों जैसा हश्र होगा।

**अमीरों की...**

अगली सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और वकील तन्वी दुबे की दलीलों पर ध्यान दिया, जिन्होंने बांके बिहारी जी मंदिर में देवता के दर्शन के समय में बदलाव और वहां देहरी पूजा सहित कुछ आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को रोकने का विरोध किया। दीवान ने कहा कि ये दर्शन का समय परंपरा और रीति-रिवाजों का हिस्सा हैं। जिस समय मंदिर जनता के लिए खुला रहता है, वह एक लंबी परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से सख्त समय का पालन किया जाता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मंदिर के समय में बदलाव से मंदिर के आंतरिक अनुष्ठानों में बदलाव आया है, जिसमें वह समय भी शामिल है, जब देवता सुबह जागते हैं और रात में सोते हैं। सीजेआई ने मौखिक रूप से कहा कि मंदिर दोपहर 12 बजे बंद होने के बाद भगवान को एक पल भी विश्राम नहीं दिया जाता। जो लोग मोटी रकम दे सकते हैं, उन्हें विशेष पूजा की अनुमति दे दी जाती है। यह देवता के साथ शोषण जैसा है। सीजेआई ने यह भी कहा कि इसी समय में वे लोग बुलाए जाते हैं, जो पैसे दे सकते हैं और विशेष पूजाएं कराई जाती हैं, जबकि यह भगवान के विश्राम का अत्यंत पवित्र समय होता है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और अधिवक्ता तन्वी दुबे, जो मंदिर के सेवायतों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि पूजा और दर्शन के समय को पवित्र माना जाए और उसमें किसी भी तरह का बदलाव न किया जाए। याचिकाकर्ताओं ने यह भी बताया कि मंदिर में मौसम के अनुसार अलग-अलग समय-सारिणी रही है। गर्मी और सर्दी में दर्शन और पूजा के अलग नियम हैं, जो सीधे तौर पर आंतरिक अनुष्ठानों से जुड़े हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सितम्बर 2025 में जारी कार्यालय ज्ञापनों के बाद समय में जो बदलाव किए गए, उससे 'देहरी पूजा' जैसी सदियों पुरानी परंपरा बाधित हो गई। देहरी पूजा केवल गोस्वामियों द्वारा गुरु-शिष्य परंपरा के तहत की जाती है और यह मंदिर बंद होने के समय सीमित स्थान पर होती है, इसलिए भीड़ प्रबंधन के नाम पर इसे रोकना अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी दलीलें सुनने के बाद संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

# सीएम दरबार तक पहुंची नाबालिग ध्वनि की फरियाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ न्याय के बजाय शामली जनपद के ग्राम सिलवर की निवासी लौट गई निराशा लेकर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में यह सर्वविदित है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रत्येक सोमवार को जनता दरबार लगाकर आमजन की फरियाद सुनते हैं और मंगलवार को गोरखपुर में भी पीड़ितों की समस्याओं के समाधान का प्रयास करते हैं।

इसी विश्वास और उम्मीद के सहारे सैकड़ों किलोमीटर दूर शामली जनपद के ग्राम सिलवर से ध्वनि तरार अपनी फरियाद लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंची थी, लेकिन वह न्याय की उम्मीद लिए जिस दरबार में आई, वहां से उसे निराशा और टूटे विश्वास के साथ लौटना पड़ा। ध्वनि तरार ने बताया कि वह अपनी मां और एक परिचित के साथ चंडीगढ़ एक्सप्रेस में लटककर लखनऊ पहुंची। रिजर्वेशन नहीं मिला, पूरी रात सर्दी में सफर किया और सुबह करीब पांच बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंच गई। वहां बताया गया कि आठ बजे मुख्यमंत्री से मुलाकात होगी। किसी तरह इंतजार के बाद केवल ध्वनि को ही अंदर जाने दिया गया, उसकी मां को बाहर ही रोक दिया गया। अंदर पहुंचने पर अधिकारियों ने उसका प्रार्थना पत्र ले लिया और यह कहकर लौटा दिया कि कार्रवाई हो जाएगी। ध्वनि का कहना है कि वह इससे पहले भी कई बार मुख्यमंत्री दरबार में प्रार्थना पत्र भेज चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई। ध्वनि की कहानी केवल जमीन विवाद की नहीं है, यह एक ऐसी बेटी की कहानी है, जिसने पैदा होते ही पिता का साया खो दिया। ध्वनि परमजीत की पोती और गोल्डी सिंह की बेटी है। गोल्डी सिंह शराब के आदी थे। परिजनों के अनुसार शादी के बाद पत्नी सोनिया उन्हें शराब छोड़ने के लिए समझाती थी। ध्वनि के जन्म के महज डेढ़ महीने बाद पारिवारिक तनाव और हालातों के बीच गोल्डी सिंह ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। यहीं से ध्वनि का संघर्ष शुरू हो गया। कुछ समय तक वह अपनी मां के साथ रही, लेकिन सामाजिक दबाव में सोनिया को दूसरे गांव में विवाह करना पड़ा। ध्वनि को बागपत जनपद के खंडेरा गांव में उसके नाना के यहां शरण मिली। उधर उसके दादा परमजीत बीमार रहते थे। उन्होंने अपनी जमीन अपनी पत्नी के नाम वसीयत कर दी थी और बाद में दो हजार ड्डीस में ध्वनि के नाम दाखिल-खारिज भी हो गया। लेकिन जैसे ही उसकी दादी का देहांत हुआ, ध्वनि के चचेरे दादाओं और चाचाओं की नीयत बदल गई। ध्वनि का आरोप है कि उसके चचेरे दादा, दो चाचा और एक चचेरा भाई उसकी करीब तीस बीघा जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। जिस मकान में वह मां के पास रह रही है, उसकी जमीन पर भी चचेरे भाई ने कब्जा कर लिया। पिछले चार-पांच वर्षों से वह तहसील, थाना और प्रशासनिक द"तरों के ङ्खर काट रही है, लेकिन कहीं से राहत नहीं मिली। उलटे उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए गए, जमीन के कागजों में हेराफेरी कराई गई और दाखिल-खारिज तक रुकवा दिया गया। ध्वनि ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शामली जनपद का भाजपा जिलाध्यक्ष उसके चचेरे दादाओं का साथ दे रहा है। उसका कहना है कि कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी इस पूरे मामले में दबाव बना रहे हैं। अब तो स्थिति यह है कि उसके अस्तित्व तक पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। चचेरे परिजनों ने प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर यह तक कह दिया कि ध्वनि उनके भाई की बेटी नहीं है, बल्कि किसी और की लड़की है, जिसे विधवा बहू के जरिए लाया गया है। जबकि पूरा गांव जानता है कि ध्वनि परमजीत की पोती और गोल्डी सिंह की बेटी है।

# युवा पीढ़ी को स्किल्ड बनाने की जरूरत:सुबोध

**विकसित भारत 2047 के संकल्प के साथ पीआरएसआई के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का भव्य समापन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीक का युग: सुबोध उनियाल**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन सोमवार को भव्य रूप से संपन्न हो गया। अधिवेशन के समापन सत्र में उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं वन मंत्री सुबोध उनियाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देशभर से आए जनसंपर्क, संचार एवं मीडिया क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। अधिवेशन के दौरान समसामयिक विषयों, जनसंचार की भूमिका, तकनीकी बदलावों और राष्ट्र निर्माण में संचार के योगदान पर गहन मंथन हुआ।

समापन अवसर पर अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि वर्तमान युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीक का युग है। ऐसे में देश की युवा पीढ़ी को अधिक स्किल्ड और दक्ष बनाना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि हम सभी का उद्देश्य भारत को एक मजबूत आर्थिक शक्ति बनाना होना चाहिए और इसमें जनसंचार से जुड़े लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने देशभर से आए प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे सकारात्मक, तथ्यपरक और राष्ट्रहित में संवाद को आगे बढ़ाएं।

### सारथी की भूमिका निभाएं देशभर से आए प्रतिनिधि: उमेश शर्मा

अधिवेशन की अध्यक्षता कर रहे विधायक उमेश शर्मा 'काऊ' ने पीआरएसआई की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि विक. सित भारत के निर्माण में जनसंचार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा संच. ालित जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सेतु और सारथी की भूमिका निभाएं, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके

### 2027 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने का लक्ष्य निर्धारित : आलोक शर्मा

इस अवसर पर इंडियन ऑयल फरीदाबाद के डायरेक्टर आलोक शर्मा ने ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में इंडियन ऑयल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी का लक्ष्य कच्चे तेल के आयात को कम करना है। उन्होंने बताया कि 2027 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही बायो फ्यूल, अफोर्डेबल और सस्टेनेबल एनर्जी को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

### जनसंचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोग सम्मानित

पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पाठक ने आयोजन को अभूतपूर्व बताते हुए देहरादून चौप्टर की प्रशंसा की। उन्होंने देशभर से आए प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के अधिवेशन जनसंचार के क्षेत्र को नई दिशा देते हैं।कार्यक्रम के दौरान जनसंचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। उनियाल ने पीआरएसआई की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था ने न केवल जनसंचार को मजबूती दी है, बल्कि देश की सनातनी संस्कृति और मूल्यों को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाई है।

### पीआरएसआई की अगली राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस वर्ष 2026 में भुवनेश्वर में होगी: रवि बिजारनिया

पीआरएसआई देहरादून चौप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पीआरएसआई सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था मानवीय जीवन मूल्यों और तकनीक को साथ लेकर चल रही है तथा जनता को सकारात्मक और तथ्यपरक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पीआरएसआई की अगली राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस वर्ष 2026 में भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित की जाएगी। अंत में राष्ट्रगान के साथ तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का औपचारिक समापन किया गया।

# पीएम के अपमान पर सार्वजनिक माफी मांगे कांग्रेस नेतृत्व : भट्ट

**कहा - कांग्रेस ने मुहब्बत की दुकान में नफरत के सामान का लगाया हुआ है भंडार**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने दिल्ली रैली में पीएम को लेकर लगे नफरती मान. सिकता वाले नारों की कड़ी आला. चना करते हुए, कांग्रेस आलाकमान से तत्काल सार्वजनिक माफी मांगने को कहा है।प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि ऐसे कृत्यों को संरक्षण देने के कारण ही कांग्रेस पार्टी और नेहरू परिवार लगातार रसातल में जा रहे हैं ।

शीघ्र मुगल वंश की तरह उनका भी पूरी तरह राजनैतिक पतन होना तय है।भट्ट ने पीएम की कब्र खुदने जैसे शर्मनाक एवं आपत्तिजनक नारेबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं के उल्लंघन की पराकाष्ठा है। उन्होंने इसकी तीखी निंदा करते हुए कहा कि लगातार पराजय से कांग्रेस पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता सभी लोकतांत्रिक मर्यादाओं का हनन कर रहे हैं। इससे पूर्व भी अनेकों अवसर पर कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने पीएम और उनकी दिवंगत माताजी पर अपमानजनक टिप्पणी की हैं। एक बार फिर से, जिस तरह प्रधानमंत्री की कब्र खुदने जैसी घृणित एवं शर्मनाक नारेबाजी की गई वह स्पष्ट करती है कि ऐसे नेताओं को कांग्रेस आलाकमान की शह है।उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम के बाद कांग्रेस का हश्र भी मुगलों जैसा होने जा रहा है। यदि वे लगातार ऐसी बातें करते रहे और उनके नेता सार्वजनिक माफी भी नहीं मांगते हैं तो बची खुची कांग्रेस पार्टी भी राजनैतिक रूप से पूरी तरह दफन हो जाएगी।मुहब्बत की दुकान में उन्होंने नफरत के समान का भंडार लगाया है। यही वजह है कि वहां ऐसे गालीबाज नेताओं को संरक्षण देकर आगे बढ़ाया जाता है। देश की जनता ने पहले भी कांग्रेस को करारा सबक सिखाया है और आने वाले चुनावों में भी उन्हें किसी कीमत पर बख्शने नहीं वाली है।

# सेवानिवृत्ति आंगनबाड़ी को मिलेंगे एक लाख: रेखा आर्या

**एकल महिला स्वरोजगार योजना का पैसा जनवरी में होगा जारी ,आंगनवाड़ी सुपरवाइजर पदों पर प्रमोशन के लिए विज्ञप्ति अगले सप्ताह**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नए वित्तीय वर्ष से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को रिटायरमेंट पर न्यूनतम 100000 की सहायता राशि मिलेगी। इस निर्णय पर सहमति बनने के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को इसके निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री की सचिवालय स्थित एचआरडीसी सभागार में आयोजित बैठक में कई योजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को रिटायरमेंट के समय अभी 35 से 40 हजार रुपए मिलते है। इसे बढ़ाने के लिए विभाग काफी समय से प्रयासरत था। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के भी ₹300 प्रतिमाह योगदान की आवश्यकता थी, इसलिए उनकी सहमति लेना भी आवश्यक था। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगठनों की सहमति मिलने के बाद उन्होंने इसके निर्देश जारी कर दिए हैं। अगले साल 1 अप्रैल से जो भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री रिटायर होगी उन्हें इसका लाभ मिलेगा।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत अभी तक छह जनपदों के कुल 504 प्रस्तावों को स्वीकृति दी जा चुकी है । अन्य जनपदों के आवेदनों पर अभी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत 504 आवेदकों को धनराशि जारी करने के लिए जनवरी प्रथम सप्ताह में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इस साल नंदा गौरा योजना के लिए आए आवेदनों की भी बैठक में समीक्षा की गई। इस वर्ष इस योजना के तहत अभी तक 45000 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं, जो कि अब तक की सर्वाधिक संख्या है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि आवेदन की तारीख 20 दिसंबर तक है इसलिए अभी आवेदन की संख्या और बढ़ सकती है। उन्होंने बैठक में 15 जनवरी के आसपास पात्र अभ्यर्थियों को पैसा जारी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि वर्तमान में इस श्रेणी के तहत रिक्त 88 पदों पर प्रमोशन के लिए विज्ञप्ति एक सप्ताह के भीतर जारी कर दी जाएगी।प्रदेश के दूरस्थ के इलाकों की वृद्ध महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक संबल देने के लिए एक योजना अगले साल लॉन्च की जानी है।इस योजना के लिए अभी 8 करोड रुपए का फंड उपलब्ध है।

बैठक में विभागीय सचिव चंद्रेश कुमार यादव, महिला सशक्तिकरण निदेशक बंसीलाल राणा, उपनिदेशक विक्रम सिंह, नीतू फुलेरा आदि उपस्थित रहे।

# जंगल में भालू से भयभीत होकर पहाड़ी से गिरा एक व्यक्ति

**उत्तरकाशी:** जिले में भालू का तांडव जारी है सोमवार को जंगल में लकड़ी लेने गया एक व्यक्ति व्यक्ति भालू से भयभीत होकर पहाड़ी की ओर भागने पर पहाड़ी से गिरकर घायल हुआ है। जिसे परिजनों ने 108 आपातकालीन सेवा के माध्यम से जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में उपचार के भर्ती किया गया है। इधर राजस्व उप निरीक्षक डिडसारी बताया कि ग्रामीणों ने सोमवार को सूचना दी कि सोमवार को दोपहर को दिनेश लाल पुत्र वचन लाल निवासी ग्राम बयाना तहसील- भटवाड़ी ,जिला उत्तरकाशी वाला जंगल मे लकड़ी लेने गया था जंगल में अचानक भालू दिखने पर उक्त व्यक्ति भालू से भयभीत होकर पहाड़ी की ओर भागने पर पहाड़ी से गिरकर घायल हुआ है। जिसका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

# आईआईएससी बेंगलुरू में विज्ञान की बारीकियां सीखेंगे शिक्षक

**प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण में 95 विज्ञान शिक्षक लेंगे हिस्सा**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** सूबे के राजकीय विश्व. विद्यालयों एवं शासकीय महाविद्यालयों में विज्ञान संवर्ग के शिक्षकों को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) बेंगलुरू में उन्त वैज्ञानिक प्रशिक्षण व विज्ञान की बारीकियां सिखाई जायेगी। उच्च विभाग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये विभिन्न विषयों के अंतर्गत 95 शिक्षकों का चयन किया गया है। जिन्हें आगामी 28 दिसम्बर 2025 से 12 जनवरी 2026 तक आईआईएससी बेंगलुरू में प्रशिक्षण दिया जायेगा।उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राजकीय विश्वविद्यालयों एवं शासकीय महाविद्यालयों में प्रयोगात्मक व शोधात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देकर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करना है।

जिस हेतु विभाग ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरू के साथ एमओयू साइन किया है। जिसके तहत प्रदेश के विज्ञान शिक्षकों को आईआईएससी में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि विज्ञान संवर्ग के शिक्षकों के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 28 दिसम्बर 2025 से 12 जनवरी 2026 के बीच आयोजित किया जायेगा। जिस हेतु प्रदेशभर के कुल 95 विज्ञान शिक्षकों का चयन किया गया है। जिसमें भौतिक विज्ञान के 25, रसायन विज्ञान 23, गणित 17, वनस्पति विज्ञान 15 तथा जन्तु विज्ञान के 15 शिक्षक शामिल है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को विज्ञान के गहन एवं सूक्ष्म पहलुओं, नवीन सिद्धांतों, आधुनिक प्रयोगों से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि शासन स्तर से निदेशक उच्च शिक्षा एवं राज्याधीन विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को आपसी समन्यव स्थापित कर प्रतिभागी विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु निर्देश दे दिये गये हैं। विभाग का मानना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिसका लाभ विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं को मिलेगा। प्रथम चरण में 84 विज्ञान शिक्षकों ने आईआईएससी में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# कॉरपोरेट कम्युनिकेशन में रणनीतिक सोच की आवश्यकता: यू.एस.शर्मा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के राष्ट्रीय अधिवेशन के तीसरे दिन आयोजित पांचवें सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर क्राइम और मिसइन्फॉर्मेशन जैसे समसामयिक और गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

छठवें सत्र में पीआरएसआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यू.एस. शर्मा ने कॉरपोरेट कम्युनिकेशन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की छवि निर्माण में संचार रणनीति की अहम भूमिका होती है। कॉरपोरेट कम्युनिकेशन केवल सूचना देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह संगठन की विश्वसनीयता और पहचान बनाने का मजबूत आधार है। आज के डिजिटल युग में पारदर्शिता, त्वरित प्रतिक्रिया और विश्वसनीय कंटेंट सबसे अहम हैं। पीआर प्रोफेशनल्स को बदलते मीडिया परिदृश्य को समझते हुए रणनीतिक और नैतिक संचार को अपनाना चाहिए।

### आरईसी में कॉरपोरेट कम्युनिकेशन हितधारकों से संवाद का जरिया :इरफान रसीद

इरफान रसीद, मैनेजर कॉरपोरेट कम्युनिकेशन, आरईसी ने संगठन के पीआर और कम्युनिकेशन मॉडल पर प्रकाश डाला। आरईसी में कॉरपोरेट कम्युनिकेशन को केवल प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि हितधारकों से संवाद का जरिया माना जाता है। मीडिया, सोशल प्लेटफॉर्म और डिजिटल माध्यमों के जरिए हम पारदर्शी और जिम्मेदार संचार पर जोर देते हैं। एक मजबूत पीआर रणनीति संगठन की साख और विश्वास को लंबे समय तक बनाए रखने में सहायक होती है।

### टीएचडीसी, पर्यावरण संरक्षण और पीआर की भूमिका- डॉ. त्रिपाठी

सत्र में डॉ. अमरनाथ त्रिपाठी, चीफ जनरल मैनेजर (एचआर एंड कॉरपोरेट कम्युनिकेशन), टीएचडीसी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और टिहरी डैम की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।

टीएचडीसी भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र में स्वच्छ और संरक्षित ऊर्जा को अपनाने का उत्कृष्ट उदाहरण है। टिहरी डैम इंजीनियरिंग का अभूतपूर्व नमूना है, जो इको-टूरिज्म और जल क्रीड़ा के लिए भी उपयुक्त है। 2036 तक टिहरी डैम को विश्व के सर्वश्रेष्ठ वाटर स्पोर्ट्स डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। इसकी पहचान बनाने में पीआर और मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# जोशी ने लिया डाकरा बाजार में सुधारीकरण और चौड़ीकरण कार्यों का जायजा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को गढ़ी कैंट के डाकरा बाजार के सुधारीकरण और चौड़ीकरण के कार्यों का मौके पर जाकर जायजा लिया।काबीना मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि न्यायालय द्वारा चिन्हित अतिक्रमणों के विरुद्ध नियमानुसार कार्य किया जाए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों को नुकसान ना पहुंचे, न्यायसंगत तरीके से कार्य किया जाए।

# 249.56 करोड़ की सहायता से मजबूत होगा प्रदेश का आधारभूत ढांचा:सीएम

**केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को दी 249.56 करोड़ की दूसरी किस्त,विकास कार्यों को मिलेगी गति, विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना के तहत उत्तराखंड को बड़ा वित्तीय सहयोग2025.26 में अब तक उत्तराखंड को केंद्र से 847.49 करोड़ की वित्तीय मदद**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्र सरकार ने उत्तराखंड राज्य को विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना 2025-26 के अंतर्गत ₹249. 56 करोड़ की दूसरी किस्त जारी कर दी है। यह राशि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा राज्य सरकार को प्रदान की गई है। इस सहायता से राज्य में विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को और अधिक गति मिलने की उम्मीद है।

इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वित्तीय सहायता उत्तराखंड के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, जनोपयोगी विकास कार्यों को आगे बढ़ाने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह सहयोग राज्य के आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार केंद्र और राज्य के समन्वय से प्रदेश के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राप्त धनराशि का उपयोग पूंजीगत परियोजनाओं, जैसे सड़क, पुल, शहरी एवं ग्रामीण अधोसंरचना, पेयजल, ऊर्जा और अन्य विकास कार्यों में पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध तरीके से किया जाएगा, ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री धामी ने यह भी कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सभी परियोजनाएं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण हों और उनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की देरी न हो।

उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के माध्यम से न केवल प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड को कुल ₹847.49 करोड़ की सहायता ऋण स्वरूप प्रदान की जा चुकी है। इस वित्तीय सहयोग से राज्य में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं और परियोजनाओं को नई गति मिली है, जिससे उत्तराखंड के संतुलित, समावेशी और सतत विकास को मजबूती मिलेगी।

# किफायती आवास से हरियाली तक, एमडीडीए बदल रहा देहरादून की तस्वीर

**पीआरएसआई अधिवेशन में एमडीडीए के स्टाल ने खींचा देशभर के प्रतिनिधियों का ध्यान**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) का स्टाल देशभर से आए जनसंपर्क और संचार विशेषज्ञों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। देहरादून में अपना घर बनाने का सपना हर व्यक्ति देखता है और इसी सपने को साकार करने की दिशा में एमडीडीए योजनाबद्ध और दूरदर्शी तरीके से कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन और एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के कुशल नेतृत्व में प्राधिकरण न केवल देहरादून को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित शहर बनाने में जुटा है, बल्कि आम आदमी को किफायती, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल आवास उपलब्ध कराने के लिए भी लगातार प्रयासरत है। पीआरएसआई अधिवेशन में एमडीडीए द्वारा प्रस्तुत की गई आवासीय और पर्यावरणीय योजनाओं ने प्रतिभागियों को विशेष रूप से प्रभावित किया।

### आवासीय योजनाओं को मिल रही गति

शहर की बढ़ती आबादी और बदलती शहरी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एमडीडीए ने आवासीय परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया है। हाल ही में नए आवासीय प्रोजेक्ट्स के लिए लैंड बैंक तैयार करने का निर्णय लिया गया है, ताकि भविष्य में किफायती आवा. सों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। आईएसबीटी और आमवाला तरला जैसी सफल आवासीय योजनाओं के बाद अब धौलास आवासीय परियोजना पर विशेष फोकस किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त ट्रांसपोर्ट नगर और सहस्रधारा रोड क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी वर्ग के लिए आवासीय योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

### पर्यावरण संरक्षण के साथ सौंदर्यीकरण

एमडीडीए शहर के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संरक्षण को भी समान प्राथमिकता दे रहा है। सहस्रधारा रोड पर लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया सिटी फॉरेस्ट पार्क अब दून की नई पहचान बनता जा रहा है। यहां वॉकवे, फूलों की क्यारियां, ट्री हाउस और कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं लोगों को प्रकृति से जोड़ रही हैं। मसूरी में ईको पार्क और मॉल रोड के सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रगति पर है। इसके साथ ही शहर में 69 पार्कों के विकास और हरियाली बढ़ाने की योजनाएं निरंतर जारी हैं।

### देहरादून को स्वच्छ, हरा-भरा और रहने योग्य शहर बनाना हमारी प्राथमिकता : तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि देहरादून को स्वच्छ, हरा-भरा और रहने योग्य शहर बनाना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए आवास, पर्यावरण और आधारभूत ढांचे पर एक साथ काम किया जा रहा है। हमारी को. शिश है कि आम आदमी को किफायती दरों पर बेहतर आवास मिले और शहर का विकास प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर हो। आने वाले वर्षों में एमडीडीए की योजनाएं न केवल आवासीय समस्या का समाधान करेंगी, बल्कि देहरादून को पर्यटन और निवेश के लिहाज से भी और अधिक आकर्षक बनाएंगी।

### पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता हमारी कार्यप्रणाली का आधार : बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण की सभी योजनाएं सुनियोजित तरीके से लागू की जा रही हैं। पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता हमारी कार्यप्रणाली का आधार है। लैंड बैंक तैयार करने से भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जा सकेंगी।

# उपनल कार्मिकों की मांगों का जीओ जारी करने की मांग

**उपनल कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने सैनिक कल्याण मंत्री जोशी से की मुलाकात**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से सोमवार को उनके कैंप कार्यालय में उपनल कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी को अवगत कराया कि राज्य सरकार के अधीन विभाग/संस्था में 12 वर्ष या उससे अधिक की निरंतर सेवा पूर्ण करने वाले उपनल कार्मिकों को न्यूनतम वेतनमान एवं महंगाई भत्ता, समान कार्य-समान वेतन और नो-वर्क नो-पे प्रकरण का शीघ्र जीओ जारी करने की मांग की।

मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिनिधि मंडल को सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार उपनल कर्मियों के हितों को लेकर संवेदनशील है और उनके कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर उपनल कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद गोदियाल, महामंत्री विनय प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ब्लाइंड मर्डर में पीआरडी जवान के गिरेबान तक पहुंचे पुलिस के हाथ

## लमगड़ा क्षेत्र में हुई थी महिला की हत्या, हल्द्वानी में सुनार को बेचा था लूट का गोलबंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** लमगड़ा क्षेत्र के सांगड़ साहू गांव में हुई महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने अनावरण कर लिया है। टीम ने हत्यारोपी पीआरडी जवान को गिरफ्तार किया।

मिली जानकारी के अनुसार गंगा देवी पत्नी मोहन सिंह की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर गलोबन्द लूट लेने की सूचना मिली। पुलिस द्वारा मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचनात्मक कार्यवाही शुरु की। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी देवेंद्र पींचा द्वारा तत्काल सांगड़ साहू गांव पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। फॉरेंसिक यूनिट को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। हत्याकांड का शीघ्र अनावरण करने व संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए एएसपी हरबंस सिंह व सीओ गोपाल दत्त जोशी के पर्यवेक्षण में निरीक्षक भुवन चंद्र जोशी, प्रभारी एसओजी थानाध्यक्ष लमगड़ा प्रमोद



पाठक, थानाध्यक्ष धौलछीना सुनील सिंह बिष्ट, थानाध्यक्ष दन्या दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। महिला का घर एकांत में होने व आस-पास कोई सीसीटीवी कैमरा न होने तथा किसी व्यक्ति की मृतका व परिवार के साथ रंजिश न होने के कारण पुलिस टीम के लिये हत्या का खुलासा करना काफी चुनौतीपूर्ण हो गया था। हत्या का खुलासा करने के लिए पुलिस टीमों द्वारा थाना लमगड़ा क्षेत्र से लेकर हल्द्वानी तक लगभग 400 सीसीटीवी का गहन अवलोकन किया। मुखबिर तंत्र को मजबूत कर संदिग्ध पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी जा रही थी। साथ ही सर्विलांस की मदद से जानकारी जुटाई गई तथा इस दौरान लगभग 100 व्यक्तियों से पूछताछ कर जानका. रियां जुटाई गई। हत्या के खुलासे के लिए गठित की गई टीमों के प्रत्येक दिवस की कार्यवाही की समीक्षा एसएसपी द्वारा स्वयं की जा रही थी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे थे। मैनुअल, सर्विलांस, फॉरेंसिक साक्ष्य संकलन, टैक्निकल टीमों के समन्वय से पुलिस टीमों के संयुक्त प्रयासों से रविवार को अभियुक्त गोपाल सिंह पुत्र स्व. दीवान सिंह निवासी सांगड़ साहू क्वार्बी लमगड़ा को पूछताछ के लिये थाने लाया गया, जिसके कब्जे से 1,20,500 बरामद हुए तो सख्ती से पूछताछ करने पर उसके द्वारा गंगा देवी की हत्या कर गलोबन्द लूटना कबूल किया गया। तत्पश्चात अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई। अभियुक्त गोपाल सिंह की निशानदेही पर हल्द्वानी में सुनार की दुकान से गलोबन्द बरामद की गई। हत्याकांड का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल द्वारा 15 हजार रुपये व एसएसपी द्वारा 10 हजार रुपये के नगद ईनाम से पुरस्कृत किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी एसओजी भुवन चंद्र जोशी, आरक्षी राकेश भट्ट, राजेश भट्ट, इरशाद उल्ला, चंदन सिंह, हरीश व हेड कांस्टेबल फिरोज खान, लमगड़ा थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक, चौकी प्रभारी मोरनौला नरेश को. हली, चौकी प्रभारी जैती दिनेश सिंह परिहार, एएसआई धर्मेंद्र यादव, हेड कास्टेबल देवराज सिंह, दिनेश कार्की, मुकेश टंगड़िया, दीवान बोरा, विजय बहुगुणा, मनीषा, मुन्नी पंत, मोहन सिंह, थानाध्यक्ष दन्या दिनेश नाथ महंत, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, थानाध्यक्ष धौलछीना सुनील सिंह बिष्ट, सुरेन्द्र सिंह, कुंदन आदि कार्मिक शामिल रहे।

### अभियुक्त ने ऐसे दिया घटना को अंजाम

**अल्मोड़ा।** पुलिस पूछताछ में अभियुक्त गोपाल सिंह ने बताया कि वह पीआरडी में कार्यरत है, साथ ही गांव में और लोगों के साथ-साथ मोहन सिंह (गंगा देवी के पति) के यहां भी खेत जोतने का कार्य करता था। जिससे उसे मजदूरी के रुप में पैसे मिल जाते थे। अभियुक्त पुत्री की शादी नवंबर माह के अंत में तय थी, जिसके लिए वह पैसों का इंतजाम नहीं कर पा रहा था। गंगा देवी ने उसे लड़की की शादी के लिए 25 हजार रुपये देने का वादा किया था। 14 नवंबर को गोपाल सिंह मृतका गंगा देवी के घर पहुंचा और रुपये मांगने पर गंगा देवी ने रुपये नही दिये तो गलोबन्द से उसका गला दबाकर कान के कुंडल भी नोचने का प्रयास किया, डोरी में बधा होने के कारण नही ले पाया। गंगा देवी की सांसे रुकने के बाद गोपाल ने गलोबन्द निकालकर महिला को बेड में सुलाया और कंबल डालकर घर को चला गया। गोपाल ने गलोबन्द को एक पत्थर के नीचे छुपा दिया था, जब पुलिस द्वारा पूछताछ की जाने लगी तो डर के कारण गलोबन्द का कुछ नहीं किया। जैसे तैसे 30 नवंबर को उसने अपनी लड़की की शादी कर दी। जब उसे लगा कि पुलिस का ध्यान उसकी ओर नही है, तब गलोबन्द बेचने हल्द्वानी चला गया। उसने झूठ बोलकर हल्द्वानी में एक सुनार की दुकान पर मृतका गंगा देवी का गलोबंद एक लाख छब्बीस हजार में बेच दिया था।

## सल्ट में 29 किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान सल्ट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग मामलों में तीन युवको को गांजे के साथ दबोचा लिया। आरोपियों के कब्जे से कुल 29.08 किलो गांजा बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सल्ट पुलिस और एसओजी की टीम ने क्षेत्र के रगड़गाड़ बैण्ड चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मोटरसाईकिल संख्या यूके 18-5427 को रोका गया। तलाशी लेने पर मोटरसाईकिल में सवार राज. ेश कुमार पुत्र अतर सिंह, निवासी कुण्डेश्वरी थाना काशीपुर जिला ऊधम. सिंह नगर के कब्जे से 12.585 किलो गांजा बरामद हुई। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस ने बाइक संख्या यूके 06 एएस 6873 पर सवार आरोपी अलाउद्दीन पुत्र अली मोहम्मद और नौशाद पुत्र शाहिद, दोनों निवासी अलीगंज थाना भगतपुर मुरादाबाद यूपी के कब्जे से 16.495 किलो गांजा बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर गांजे को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर तीनों युवकों को गिरफ्तार किया। टीम में अपर उप निरीक्षक दीवान सिंह, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश, कांस्टेबल गणेश दत्त पाण्डे शामिल रहे।

## विवेचना अधिकारी पर नाबालिग को बालिग दिखाकर न्यायालय को गुमराह करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** बलात्कार के एक मामले में विवेचना अधिकारी ने आरोपी को लाभ पहुंचाने के इरादे से पीड़िता को नाबालिक की जगह बालिक दिखाकर न्यायालय को गुमराह किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। विदित हो कि आईटीआई क्षेत्र निवासी एक पीड़िता ने 10 दिसंबर 2019 को आईटीआई थाना पुलिस में अपने साथ बलात्कार किए जाने का आरोप लगाते हुए ग्राम बरखेड़ा पांडे निवासी दीपक सागर पुत्र राजेश कुमार, उसकी बहन व कुछ अन्य के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज कराते समय पीड़िता ने स्वयं को 15 वर्ष की नाबालिक बताते हुए अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र भी पेश किए थे। सूत्र बताते हैं कि इस मामले में विवेचना अधिकारी ने आरोपी दीपक सागर को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से दीपक सागर के अलावा उसकी बहन समेत अन्य सभी लोगों के नाम जांच में हटाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीएससी रूद्रपुर न्यायालय में धारा 376, 506 आईपीसी में आरोप पत्र प्रेषित किया। जबकि पीड़िता ने न्यायालय में स्वयं बयान दर्ज कराते हुए खुद को नाबालिक बताया था। बाद में पीड़िता द्वारा अपने अधिवक्ता संजीव कुमार आकाश के माध्यम से कोर्ट में अंतर्गत धारा 216 सीआरपीसी प्रार्थना पत्र दिया। आरोपी के अधिवक्ता द्वारा आपत्ति यह कहते हुए दी गई की अनावश्यक रूप से वाद को लम्बित करने के उद्देश्य से दिया है जिसमें न्यायालय द्वारा तथ्यों की जानकारी हेतु शैक्षिक प्रमाण पत्र व संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य, राजस्व निरीक्षक के बयान अंकित कराने के उपरांत पाया गया कि पीड़िता घटना के समय नाबालिक होना प्रतीत होता है। जिससे आरोपी दीपक सागर को पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत आरोप विचरित किया जाना न्याय संगत है। न्यायालय ने अब आरोपी को 5/6 पॉक्सो अधिनियम हेतु 12 जनवरी 2026 को कोर्ट में पेश होने का आद. ेश दिया है। न्यायालय के इस निर्णय से पीड़िता को अब न्यायालय से उम्मीद की किरण जागी है।

# राजेश शुक्ला ने दिलाई सदस्यों को शपथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**शांतिपुरी।** सोमवार को बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति शांतिपुरी के नवनिर्वाचित बोर्ड पदा. धिकारियों का शपथ ग्रहण एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अध्यक्ष समेत सभी बोर्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उन्हें पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया। वही विधायक शुक्ला क्षेत्र के ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में सहका. रिता से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि भारत सरकार की बहुआयामी योजनाओं का लाभ सहकारिता के माध्यम से उठाकर स्वरोजगार के नए अवसर सृजित



पूर्व विधायक ने सहकारिता से जुड़ने की अपील की

किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इससे किसानों की आय में वृद्धि संभव है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पूर्व सैनिक मोहन सिंह रावत ने उपस्थित किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति के माध्यम से किसानों के हित में आमूलचूल परिवर्तन किए जाएंगे। उन्होंने पारदर्शिता के साथ कार्य करने और समिति को पुन: लाभ की स्थिति में लाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता बिशन सिंह मेहरा, ग्राम प्रधान दीपा कांडपाल, मोहन पाण्डे एवं सैनिक संगठन अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद जोशी ने संबोधित किया। इस दौरान दिग्विजय सिंह खाती, प्रधान दुग्ध संघ डायरेक्टर इंद्र मेहता प्रधान शांतिपुरी नंबर दो कविता तिवारी, लीला पाण्डे, हेमा ठठोला, टीकम सिंह कोरंगा, पूरन सिंह कोरंगा, कैलाश जोशी, राम सिंह मेहता, जितेन्द्र गौतम, कमल ठठौला, चंद्रमोहन जोशी, बिजेन्द्र जोशी, ईश्वर दानू, कै. देवेन्द्र सिंह कोरंगा, जगदीश काण्डपाल समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# लालकुआं से रांची बालिकाओं की फुटबाल टीम रवाना



शाह टाइम्स संवाददाता

**लालकुआं।** लालकुआं से झारखंड रांची में आयोजित होने वाली 69वें स्कूल गेम्स ऑफ फेडरेशन ऑफ इंडिया में बालिका फुटबॉल के लिए क्षेत्र के 15 बच्चों का चयन हुआ है। जिनको लालकुआं रेलवे स्टेशन से रांची के लिए प्रस्थान करने के दौरान सांसद अजय भट्ट ने कोच व सभी खिलाड़ियों को दूरभाष से शुभकामनाएं प्रेषित कीं। श्री भट्ट ने सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कोच वीरेंद्र सिंह दानू से भी बात करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन पर सांसद प्रति. निधि लक्ष्मण खाती, व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, मीडिया प्रभारी अभिषेक सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए रवाना किया।

# राज्यपाल से कुलपति की शिष्टाचार भेंट

शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति प्रोफेसर डा.



मनमोहन सिंह चौहान ने उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध एवं प्रशासनिक प्रगति से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा अब तक किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक कार्यों एवं अनुसंधान गतिविधियों की सराहना की तथा इसे राज्य और राष्ट्र के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। भेंट के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को सात प्रमुख प्राथमिक क्षेत्रों-उन्नत गुणवत्ता बीज उत्पादन, शहद उत्पादन, मोटे अनाज (मिलेट्स), सेमीकंडक्टर, बागवानी फसलें जैसे ड्रैगन फ्रूट एवं कीवी, ड्रोन तकनीक तथा सुगंधित (एरोमा) फसलों-में अनुसंधान एवं नवाचार को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन सभी क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को विशेष रूप से केंद्र में रखने पर बल दिया।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने राज्यपाल को आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय उनके मार्गदर्शन में इन प्राथमिक क्षेत्रों में ठोस कार्ययोजना बनाकर अनुसंधान, नवाचार और विस्तार गतिविधियों को नई दिशा देगा।

**सूचना: सम्बंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सरफराज़ हुसैन उर्फ शानू व पुत्रवधु ईरम (पत्नी सरफराज़ हुसैन उर्फ शानू) को परिवार के सदस्यों के साथ अभद्रता व गलत व्यवहार के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे सम्बंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**शबीना खातून**
पत्नी स्व. मुश्ताक हुसैन
निवासी: बड़ी मस्जिद, इंदिरा नगर
हल्द्वानी (नैनीताल)

**सूचना-नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे डी.एल. संख्या UK-042011070288 में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश अकील हुसैन (AKEEL HUSAIN) अंकित हो गया है। जबकि उनका वास्तविक नाम आकिल हुसैन (AAQIL HUSSAIN) है।

**अरशद हुसैन**
पुत्र श्री आकिल हुसैन
निवासी:- निकट हिमालय स्कूल, गौजाजाली उत्तर, न्यू फ्रेंड्स कालोनी, हल्द्वानी (नैनीताल)

# एसआईआर वोट से वंचित करने का प्रयास

शाह टाइम्स संवाददाता

**लालकुआं।** भाकपा (माले) की दो दिवसीय 15-16 दिसंबर की राज्य कमेटी की बैठक पार्टी कार्यालय, दीपक बोस भवन, बिंदुखत्ता में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य की मौजूदगी में शुरू हुई। बैठक की शुरुआत कामरेड राजा बहुगुणा और कामरेड अखिलेश ठाकुर को एक मिनट के मौन स्वरूप श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले महासचिव कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि बुलडोजर राज और मोदी की फासीवादी सत्ता के खिलाफ एक मजबूत और परिपक्व गठबंधन आज की जरूरत है। कामरेड दीपांकर ने कहा कि जनता को




भाकपा माले की दो दिवसीय राज्य कमेटी की बैठक

डेमोग्राफी बदलाव का डर दिखाकर गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। धार्मिक विभाजन की आड़ में बीमा क्षेत्र सौ फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की घोषणा कर दी गई है। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण का विधेयक संसद में ले आया गया है। उच्च शिक्षा को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए उच्च शिक्षा आयोग बनाने की ओर मोदी सरकार कदम बढ़ा रही है। माले महासचिव ने कहा कि एसआईआर वोट देने के अधिकार, लोकतंत्र और संविधान पर हमला है, जो वोट के लोकतांत्रिक अधिकार से नागरिकों के एक हिस्से को वंचित करने का षड़यंत्र है। पार्टी एसआईआर के जरिये किसी भी कमजोर समुदाय को निशाना बना कर वोट के अधिकार से वंचित करने के को. शिशों का पुरजोर विरोध करेगी और वंचित किये जा रहे तबकों के साथ मजबूती से खड़ी होगी। मीटिंग में पोलित ब्यूरो सदस्य संजय शर्मा, राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी, केके बोरा, आनंद सिंह नेगी, बहादुर सिंह जंगी, विमला रौथाण, भुवन जोशी, एडवोकेट कैलाश जोशी, अमनदीप कौर, ललित मटियाली, डा. कैलाश पाण्डेय आदि शामिल हैं।

# अनुशासन को बढ़ावा देते हैं खेल: डा. जादौन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में स्टीवेंसन स्टेडियम, पंतनगर में क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय डा. आरएस जादौन रहे। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. एएस जीना, अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. आरसी श्रीवास्तव, अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डा. एसएस गुप्ता एवं अधिष्ठाता स्नातकोत्तर महाविद्यालय डा. लोकेश वार्ष्णेय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डा. आरएस जादौन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं टॉस कराकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियाँ अनुशासन, टीम भावना एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देती हैं। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर पहला मैच फसल अनुसंधान केन्द्र एवं पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय टीम के मध्य खेला गया, जो अत्यंत रोमांचक रहा। मैच देखने के लिए खेल प्रेमियों की अच्छी उपस्थिति रही। आयोजकों के अनुसार यह प्रतियोगिता आगामी दिनों तक चलेगी। कार्यक्रम में स्टेडियम प्रभारी अधिकारी डा. जीएस बोहरा, एसोसिएट डायरेक्टर डा. पूनम त्यागी, पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के सचिव अशोक कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रभाकर जोशी, वेटनरी कालेज के केपी सिंह, क्लब के पूर्व सचिव योगेश पंत, क्रिकेट संयोजक नीरज कुमार, मुख्य संयोजक शशांक शर्मा, नंदन सिंह भंडारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**द्वाराहाट।** विकासखंड के बीआरसी और संकुल रियूनी में एक साथ चल रहे प्राथमिक संवर्ग के प्रधानाध्यापकों का 5 दिवसीय सेवारत प्रशिक्षण का समापन हो गया।

समापन अवसर पर डायट अल्मोड़ा से आए वरिष्ठ प्रवक्ता कमलेश सिराडी और हरिवंश बिष्ट द्वारा शिक्षकों को प्रशस्ति पत्रों का वितरण करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षक किसी भी शिक्षा प्रणाली की नींव होते हैं। पाठ्यपुस्तकें समय के साथ बदलती हैं, बच्चे बदलते हैं, समाज बदलता हैं, ऐसे में यदि शिक्षक स्वयं निरंतर सीखते न रहें, तो शिक्षा की गुणवत्ता स्थिर हो जाती है। अत: सेवारत प्रशिक्षण आज केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि समय की अनिवार्यता भी है। इन 5 दिनों के प्रशिक्षण में



शिक्षकों ने बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, परख अभ्यास, मूल्यांकन टूल, विद्यालय सुरक्षा आदि के गुर सीखे। कार्यक्रम समन्वयक अंजू साह और दीपक पाण्डेय ने बताया कि विकासखंड में कुल 3 बैचों में चलने वाले इस प्रशिक्षण से विकासखंड के 100 प्राथमिक विद्यालयों के संस्थाध्यक्ष लाभान्वित होंगे। तीसरा और अंतिम बैच कल से शुरू होगा। वहां नोडल अधिकारी अनिल मठपाल, सन्दर्भदता ललित मोहन आर्य और उमेश पांडे, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से आदित्य, आत्रेयी, लच्छी महर समेत पूरन बिष्ट, अनीता जोशी, मनीष पांडे, दयाकृष्ण जोशी, डा. दीपक मेहता, कमला आरोड़ा, चंद्र नेगी, चेतना बिष्ट, नवीन पाण्डेय, विमल सिंह समेत अनेक संस्थाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## जन संघर्ष समिति की मासिक बैठक

**बागेश्वर।** जन संघर्ष समिति की मासिक बैठक सोमवार को समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की गई, जिसमें सड़क, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और रोजगार की स्थिति पर चिंता जताई गई। वक्ताओं ने बताया कि प्रशासन द्वारा लंबी अवधि से उठाई गई समस्याओं पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिसके कारण जनता में असंतोष बढ़ रहा है। विशेष रूप से बोहला अस्पताल में चिकित्सक की कमी और बिलौना-सिमतोली मोटर मार्ग कटने पर किसानों को मुआवजा नहीं मिलने की समस्या सामने आई। समिति ने चेतावनी दी कि यदि संबंधित विभागों ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। बैठक में एनके मिश्रा, शंभू दत्त मिश्रा, शंकर मिश्रा, खीम सिंह, दान सिंह भंडारी, आनंद सिंह, और मनोज पंत थे।

## एक नजर

### पंखुड़ियां महोत्सव-2025 का ग्रैंड फिनाले 20 व 21 दिसम्बर को

शाह टाइम्स संवाददाता



**हल्दूचौड़।** पंखुड़ियां महोत्सव-2025 (सीजन-15) में 20 दिसम्बर, शनिवार को दोपहर 2 बजे से वॉइस ऑफ उत्तराखंड व वॉइस ऑफ कुमाऊं एवं 21 दिसम्बर दिसम्बर रविवार को प्रात: 10 बजे से मिस्टर व मिस उत्तराखंड, क्वीन ऑफ कुमाऊं व उत्तराखंड सुपर मॉडल माडल (किड्स फैशन शो) प्रतियोगिता, इंडियाज बिगेस्ट डांसर, उत्तराखंड बेस्ट डांसर, लिटिल चेम्प व सुपर मोम डांसिंग प्रतियोगिता होगी। उक्त जानकारी देते संस्थाध्यक्ष रिम्पी बिष्ट ने बताया कि पंखुड़ियां संस्था क्षेत्र के उदयीमान कलाकारों की छिपी हुई प्रतिभाओं को सबसे बड़ा मंच देने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कुमाऊनी फिल्मों की नायिका व नृत्यांगना हर्षिता कोहली, कुमाऊंनी कामेडियन अमित भट्ट (मोहन दा) मिमिक्री कलाकार अनिल भटनागर, अनिल अरोरा, सिंगर व परफार्मर निर्मल जोशी अपनी रंगारंग प्रस्तुति देंगे। प्रतियोगिता के निर्णायक डांस प्लस व डांस इंडिया डांस फेम रिंकू जाज, विशाल त्यागी, पवन सिंह कार्की, मेघा परगाई, पूनम गुप्ता, राकेश कुमार होंगे।

### बीएड के छात्रों ने देखी देवकी लघु वाटिका

**बागेश्वर।** बीएड के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत देवकी लघु वाटिका का दौरा किया। इस अवसर पर उन्हें प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के महत्व से अवगत कराया गया। भ्रमण के दौरान वृक्ष पुरुष किशन सिंह मलडा ने विभिन्न पौधों, औषधीय वृक्षों और फलदार पौधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वृक्ष मानव जीवन के लिए प्राणवायु, जल संरक्षण और संतुलित पर्यावरण बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। मलडा ने छात्रों को पौधारोपण और उसकी देखभाल के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने इस ज्ञानवर्धक भ्रमण को प्रेरणादायक बताया और पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लिया।

### विकास खंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

**बागेश्वर।** पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कालेज में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विकास खंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया और अपनी जानकारी का प्रदर्शन किया। क्विज में प्रथम स्थान पलक पंत और भावना जोशी (पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज भटखोला), द्वितीय स्थान गरिमा और गायत्री आर्य (राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरे), तथा तृतीय स्थान अंजली मेयर और सुमित चौबे (पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कालेज बागेश्वर) ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन संगम शाह (सहायक अध्यापक, राजकीय इंटर कालेज खुनौली) और नीरज जोशी (प्रवक्ता, राजकीय इंटर कालेज भटखोला) ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य दीपचंद्र जोशी ने विज. ेता टीमों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त टीम जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस मौके पर हेमलौहनी, प्रेम प्रकाश उपाध्याय, नारायण राम, कमलेश गड़िया, जयेश कांडवाल और अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे।

### गाडर वाली पुलिया बनाने की मांग उठाई

**बागेश्वर।** सरयू के उद्गमस्थल सहस्त्रधारा के पास 30 मीटर पैदल लोहे के गाडर वाला पुलिया बनाने की ग्रामीणों ने मांग की। उन्होंने शासन प्रशासन से जिला योजना के तहत पुलिया का निर्माण करवाने की अपील की है। सोमवार को जिलाधिकारी आकांक्षा कोड़े को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीणों ने कहा कि सरमूल सौधारा के नाम से प्रसिद्ध स्थल है। यहां श्रद्धालु दूर दूर से अपने बच्चों का उपनयन संस्कार करवाने आते हैं। इसके साथ ही यहां सदियों से पित्रों का तर्पण आदि किया जाता आ रहा है। ग्राम प्रधान झूनी पार्वती देवी ने बताया कि उक्त क्षेत्र में सरयू नदी के ऊपर पैदल लोहे की पुलिया स्वीकृत है। उन्होंने चेतवानी दी कि यदि 15 दिनों के अंतर्गत मांग की अमल नहीं किया गया तो वे आमरण अनशन करने के लिए बाध्य होंगे। चेतवानी देने वालों में प्रदीप सिंह, शोबन सिंह, इंद्र सिंह, ईश्वर सिंह, गोबिंद सिंह, कमला देवी, तारा देवी शामिल थे।

### कच्ची शराब बेच रहा एक युवक गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने कच्ची शराब बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया है। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट, एसआई कंचन पडलिया, कांस्टेबल मुकेश कुमार व वीरेन्द्र सिंह बिष्ट ने गश्त के दौरान आरटीओ रोड पर मालवा फार्म स्थित एक पुलिया के पास से ग्राम सुपका निवासी मंगत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह को कच्ची शराब बेचते गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक के कट्टे के अन्दर 10 बड़े पाउचों में करीब 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने अभियुक्त का आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत चालान किया।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित द्रोण नहर रोड आवास विकास के पास रविवार की शाम को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने पीछे से ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इसमें ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। टक्कर के बाद घायल ई-रिक्शा चालक को कार से एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय ले गया। यहां डाक्टरों उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ई-रिक्शा चालक की पहचान लक्ष्मण (46) पुत्र लेखराज निवासी मोहल्ला मझरा के रूप में की। वहीं घटनास्थल पर पहुंची आईटीआई थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के तीन बेटे, एक बेटी है। पुलिस ने कार व ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर आईटीआई थाना में खड़ी करवा दी है। कार चालक भाग गया है। सीओ दीपक कुमार ने बताया परिजनों की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है।

### एसएसजे में पहले दिन 368 छात्रों ने दी परीक्षा

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के अधीन सभी महाविद्यालयों और परिसरों में विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षाएं शुरू हो गई है। सोमवार को पहले दिन अल्मोड़ा परिसर में कुल पंजीकृत 381 में से 368 ने परीक्षा दी। वहीं, 13 छात्र परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए। एसएसजे विवि के सभी महाविद्यालय व परिसरों में इस सत्र में करीब 37 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। सोमवार को विश्वविद्यालय के 36 कालेजों व अल्मोड़ा, बागेश्वर, चम्पावत और पिथौरागढ़ परिसर में परीक्षाएं शुरू हुई। परीक्षा सुबह नौ बजे से शुरू हुई और 12 बजे तक चली। पहले दिन परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह भी रहा। सोमवार को अल्मोड़ा परिसर में हुई परीक्षा में बीकॉम तृतीय सेमेस्टर के कामर्स विषय में 104 में से 101, बीए व बीएससी तीसरे सेमेस्टर की अर्थशास्त्र विषय में सभी 69, बीए तीसरे सेमेस्टर ड्रॉइंग एंड पेंटिंग में 25 में से 20, बीए तीसरे सेमेस्टर मनोविज्ञान में सभी 28, कम्प्यूटर सिस्टम आर्किटैक्चर में 122 में से 121 ने परीक्षा दी। बीबीए पांचवे सेमेस्टर बिजनेस पॉलिसी एंड स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट में 33 में से 29 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुई।

# शोरूम से स्कूटी चोरी का 24 घंटे में खुलासा

## सेंधमारी करने वाला गाजियाबाद का शातिर चोर हिमांशु गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वेब सीरीज जिला गाजियाबाद ने खूब शोहरत बटोरी और उसी जिले के शातिर चोर ने शहर के उस शोरूम में चोरी की वारदात को अंजाम दिया जिस शोरूम से उसे घोटाले के आरोप में निकाला गया था।

शोरूम में चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए गाजियाबाद के शातिर चोर ने वहां से तीन स्कूटी व ऑटो पार्ट्स चोरी कर लिए। लेकिन पुलिस ने गाजियाबाद के शातिर चोर को महज 24 घंटे में चोरी की स्कूटी सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। सोमवार को बहुद्देशीय भवन में



चोरी का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि गल्ला मंडी रुद्रपुर निवासी राजेश बंसल ने तहरीर सौंपते हुए कहा कि उनका हल्द्वानी रामपुर रोड पर श्री बालाजी मोटर्स के नाम से शोरूम है, और जब वह 12 दिसंबर को शोरूम के स्टॉक का मिलान किया, तो पता चला कि शोरूम से तीन स्कूटी और ऑटो पार्ट्स गायब हैं। जब सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसमें एक नकाबपोश युवक चोरी करते हुए दिखाई दिया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि कोतवाल विजय मेहता के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसके बाद टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार और उनकी टीम ने तुरंत जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस को पता चला कि घटना को अंजाम देने वाला हिमांशु पुत्र विनोद है, जो मूलरूप से नंदग्राम जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और वर्तमान में जेके पुरम हल्द्वानी में रह रहा है। बताया जा रहा कि आरोपी युवक हिमांशु कुछ समय पहले तक राजेश के शोरूम में ही काम करता था, लेकिन काम के दौरान उसने शोरूम में घोटाले किए और जब घोटाला खुला तो राजेश ने उसे नौकरी से निकाल दिया। नौकरी छोड़ने से पहले उसने शोरूम की नकली चाबी बनवा ली थी और एक अन्य शोरूम में काम करने के दौरान वह नियमित रूप से शोरूम का ताला खोलकर चोरी करता रहा। सीसीटीवी की मदद से बीते रविवार को हिमांशु तक पुलिस पहुंची और उसकी गिरफ्तारी के बाद चोरी की तीनों स्कूटी बरामद कर ली। पुलिस ने बताया कि हिमांशु मात्र 23 वर्ष का है और उसने आठवीं तक शिक्षा प्राप्त की है। वह शोरूम में काम करते हुए मैनेजर की भूमिका में था और चोरी की वारदातें अंजाम देता रहा। गुडवर्क करने वाली टीम में टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल दिगम्बर सनवाल, कांस्टेबल अनिल टम्टा, युगल मिश्रा शामिल थे।

## उपचार के दौरान युवक ने तोड़ा दम

**हल्द्वानी।** तीन दिन पूर्व पंतनगर में सड़क हादसे का शिकार हुए युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मस्जिद कालोनी जवाहर नगर, ऊधमसिंह नगर निवासी 20 वर्षीय विशाल सिंह अशोक लीलैंड कंपनी में काम करता था। परिजनों के अनुसार बीते 12 दिसंबर को सुबह वह ड्यूटी खत्म करके बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह रुद्रपुर-पंतनगर हाइवे पर पहुंचा तभी उसे झपकी आ गई, जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत नाजुक होने पर परिजनों द्वारा हल्द्वानी एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बीते रविवार की रात उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

# नशे के 86 इंजक्शनों के साथ समीर 'चिकना' गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस और एसओजी ने नशीले इंजेक्शन की



तस्करी में संलिप्त एक शातिर आरोपी सलीम उर्फ चिकना को 86 नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बहेड़ी (उत्तर प्रदेश) से ऑन डिमांड नशीले इंजेक्शन लाकर हल्द्वानी में बेचता था। इसके अलावा, पुलिस ने शराब की तस्करी करने वाले दो और आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बीते रविवार को बनभूलपुरा थानाध्यक्ष दिनेश फर्त्याल और एसओजी प्रभारी राजेश जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग कर रही थी तभी चैकिंग के दौरान समीर उर्फ चिकना पुत्र जाहिद हुसैन, निवासी इन्द्रानगर, मोहम्मदी मस्जिद, बनभूलपुरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह बहेड़ी से नशीले इंजेक्शन लाकर हल्द्वानी में बेचता था। पुलिस ने आरोपी के पास से 86 नशीले इंजेक्शन बरामद किए। पुलिस टीम में एसआई मोनी टम्टा, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, मो. यासीन, भूपेन्द्र जेष्टा और सन्तोष बिष्ट शामिल थे। इसके साथ ही चोरग. लिया पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो अन्य शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। पहले मामले में, 56 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ मातादीन पुत्र जय सिंह निवासी गोंडा पटियाली, जिला कासगंज, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल मनजीत सिंह, कांस्टेबल राजेश सिंह और मीरा सिंह थे। जबकि दूसरी ओर टीम ने वीरेंद्र सिंह राणा पुत्र भगवत सिंह राणा, निवासी सुनार धड़ा, चोरगलिया को 40 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले में पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल जगदीश कुमार, कांस्टेबल मोहम्मद नाजिर और अंकुश चन्याल शामिल थे।

# अशोक बोहरा बने यूकेडी के जिला संगठन मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) की नैनीताल जिला इकाई का विस्तार वरिष्ठ नेता काशी सिंह एरी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अशोक सिंह बोहरा को सर्वसम्मति से जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।



इसके साथ ही संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से उत्तम सिंह बिष्ट को जिला महामंत्री, मोहन सिंह नेगी को जिला उपाध्यक्ष, गिरीश कौटिल्य को जिला कोषाध्यक्ष और मनोज सिंह नेगी को जिला प्रचार मंत्री का दायित्व सौंपा। पार्टी नेतृत्व ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और संगठन की मजबूती के लिए उनके योगदान की सराहना की। जिला संगठन मंत्री अशोक सिंह बोहरा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी को 2027 में सत्ता तक पहुंचाने के लिए संगठन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी जनमुद्दों को लेकर जनता के बीच सक्रिय रहेगी और दल की नीति तथा कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी। इस मौके पर वरिष्ठ नेता काशी सिंह एरी, जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान, एडवोकेट मोहन कांडपाल, भुवन चंद्र जोशी, गोविंद, धर्म सिंह सत्तू, मोहन सिंह नेगी, गिरीश कोटियाल, विमल ध्यानी, दीपक भारती आदि मौजूद रहे।

## कुंदन जिलाध्यक्ष, प्रज्ञान बने महामंत्री

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल शीघ्र ही नैनीताल में नगर इकाई की घोषणा करेगा। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि संगठन द्वारा मल्लीताल और तल्लीताल की संयुक्त रूप से नैनीताल नगर इकाई का गठन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष कुंदन बिष्ट और जिला महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज ने नैनीताल में व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने वाले व्यापारी का चयन करने का कार्य शुरू कर दिया गया है जिसकी घोषणा शीघ्र की जाएगी। उन्होंने बताया कि नैनीताल में स्थित सभी व्यापारी प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य होंगे और कोई सदस्यता शुल्क नहीं लिया जाएगा। संगठन हमेशा व्यापारी हितों के संघर्ष में व्यापारियों के साथ खड़ा नजर आएगा।

# होटल व बारों में सघन चेकिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गोवा में हाल ही में हुई अग्निकांड की घटना के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जिले में अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस, अग्निशमन और आपात सेवा केंद्र ने शहर के होटल, ढाबों, कैफे, बार, रेस्टोरेंट, मॉल समेत अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में फायर रिस्क का निरीक्षण किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार की अगुवाई में टीम ने प्रतिष्ठानों में लगे फायर हाइड्रेंट, अग्निशामक यंत्र, फायर अलार्म सिस्टम की गहन जांच की। उपकरणों की कार्यक्षमता परखी गई और सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से आपातकालीन निकास द्वार और निकासी मार्गों की स्थिति को परखा गया। कई स्थानों पर संचालकों को निकासी मार्गों को स्पष्ट रूप से चिन्हित करने और उन्हें अवरोध मुक्त रखने के निर्देश दिए गए। अग्निशमन विभाग ने आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और सुरक्षित निक. ासी के उपायों की जानकारी भी दी।



मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार ने कहा कि फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस तरह के निरीक्षण अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि किसी भी संभावित अग्निकांड को समय रहते रोका जा सके।

## बाघ एक्सप्रेस ट्रेन के शौचालय से मिला भ्रूण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम स्टेशन पर रविवार रात बाघ एक्सप्रेस ट्रेन के शौचालय में सात माह का भ्रूण बरामद हुआ। जीआरपी पुलिस ने भ्रूण को मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है, और भ्रूण को 72 घंटे तक डीप फ्रीजर में रखा जाएगा। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थाना जीआरपी के थानाध्यक्ष कमल कोरंगा ने बताया कि बीते रविवार रात्रि ट्रेन के काठगोदाम स्टेशन से बाघ एक्सप्रेस ट्रेन चलने से पहले रेलवे सुरक्षा कर्मियों ने चेकिंग की। इस दौरान बाघ एक्सप्रेस के एक ट्रेन के डिब्बे के शौचालय में भ्रूण पड़ा हुआ मिला। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने ट्रेन में यात्रा कर रही महिलाओं की पहचान और अस्वस्थ महिलाओं का भी निरीक्षण किया, लेकिन किसी भी महिला से संबंधित कोई सुराग नहीं मिला, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि भ्रूण किसका हो सकता है। उन्होंने बताया कि भ्रूण का पोस्टमार्टम 72 घंटे बाद किया जाएगा, और इस मामले की जांच जारी रहेगी।

# सिंथिया स्कूल में फुटबाल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी एवं सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल हरकपुर क्वीरा लामाचौड़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेवन-ए-साइड अंतर



विद्यालयी बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे संस्करण का शुभारंभ सोमवार को सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल मैदान में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा दोनों में संतुलन बनाकर छात्र सफलता प्राप्त कर सकते है। इसके बाद छात्रों ने गणेश वंदना, म्यूजिक बैंड एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने बताया कि पांच दिवसीय प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में कक्षा 1 से 5 तथा कक्षा 6 से 10 तक के लिए आयोजित की जा रही है। जिसमें 57 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जा रही है। पहले दिन कुल 9 मुकाबले खेले गए जिनमें केवीएम, आर्यमान विक्रम बिरला, बीएलएम, जेडीएम, सेंट थेरेसा, एवरग्रीन, निर्मला कॉन्वेंट, डॉन बॉस्को और ओरम स्कूल ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। इस मौके पर निदेशक सुरेश पाल रौतेला, ओमपाल रौतेला, डा. प्रवीण रौतेला, आंनद देवी, गोपाल नेगी, सागार रावत, रजत चौहान, मंयक पंत, रिश्म रौतेला, कात्यायन रौतेला, पीसी अधिकारी, सुरेश मिश्रा, महेश जोशी, पुष्पा उप्रेती, त्रिभुवन जोशी, रंजन तिवारी, संदीप जायसवाल, रवि कन्याल, मदन क्वीरा, राजेश बिष्ट, अर्चना साह, बीबी जोशी सहित विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, खेल प्रशिक्षक और खिलाड़ी मौजूद रहे।

## मिस्टर एंड मिस कुमाऊँ नेक्स्ट सुपरमॉडल-2025 सीजन-2 के ऑडिशन संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दानपुर प्रोडक्शन हाउस द्वारा आयोजित मिस्टर एंड मिस कुमाऊँ नेक्स्ट सुपरमॉडल-2025 सीजन-2 के ऑडिशन शिवान्या इवेंट एंड एंटरटेनमेंट के तत्वावधान में सोमवार को भुजियाघाट के रिजॉर्ट में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस भव्य आयोजन में कुमाऊँ मंडल के विभिन्न जिलों से 50 से अधिक प्रतिभागी मॉडल्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के ब्रांडिंग पार्टनर एड्सवाला ने अपने पेशेवर ब्रांडिंग और प्रस्तुतिकरण से इस आयोजन को आकर्षक और भव्य रूप प्रदान किया। ऑडिशन की चयन प्रक्रिया प्रतिष्ठित फैशन और मनोरंजन हस्तियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। जूरी पैनल में रोहित सिंह दानू (एमटीवी डेट-टू रिम. ेबर फेम और मिस्टर उत्तराखंड 2018, रिशिका कोहली (ओनर, रिशिका स्टाइलो) और आरती टम्टा (मॉडर्न कुमाऊँ फेम) शामिल थीं। जूरी ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनके ग्रूमिंग, व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, मंच प्रस्तुति और समग्र प्रदर्शन के आधार पर किया, जिससे ऑडिशन का स्तर अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक और रोमांचक बन गया। कार्यक्रम का कुशल प्रबंधन इवेंट मैनेजर महक चावला के नेतृत्व में किया गया। मिस्टर एंड मिस कुमाऊँ नेक्स्ट सुपरमॉडल-2025 सीजन-2 के सफल ऑडिशनों के साथ अब प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। यह भव्य फिनाले 21 दिसंबर को आईटीसी फॉर्च्यून वॉकवे मॉल, हल्द्वानी में आयोजित की जायेगी। जिसमें उत्तराखंड की जानी-मानी हस्तियां बतौर जूरी शिरकत करेंगी। इस दौरान केश्री सुयाल, समर कफलिया, वंशिका वारियाल, दक्ष जोशी और लोकेश रावत इस आयोजन को सफल बनाया।

# प्रगति बिहार को मिली लो-वोल्टेज से निजात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तल्ली हल्द्वानी वार्ड-58 में प्रगति विहार कॉलोनवासियों को आखिरकार लो-वोल्टेज की समस्या से निजात मिल गई है। पिछले काफी समय से चल रहे नए ट्रांसफार्मर की मांग पूरी हो गई।

सोमवार को यूपीसीए की ओर से क्षेत्र में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। क्षेत्रवासियों ने इसके लिए स्थानीय पार्षद व यूपीसीएल का आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्थानीय पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि पिछले काफी समय से प्रगति विहार के साथ-साथ इन्द्रपुरी और शक्ति बिहार कॉलोनीवासी लो-वोल्टेज की समस्या से जुझ रहे थे। श्री जोशी ने बताया कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई थी। जिसके तहत आज यूपीसीएल के अधिका.



रियों ने मौके पर पहुंचकर एक नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। पार्षद जोशी ने बताया नया ट्रांसफार्मर लगाने से प्रगति बिहार के साथ-साथ इन्द्रपुरी और शक्ति बिहार कॉलोनीवासियों को भी लो-वोल्टेज से निजात मिलेगी।

क्षेत्र में नया ट्रांसफार्मर लगने पर क्षेत्रवासियों ने पार्षद मनोज जोशी व यूपीसीएल के एसडीओ सुधा जोशी, जेई धीरज पंत का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गोपाल सिंह सौन, भागीरथी सौन, त्रिलोचन पांडेय, सारिक, चिंतामणि शर्मा, गंगा शर्मा, मोहन चंद्र, हरीश चंद्र पांडे, गौरव श्रीवास्तव, लीलाधर जोशी, शिवा कश्यप, पीसी भंडारी, सुरेश, पान सिंह बिष्ट, रेणु जोशी, कमला पांडे, रामसिंह नेगी, शंकर दुम्का, सरोज, ज्योति शर्मा, दीपा सिंधी, बसंती देवी, दीपक भट्ट, रेणु श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# सोनिया मिस उत्तराखण्ड स्टार हंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मिस्टर और मिस उत्तराखण्ड स्टार हंट 2025 का भव्य आयोजन हल्द्वानी में स्टार हाउस प्रोडक्शन के तत्वावधान में मिस्टर एंड मिस उत्तराखण्ड स्टार हंट 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बेहद आकर्षक और भव्य रूप से आयोजित हुआ, जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभाशाली प्रतियोगियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रतीक सिंह ने मिस्टर उत्तराखण्ड स्टार हंट 2025 का खिताब अपने नाम किया, वहीं सोनिया आर्य ने मिस उत्तराखण्ड स्टार हंट 2025



का खिताब जीतकर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में जजिंग की जिम्मेदारी पवन लता जोशी, दिक्षा नेगी और अभय कुमार ने निभाई, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों का निष्पक्ष और पेशेवर मूल्यांकन किया। इस भव्य आयोजन के प्रमुख आयोजक सौरभ कुमार, निकिता टम्टा और अभय कुमार थे। स्टार हाउस प्रोडक्शन द्वारा आयोजित यह शो उत्तराखण्ड के युवाओं के लिए एक बेहतरीन मंच साबित हुआ, जिसने नई प्रतिभाओं को अपनी कला और व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों ने भी शो की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे एक यादगार आयोजन बताया।

## सॉफ्ट टॉयज का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी कुंवरपुर गौलापार में 18 से 50 वर्ष के युवकों एवं युवतियों के लिए 31 दिनों की सिलाई, महिला वस्त्र एवं 14 दिनों की सॉफ्ट टॉयज बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिसंबर के तीसरे व चौथे सप्ताह से शुरु होने जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए 20 दिसंबर तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। पूरे जिले के लिए 35 सीटें निर्धारित है। यह आवासीय प्रशिक्षण पूर्णता निशुल्क होगा, जिसमें चाय, नाश्ता, भोजन, यूनिफार्म व प्रशिक्षण सामग्री भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी आधार कार्ड, राशन कार्ड/जॉब कार्ड, चार फोटो और बैंक पासबुक की फोटोकॉपी के साथ सुबह साढ़े 9 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक संस्थान में आवेदन कर सकते हैं।

# बाज़ार में अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नगर निगम प्रशासन एक बार फिर से सख्त हो गया है। सोमवार देर शाम नगर निगम की टीम ने मुख्य बाजार में अभियान चलाया। निगम की अचानक हुई कार्रवाई से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। करीब दो घंटे चले अभियान के दौरान निगम की टीम ने तीन वाहन सामान जब्त किया, जबकि अतिक्रमण पाए जाने पर पांच दुकानदारों के 11 हजार रुपये के चालान काटे गए। शहर में सड़क पर अतिक्रमण के कारण व्यापारियों के साथ ही आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई जगहों पर पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है।



इस समस्या को लेकर नगर निगम में लगातार शिकायतें आ रही थी। सोमवार देर शाम नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए बाजार पहुंची। टीम ने नैनीताल रोड में ओके होटल से कालू सिद्ध चौराहा तक तथा मुख्य बाजार में सदर बाजार, मीरा मार्ग, भैरव चौक और पटेल चौक क्षेत्रों में ताबड़तोड़ कार्यवही की। टीम को एकाएक देख बाजार में भगदड़ मच गई और दुकानदार सड़क पर फैलाया गया सामान समेटने लगे। सड़क पर फड़ और ठेले लगाकर किए गए अतिक्रमण पर निगम कर्मियों ने कार्रवाई करते हुए सामान जब्त किया। अभियान के दौरान कुल तीन वाहनों में भरा सामान कब्जे में लेकर निगम कार्यालय में जमा कराया गया। वहीं पक्की दुकानों के बाहर अतिक्रमण मिलने पर पांच दुक. ानदारों पर 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि नगर निगम की ओर से फड़-ठेला कारोबार को व्यवस्थित करने के लिए पंजीकरण कर लाइसेंस जारी किए गए है। बिना पंजीकरण के ठेला या फड़ लगाना प्रतिबंधित है। बिना लाइसेंस निगम क्षेत्र में काम करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक अमोल असवाल सहित निगम कर्मी मौजूद रहे।

# तहसील के चक्कर न काटे जनता: डीएम

## कैंप कार्यालय में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डीएम ललित मोहन रयाल ने कैंप कार्यालय में सोमवार को राजस्व कार्यों की समीक्षा की। मासिक स्टाफ बैठक के दौरान उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था, विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों की स्थिति, अभियोजन एवं राजस्व कार्यों, राजस्व वसूली, विविध देय, सामान्य देय, मुख्यमंत्री घोषणा, सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की।



डीएम ने न्यायिक एवं राजस्व कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी उप जिलाधिकारियों व तहस. ीलदारों को निर्देश दिए कि वें नियमित रूप से अपने-अपने न्यायालयों में बैठें और माह में दर्ज तथा पुराने लंबित राजस्व वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर एक अभियान के तहत सुनिश्चित करें। आम जनमानस के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए तहसील कार्यालयों में जनता के कार्य समय पर कराए। राजस्व विभाग के भूमि संबंधित जो भी महत्वपूर्ण कार्य होते है, उन सभी कार्यों को प्राथमिकता देते हुए समय पर उन्हें संपन्न करे। अनावश्यक किसी भी व्यक्ति को तहसील के चक्कर न काटने पड़े। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों को अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने और उसे धवस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पटवारियों के माध्यम से गांवों में जाकर चौपाल व सार्वजनिक तौर पर खतौनी पढ़कर निर्विवाद विरास. तन के मामलों के निस्तारण की कार्यवाही को लगातार जारी रखा जाये। इस माह इसमें प्रगति कम होने पर उन्होंने नाराजगी भी व्यक्त की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की भी समीक्षा करते हुए कहा सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की जानकारी लेते हुए प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराते हुए शिकायतकर्ता को भी दूरभाष से अवगत कराएं। राजस्व वसूली के संबंध में डीएम ने कहा कि बड़े बकायेदारों से समय पर राजस्व वसूली के लिए ठोस कार्यवाही करे तथा उनके नाम लगातार सार्वजनिक स्थानों में चस्पा कराए। आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम के लिए लगातार प्रवर्तन की कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक राय, शैलेंद्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, अंशुल भट्ट, प्रमोद कुमार, राहुल शाह, रेखा कोहली, नवाजिश खलीक, बीसी पंत, मोनिका सहित सभी तहसीलदार एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पालना केंद्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित पालना केंद्र का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोतिया द्वारा सोमवार को वार्ड नंबर-23 और 14-15 में फीता काटकर पालना केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया और सभी



अतिथियों को तिलक लगाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगराध्यक्ष मधुकर श्रोतिया ने बताया कि इस पालना केंद्र में 7 महीने से लेकर 5 साल तक के बच्चों के लिए निशुल्क रहने, खाने और सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा। इस योजना का विशेष लाभ उन महिलाओं को मिलेगा जो नौकरी या अन्य कामकाजी गतिविधियों में व्यस्त रहती हैं, क्योंकि वे अपने बच्चों को इस केंद्र में छोड़कर अपने कार्यों में व्यस्त हो सकेंगी। बाल विकास अधिकारी किरण लता जोशी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए इस योजना के बारे में पूरी जानकारी दी और बताया कि यह पहल बच्चों के पालन-पोषण को और भी बेहतर बनाने के लिए की गई है। इस मौके पर नगर महामंत्री सुरेंद्र बिष्ट, नगर उपाध्यक्ष रविंद्र, पूर्व नगर उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल, पार्षद शाहजा, हज कमेटी की सदस्य तरन्नुम खान, सुपरवाइजर हेमा लाश्वाल, सुधा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीणा गोस्वामी, सीमा, शाहीन, परवीन आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## सुरक्षा को लेकर कोतवाल का सख्त संदेश



■ सभी स्कूल प्रबंधकों के साथ बैठक की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली परिसर में कोतवाल नरेश चौहान ने सोमवार को नगर के सभी स्कूल प्रबंधकों के साथ बैठक कर नाबालिग बच्चों को बाइक या स्कूटी देने पर कड़ी आपत्ति जताई।

उन्होंने अभिभावकों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि नाबालिग बच्चों को किसी भी हाल में दोपहिया वाहन न सौंपें। यह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि बच्चों की जान के लिए भी एक गंभीर खतरा साबित हो सकता है। इस दौरान कोतवाल नरेश चौहान ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें और नियमों का पालन करें और यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार बनें। उन्होंने कहा कि जो भी यातायात नियमों का पालन नहीं करेगा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं काफी संख्या में नगर के विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ठुकराल के समर्थक पर झोंका फायर

■ हमले के खिलाफ रम्पुरा चौकी में देर रात तक धरने पर बैठे ठुकराल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रविवार रात रम्पुरा में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के समर्थक राजू गुप्ता और उसकी मां पर दो लोगों ने जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने फायर भी झोंका। फायर मिस होने के बाद उन्होंने तमंचे की बट से युवक का सिर फोड़ दिया और उसकी मां के साथ भी हाथापाई की। घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर देर रात तक पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल रम्पुरा चौकी में धरने पर बैठे रहे। ठुकराल ने कहा कि पूर्व में सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसका ही खमियाजा राजू गुप्ता और उसके परिवार को भुगतना पड़ रहा है।



जानकारी के मुताबिक रम्पुरा वार्ड नं.- 21 निवासी राजू गुप्ता पुत्र बृजपाल गुप्ता पर बीती रात रम्पुरा में दो लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया। घटना की जानक. ारी मिलने पर पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल मौके पर पहुंचे और उसके बाद कार्रवाई की मांग को लेकर रम्पुरा चौकी में धरने पर बैठ गए। इस दौरान पीड़ित राजू गुप्ता की ओर से कोतवाली में तहरीर भी दी गई । तहरीर में राजू गुप्ता ने कहा कि रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद कर रहा था। इसी दौरान रम्पुरा का ही शिवम अपने एक साथी को लेकर स्कूटी से वहां पहुंचा और गाली गलौच करते हुए रंजिशन उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि तमंचे से फायर किया गया, लेकिन फायर मिस हो गया इसके बाद हमलावरों ने तमंचे से सिर पर वार कर दिया। बीच बचाव करने आई उसकी मां उर्मिला गुप्ता के साथ भी मारपीट की गयी। पीड़ित ने बताया कि जान बचाकर वह घर में घुस गया तो हमलावर गाली गलौच करते हुए गेट पर जोर जोर से मारने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। मौके पर भीड़ जुटने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। इस दौरान धक्का मुक्की में हमलावरों का लोडेड तमंचा भी मौके पर गिर गया, जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया है। घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि हमलावर पूर्व में भी राजू गुप्ता को निशाना बना चुके हैं और धमकी दे चुके है, जिसको लेकर पूर्व में भी उनके खिलाफ तहरीर दी गयी थी। ठुकराल ने कहा कि हमलावर आपराधिक प्रवृत्ति का है और उस पर कई मुकदमे दर्ज है। रात करीब ढाई बजे पुलिस अधिकारियों ने आरोपी की सुबह तक गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ठुकराल ने धरना समाप्त कर दिया। धरने पर उनके साथ संजय ठुकराल, मनीष बिष्ट, केरू मण्डल, आनंद शर्मा, छेदा लाल पाल, गगन ग्रोवर, आशीष श्रीवास्तव, सोनू कोली, अमित कोली, अमन पोपली, शानू सहित रम्पुरा के तमाम लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रविवार की रात सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम की कार्यवाही की।

जानकारी के अनुसार 64 वर्षीय नेम चंद निवासी वार्ड नंबर 1, चुटकी देवरिया, लालपुर किच्छा चीनी मिल में कार्यरत थे। रविवार रात वह अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शर्मा ढाबा के पास वे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग नेम चंद को स्थानीय सरदार वल्लभभाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया और स्थानीय लोग मृतक के घर पर जमा हो गए। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है।

### केवाईसी अभियान के तहत वार्ड नंबर 1 में जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** केलाखेड़ा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 में सोमवार को केवाईसी अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वार्ड के सभासद सरफराज अली ने स्वयं उपस्थित रहकर लोगों की केवाईसी प्रक्रिया पूरी करवाई और उन्हें आवश्यक जानकारी दी।



इस दौरान सभासद सरफराज अली ने बताया कि केवाईसी कराना आज के समय में बेहद जरूरी है।जिससे सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं और अन्य सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि जिन लोगों की केवाईसी अभी तक पूरी नहीं हुई है। वे जल्द से जल्द यह प्रक्रिया पूरी कराएं।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। लोगों ने सभासद की इस पहल की सराहना की और इसे आम जनता के हित में एक सराहनीय कदम बताया।

### सेंट मारिया हायर सेकेंडरी स्कूल की क्रिकेट टीम बनी राज्य विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** युवा प्रतिभा, जुनून और टीमवर्क का शानदार उदाहरण पेश करते हुए सेंट मारिया हायर सेकेंडरी स्कूल बाजपुर की क्रिकेट टीम ने टी-10 उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट राज्य चैम्पियनशिप 2025 में राज्य विजेता बनकर इतिहास रच दिया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) में टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में आक्रामक बल्लेबाजी, सटीक गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया।



इस एतिहासिक जीत के नायक रहे कप्तान राज चौधरी, जिनके नेतृत्व में टीम ने हर मुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया। वहीं, कोच शेखर राजहंस के कुशल मार्गदर्शन ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को नई उड़ान दी। विजेता टीम के चमकते सितारे अरिंदम, रोहन, राज चौधरी (कप्तान), आदिल, हर्ष, आदित्य, शुभान, नितिन, शिवांश, चिराग, हरमन, अंश, योगेश, शौर्य सागर और मयंक इन युवा खिलाड़ियों ने साबित कर दिया कि सपनों को मेहनत से जीता जा सकता है। सोमवार को विद्यालय की निदेशक कविता शर्मा, विद्यालय प्रबंधन दामिनी शर्मा,विकल्प शर्मा, भारती शर्मा,युवराज शर्मा तथा प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षण स्टाफ ने खिलाड़ियों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह जीत न केवल एक ट्रॉफी है, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है कि खेल के मैदान से भी सफलता की ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है।

## सामूहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंधे 17 नव दम्पति

■ जिंदगी जिंदाबाद समिति ने आयोजित किया सामूहिक विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** सामाजिक संस्था जिंदगी जिंदाबाद समिति द्वारा आज सोमवार को सिटी क्लब में पांचवां सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 17 वर वधूओं का विवाह करवाया गया। इस इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने नव दंपत्ति को सुखी दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

जिंदगी जिंदाबाद समिति के संस्थापक करमजीत सिंह चानना ने बताया कि इन 17 जोड़ों में 6 दंपत्तियों का पंडित बाबूराम शर्मा द्वारा हिंदू रीति रिवाज से और 11नव दंपत्तियों का दशमेश नगर आवास विकास गुरुद्वारे में आनंद कारज कराकर सभी के सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए अरदास की गई । उन्होंने बताया कि जिंदगी जिंदाबाद समिति की ओर से गत दिनों पूरे जनपद में भ्रमण कर ऐसी 17 कन्याओं का चयन किया जिनका परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। जिंदगी जिंदाबाद समिति की ओर से उनके विवाह कराने का निर्णय लिया गया। जिसके चलते आज सोमवार को सिटी क्लब में पांचवें सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया और 17 नव दंपतियों ने अपने नए दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। इस सामूहिक विवाह में गुरु नानक नाम लेवा संगत और श्री गुरु तेग बहादुर जी वेलफेयर ट्रस्ट ने भी अपना सहयोग दिया। सामूहिक विवाह के आयोजन में विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, भारत भूषण चुघ, प्रदीप बंसल, सुखबीर सिंह बेदी, सुखबीर सिंह भाटिया, जागीर सिंह, योगेन्द्र सिह, हरप्रीत सिंह, विकास शर्मा, विजय भूषण गर्ग, सुरेंद्र ग्रोवर ,अभिषेक अग्रवाल, सुखमीत सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, डॉक्टर गौरव अग्रवाल, हरनाम चौधरी, प्रदीप बंसल, अशोक गांधी, अमित जिंदल , दीपक चराया, डा- केसी चन्दोला, चिराग माथुर, हरविन्दर सिंह ग्रोवर, दलजीत सिंह दासन, अजमेर सिंह बहल, गुरप्रीत ढिल्लन, मनिन्दर कौर, रविन्द्र सिंह, पुरूषोत्तम बंसल, पुनीत मि7ाल, बलराम अग्रवाल, विरेंन्द्र सिंह, चरणजीत सिंह खालसा, शिवेन सेठी, दिनेश श्यामपुरिया, उमेश बिष्ट, रितेश मनोचा,टोनी दासन, शरनजीत सिंह, राजेन्दर सिंह, प्रमोद मित्तल, कंवल जीत सिंह, नरेन्द्र भंडारी, गुरवीर सिंह बराड़, दीपक पाण्डेय आदि ने सभी नव दंपतियों को अपना आशीर्वाद दिया।

जिंदगी जिंदाबाद टीम से लवली लांबा, हरजिंदर सिंह लाडी, हरप्रीत सिंह, बलविंदर सिंह बल्लू, इकबाल सिंह, गुरविंदर सिंह,



बलजीत सिंह, गुरजंट सिंह, गुर. विंदर सिंह सोनू, परविन्दर सिंह, गणेश जोशी, हरजीत सिंह, दलजीत सिंह खालसा, हिमांशु सुखीजा, बलजीत कौर, प्रियंका सचदेवा, परमजीत कौर, पूजा चंदेल, मानवी, शिल्पा, सलोनी, रजवंत कौर, जसविन्दर कौर, सरिता कौर, जानवी, मनीषा, पूजा राठी, पूजा मेहरा, नीतू वर्मा, अनीता, किरन आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में पूरा सहयोग किया।

## पार्क के सौंदर्यीकरण को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 32 भूरारानी की पुखराज कॉलोनी में स्थित पार्क के सौंदर्यीकरण एवं विकास की मांग को लेकर कॉलोनीवासियों ने महापौर से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। कॉलोनीवासियों ने पार्क की वर्तमान दुर्दशा से अवगत कराते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की मांग की। जिस पर महापौर ने आवश्यक कार्यवाही के लिए नगर आयुक्त को निर्देशित किया।

ज्ञापन में कालोनीवासियों ने बताया कि पुखराज कॉलोनी की गली नंबर एक में आरएएन पब्लिक स्कूल के समीप स्थित यह पार्क बरसात के दिनों में जलभराव की गंभीर समस्या से जूझता है। बारिश के समय पार्क में पानी जमा हो जाने के कारण बच्चों, बुजुर्गों एवं स्थानीय निवासियों के लिए इसका उपयोग करना कठिन हो जाता है। जलभराव के चलते पार्क अस्वच्छ रहता है, जिससे मच्छरों के पनपने और बीमारियों के फैलने का भी खतरा बना रहता है। कॉलोनीवासियों ने पार्क में समुचित मिट्टी भरान कराकर जलभराव की समस्या से




स्थायी समाधान कराने की मांग की। महापौर ने कॉलोनीवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और पार्क के सौंदर्यीकरण तथा मिट्टी भरान से संबंधित आवश्यक कार्यवाही के लिए नगर आयुक्त को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शहर के पार्क नागरिकों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण हैं और इनके विकास में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में वीरेंद्र सिंह चौहान, भूपेश छिमवाल, दीपक सिंह, विक्की, संजय सिंह, गोपाल, प्रशांत, संजय, लक्ष्मीकांत , अनिल गुप्ता, गुरप्रीत सिंह, विशाल रस्तोगी, रजत सक्सैना, प्रीत पाल सिंह, दीपक सिंह, प्रभु दयाल सतेंद्र शुक्ला प्रदीप ठाकुर कुमार राज. ेंदर सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## परिवार सोता रहा और चोरों ने घर से बाइक और नकदी की साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सोमवार तड़के गंगापुर मार्ग पर स्थित कृष्णा ग्रीन कालोनी की गली नम्बर दो में अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश कर दो मंजिल पर सो रहे गृहस्वामी की पेंट से मोबाईल व हजारों की नगदी निकालने के बाद नीचे उतरकर घर के भीतर खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली और फरार हो गए। प्रात: घटना की जानकारी मिलने पर गृहस्वामी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार गंगापुर मार्ग पर कृष्णा ग्रीन कालोनी की गली नम्बर दो में मजदूरी का काम करने वाला राजेन्द्र कश्यप अपने परिवार के साथ निवास करता है। उसने बताया कि गत रविवार की रात्रि वह अपनी पत्नी सुनीता, भतीजी स्वाति, पुत्र अधिराज व पुत्री सलोनी के साथ दोमंजिल पर टीन की छत के कमरे में सोया था। उसका कहना था कि आज सोमवार तड़के करीब पौने चार बजे जब वह उठा तो उसकी पेंट गायब थी जिसमें लगभग 20 हजार रुपये की नगदी थी और कमरे में रखा उसका मोबाइल भी नहीं मिला। राजेन्द्र ने बताया जब वह दो मंजिल से नीचे उतरकर आया तो देखा घर के भीतर खड़ी उसकी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 एएस 5333 भी नदारद थी। जिस पर उसने अपने परिजनों को उठाया। सुबह होने पर उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और राजेन्द्र से घटना की विस्तार से जानकारी ली। पुलिस ने कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी। इधर कालोनी में बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में रोष भड़क गया। उन्होंने बताया कि पूर्व में यहां मंदिर में चोरी के साथ ही कई घरों में चोरी की वारदात घटित हो चुकी है, परंतु पुलिस किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है।

### वरिष्ठ पत्रकार हरीश भट्ट की सास के निधन पर मीडियाकर्मियों ने शोक जताया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नेशनल यूनियन ऑफ जनर्लिस्ट-इंडिया (एनयूजे-आई, उत्तराखंड) के कुमायूं मण्डल सचिव व रामनगर में उत्तर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार हरीश भट्ट की सास देवकी देवी मिश्रा (आयु लगभग 96 वर्ष) का हरियाणा के फरीदाबाद में निधन हो गया। उनके निधन पर मीडियाकर्मियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालो में विनोद पपने, हरीश भट्ट, डॉ जफर सैफी, चंचल गोला, गिरीश पांडे, गणेश रावत, नाजिम सलमान, त्रिलोक रावत, राजू वर्मा, अजीत गोस्वामी, राजीव अग्रवाल, बंटी अरोड़ा, नदीम वारसी, रोहित गोस्वामी, सलीम मलिक, खुशाल रावत, गोविंद पाटनी, दानिश खान, रागिब खान, नदीम कुरैशी, चंद्रसेन कश्यप अमित बेलवाल, जीवन कुमार, नवीन पोखरियाल, विक्की कश्यप, चंद्रशेखर जोशी, गगन कुमार, आसिफ इकबाल, रूबीना सैफी, नसीम राजा, विमला अधिकारी, फरीद कुरैशी, मो उस्मान, कैफ खान, सब्बू खान, नावेद सैफी आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## बाजपुर में ज्वैलर्स पर धोखाधड़ी का आरोप

■ विधवा महिला ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर में एक ज्वैलर्स द्वारा महिला के साथ धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। इस दौरान ग्राम हरलालपुर निवासी पीड़िता रेनुका देवी पत्नी स्वर्गीय यशपाल सिंह ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता के अनुसार वह 20 जुलाई 2018 को अपने पति के साथ बाजपुर शहर में स्थित एक ज्वैलर्स से लगभग 4.260 ग्राम वजन की सोने की (वाली) खरीद कर लाई थीं। बाद में जब उक्त आभूषण की



जांच कराई गई तो वह नकली पाई गई। इसकी शिकायत करने पर 21 जुलाई 2018 को दुकान स्वामी ने आभूषण जमा कर उसकी रसीद देते हुए दूसरा पीस देने का आश्वासन दिया। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसने इसी ज्वैलर्स के यहां 2000 रुपये प्रतिमाह की कमेटी भी डलवाई थी, जिसकी पांच किश्तें जमा की गई थीं। इन भुगतानों का विवरण ज्वैलर्स की डायरी में दर्ज होने का दावा किया गया है। इस दौरान पीड़िता के पति गंभीर बीमारी से ग्रसित हो गए। उन्हें हेपेटाइटिस-सी एवं लीवर की बीमारी थी, जिनके इलाज के दौरान पारस हॉस्पिटल, गुरुग्राम (हरियाणा) में उनका निधन हो गया। पति की मृत्यु के बाद जब पीड़िता ने दोबारा ज्वैलर्स से अपने पैसे और सोने के आभूषण की मांग की तो दुकान स्वामी द्वारा किसी भी प्रकार का पैसा या सामान देने से साफ इंकार कर दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि ज्वैलर्स द्वारा न तो उसका लगभग 4.260 ग्राम वजन का सोने का आभूषण लौटाया गया और न ही 10,000 रुपये की राशि दी गई। रेनुका देवी ने बताया कि वह एक विधवा और गरीब महिला हैं, जिनके दो छोटे बच्चे हैं। जिनके भरण-पोषण की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर आभूषण व धनराशि दिलाए जाने की मांग की है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए ज्वैलर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं ज्वैलर्स स्वामी ने भी महिला द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया है। और उन्होंने कहा कि यह मामला लगभग आठ साल पुराना है।

## युवती के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बरहैनी चौकी क्षेत्र में एक युवती के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। सोमवार को पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उसने तहरीर में बताया कि मार्च 2025 में खम्बारी निवासी एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोप है कि इसके बाद वह बिना विवाह के उसके साथ रह रही थी। इस दौरान आरोपी शराब के नशे में युवती के साथ मारपीट करता था गंदी गालियां देता था और शराब पीने के लिए पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी देता था। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी की मां तथा उसकी बहन भी उसके साथ अपशब्दों का प्रयोग करते और गाली-गलौज करते थे। किसी तरह अपनी जान बचाकर युवती अपने मायके लौट आई। आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी 15 दिसंबर 2025 को तीन-चार अन्य युवकों के साथ पीड़िता के घर पहुंचा और उसके साथ मारपीट की। जाते समय उसने धमकी दी कि यदि वह उसके साथ नहीं गई तो उसे और उसके परिवार को जान से मार देगा। वही पीड़िता की मां ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### रोटरी क्लब के नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प मे 500 रोगी लाभान्वित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रोटरी क्लब आफ रामनगर, कार्बेट सिटी के द्वारा आयोजित किये गये नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का 500 रोगियो ने लाभ उठाया।नगर के पैठपड़ाब स्थित पर्वतीय रामलीला परिसर मे समपन्न हुऐ निशुल्क मेडिकल हैल्थ कैम्प का शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट के द्वारा किया गया। कैम्प मे फिजिशियन चिकित्सक डॉ. मंयक तिवारी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रतनेश कुमार, ईएनटी स्पेशिलिस्टि डॉ. कल्पना कुयाल के द्वारा लगभग 500 रोगियो को परीक्षण करके उन्हे परार्मश व दवाये उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर रोटरी क्लब रामनगर के अध्यक्ष राजीव मित्तल, सेकेट्री उमेश अग्रवाल, पायते वाली रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल गुर्जर, भाजपा नगराध्यक्ष भुपेन्द्र खाती, अरविंद सिंघल, अतुल टर्रे, दिनेश मेहरोत्रा, राकेश जिंदल, सर्वेश मित्तल, अमित गोयल, राजन सर्राफ, जितेन्द्र अरोरा, सुयश बंसल, अनिल अरोरा, शशांक बंसल, एसएन गुप्ता, राजीव टर्रे, मधुप गोयल आदि मौजूद रहे।

# आज खतरे में है वोट देने का अधिकार: रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आयोजित "वोट चोर गद्दी छोड़" रैली में रामनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेसजनों ने संगठित एवं प्रभावशाली सहभागिता की। इस रैली में रामनगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

रणजीत सिंह रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने गोलियां खाकर, जेल जाकर और यातनाएं सहकर अंग्रेजों



से देश को आजादी दिलाई और हमें संविधान दिया। इसी संविधान ने हमें समानता का अधिकार और अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार, वोट देने का अधिकार दिया। आज वहीं वोट देने का अधिकार खतरे में है। महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार में भाजपा के खिलाफ भारी जन विरोध था, इसके बावजूद आए परिणाम जनभावनाओं के बिल्कुल विपरीत हैं। संविधान और वोट के अधिकार को बचाने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आह्वान पर पूरे देश से कांग्रेसी दिल्ली गए और 'वोट चोरखग़द्दी छोड़' का बिगुल बजाया है।

कहा कि यह आंदोलन लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा के लिए है, और कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज को सड़क से संसद तक बुलंद करती रहेगी।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी भागीदारी दर्ज कराते हुए यह संकल्प लिया कि जनादेश के सम्मान और लोकतंत्र की मजबूती के लिए संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत, युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट फैजुल हक, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, मालधन अध्यक्ष ओमप्रकाश, कांग्रेस नेता भुवन पांडे, जिला महासचिव जावेद खान, मोहसिन खान, चांद खान, खुर्शीद आलम, योगिता गोस्वामी, ममता आर्य, गिरधारी लाल, महेंद्र आर्या, लीलाधर जोशी, शोएब रजा, मोहम्मद गाजी, इकबाल अल्वी आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैने हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस से लोन लिया था। उसे पूर्ण तरीके से रुपये अदा करना चाहता हूं, जिसकी सूचना बैंक कर्मचारी व सभी अधिकारियों को पत्र के द्वारा पहले ही दे चुका हूं। जिसके बाद भी बैंक कर्मचारियों ने उसके घर में बिना सूचना के अपने ताले डाल दिए हैं। मकान स्वामी स्वयं ग्रामवासियों से पंचनामा तैयार करवा के मकान के ताले खोल लेगा।

**सोयब पुत्र श्री अकरम**
**निवासी- सिरौलीकला, किच्छा तहसील किच्छा, जिला उधमसिंह नगर**

# जनसमस्याओं का महाकुंभ बना जिलाधिकारी का जनमिलन कार्यक्रम

## रिकॉर्ड 151 फरियादी पहुंचे, मौके पर समाधान से लौटा हर चेहरा संतुष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा प्रत्येक सोमवार को आयोजित जनमिलन कार्यक्रम आज जनविश्वास का सबसे मजबूत मंच बनकर सामने आया। जनसमस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान के चलते आज जनमिलन में फरियादियों की रिकॉर्ड भीड़ उमड़ी। हालात ऐसे रहे कि मीटिंग हॉल छोटा पड़ गया और कई लोगों को बाहर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।



आज सोमवार को कुल 151 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं, जो अब तक का एक रिकॉर्ड है। जिलाधिकारी मनीष कुमार की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वे हर फरियादी की बात उसकी भाषा में, पूरी तसल्ली से सुनते हैं और समाधान होने तक स्वयं निगरानी रखते हैं। यही कारण है कि लोग संतुष्ट होकर अपने घरों को लौटे। जनमिलन में स्पष्ट दिखा कि जिलाधिकारी की "क्विक एक्शन" कार्यसंस्कृति में टालमटोल, गुमराह करने या बहानेबाजी की कोई जगह नहीं है। छोटे-छोटे कार्यों के लिए आए लोगों को "कल कर देंगे" कहे जाने पर डीएम ने सख्त लहजे में कहा इनका काम आज क्यों नहीं हो सकता? गरीब लोग बार-बार दफ्तरों के चक्कर नहीं काट सकते। नगर पालिका लोहाघाट में अस्थायी लेखाकार पद से हटाई गई उच्च शिक्षित युवती रुचि वर्मा को पुनः रोजगार से जोड़ने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए। खनन न्यास से स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों का भुगतान आज ही करने के आदेश दिए गए। प्रभावित लोगों को यदि समय पर मुआवजा नहीं मिलता है तो विभाग को ब्याज सहित भुगतान करने की सख्त हिदायत दी गई। टनकपुर में बैठकर जनमिलन में अनुपस्थित रहने पर जिला श्रम अधिकारी पर नाराजगी जताते हुए उनका वेतन रोकने, प्रशासनिक कार्रवाई करने और उन्हें आपदा व नगर क्षेत्र की ड्यूटी से जोड़ने के निर्देश दिए गए। डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जनमिलन में तय समय-सीमा की जानकारी लाभार्थियों को दी जाए।

ग्रामीण क्षेत्रों के श्मशान घाटों में लकड़ी के टाल, टीन शेड और मार्ग सुधार के प्रस्ताव सभी बीडीओ को सौंपे गए। कोटा रोल मेल गांव के पुष्प उत्पादक श्री भट्ट सहित ग्रामीणों के चेहरे तब खिल उठे जब गांव में लघु सिंचाई योजना को प्राथमिकता पर स्वीकृति देने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीडीओ डा. जीएस खाती, सीएमओ डा. देवेश चौहान, एसडीएम अनुराग आर्या, एपीडी बिम्मी जोशी, डीडीओ डीएस दिगारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे यह जन मिलन कार्यक्रम सात घंटे तक चला।

## फुलसुंगी रोड पर ध्वस्त किया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला विकास प्राधिकरण एवं राजस्व विभाग ने सोमवार को संयुक्त कार्रवाई में फुलसुंगी रोड स्थित अतिक्रमण ध्वस्त किया।

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जय किशन के नेतृत्व में राजस्व विभाग और पुलिस टीम के साथ सुबह अतिक्रमण स्थल पर पहुंचे। जहां अतिक्रमण स्थल की नापजोख के बाद अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित नीम करौली बाबा धर्मकांटा नदी किनारे अतिक्रमण कर बनाया गया था।

साथ ही पास से गुजर रहे नाले पर भी अवैध रूप से कब्जा किया गया था।

ग्राम फुलसुंगा तहसील रुद्रपुर में प्राधिकरण की टीम ने पूर्व में ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया था।सुरक्षा की दृष्टिगत बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

## एक नजर

### वन भूमि से हटाए गए लोगों ने दिए डीएफओ से मिले इंदर सिंह रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम पुछड़ी क्षेत्र से वन विभाग द्वारा वन भूमि से हटाए जाने के बाद भाजपा नेता इंदर सिंह रावत ने भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ पीड़ित परिवारों का पक्ष रखते हुए डीएफओ प्रकाश आर्य से मुलाकात की।



इंदर सिंह रावत ने बताया कि कई परिवार ऐसे हैं जो 1964 से यहां रह रहे हैं और उत्तराखंड के मूल निवासी हैं, फिर भी अचानक उनके घर उजड़ गए हैं। ऐसे परिवारों के साथ न्याय होना बहुत जरूरी है। कहा कि उन्होंने अपनी सरकार से भी मांग रखी कि इन प्रभावित परिवारों के लिए उचित पुनर्वास व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।पीड़ित लोग ग्राम पूछड़ी क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे रह रहे हैं और इस समय ठंड का मौसम है।डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने भी इस विषय पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा जारी किसी भी दिशा-निर्देश का विभाग पूरी निष्ठा से पालन करेगा। इंदर रावत ने कहा कि इस महत्वपूर्ण विषय पर वह शीघ्र ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी जल्द ही वार्ता की जाएगी ताकि इन मूल निवासी परिवारों को न्याय मिल सके।

## उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय जलागम से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा नेता विपिन काण्डपाल ने उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय जलागम परिषद् (दर्जा राज्य मंत्री उत्तराखण्ड सरकार) शंकर कोरंगा से उनके निवास स्थान हल्द्वानी में शिष्टाचार भेंट की।



विपिन काण्डपाल ने कहा कि ग्राम सभा गैबुआ खास,ग्रामसभा नन्दपुर, खेमपुर के गांव गैबुआ खास, गैबुआ धामपुर, गैबुआ फिचा, पदमपुर डोलिया, गैबुआ डोलिया, किशनपुर कोटली, कुँवरपुर गैबुआ, गैबुआ बरायल, खेमपुर गैबुआ, मदनपुर, नन्दपुर आदि गाँवो को जलागम में गोद लेने का आग्रह किया। इन गांवों में किसानों को सिचाई, खेती, करने में परेशानीयाँ हो रही हैं। सिचाई गूलो का क्षतिग्रस्त ग्रस्त होना, गूलो के ऊपर पुलिया ना होना, सडके खराब होना आदि समस्याओं के कारण किसानो को खेती करने में परेशानी हो रही हैं। राज्यमंत्री शकर कोरंगा ने कहा कि हम जल्द से जल्द इन गांवों को जलागम के तहत गोद लेगे। इन गांवों और किसानो का चहुमुखी विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी का सकल्प है कि गांव-गांव तक नहरे, सडके सिचाई गूल दुरस्त होनी चाहिए। जिससे की किसानो को कोई भी परेशानियो का सामना न करना पड़े।विपिन काण्डपाल,अजय काम्बोज, पंकज तिवारी, यमन नैलवाल, मोहन चन्द्र तिवारी, सोमिल रावत, शोभा काण्डपाल, नवनीत बिष्ट आदि ने शकर कोरंगा का आभार व्यक्त किया है।

## पूछड़ी क्षेत्र में पीड़ित परिवारों को वितरित किया राशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने उम्मीद की किरण के माध्यम से ग्राम पूछड़ी क्षेत्र में पीड़ित परिवारों को राशन वितरित किया।संजय नेगी ने कहा है ग्राम पुछडी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के नाम पर लोगों के घरों को तोड़ दिया गया था। जिस कारण वे लोग छोटे - छोटे बच्चों को लेकर खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर है और सर्दियों का मौसम चल रहा है। ऐसे में लोगों को आगे आकर पीड़ित परिवारों की मदद करनी चाहिए।उन्होंने बताया कि प्रभावित 50 परिवारों को उम्मीद की किरण ग्रुप के माध्यम से राशन वितरित किया गया है। पीड़ित परिवारों ने ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी और उम्मीद की किरण का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ललित कड़कोटी, एस लाल,मोहम्मद ताहिर आदि लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री चैंपियन ट्रॉफी में हर बच्चे को खोज-खोज कर किया जाए शामिल: डीएम

■ **युवाओं को नशे से दूर रखने एवं उनका फौलादी शरीर बनाने के लिए मुख्यमंत्री चैंपियन ट्रॉफी होगी काफी मददगार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा राज्य में खेल संस्कृति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्यव्यापी खेलकूद प्रतियोगिता "खेल महाकुम्भ" यानी मुख्यमंत्री चैंपियन ट्रॉफी का आयोजन किया जा रहा है। इसका लक्ष्य युवाओं व दिव्यांगजनों को खेलों से जोड़ना, प्रतिभाओं की पहचान करना, नशामुक्त उत्तराखण्ड के संकल्प को मजबूत करना और फिट इंडिया मूवमेंट को ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाना है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार का कहना है कि इस मुख्यमंत्री चैंपियन ट्रॉफी में हर वर्ग व उम्र के बच्चों को खोज खोज कर शामिल कर उन्हें आगे बढ़ने का मौका दिया जाए। जिला युवा कल्याण अधिकारी जसवंत खड़ायत ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि खेल महाकुम्भ के अंतर्गत प्रतियोगिताएं न्याय पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक आयोजित होंगी।

इसमें उत्तराखण्ड के स्थायी निवासी खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। सरकारी-निजी विद्यालयों, कॉलेजों, आईटीआई, खेल अकादमियों व विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं इसमें प्रतिभाग करेंगे। न्याय पंचायत स्तर पर एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, मुर्गा झपट; विधानसभा स्तर पर वॉलीबॉल व पिठ्ठू तथा संसदीय क्षेत्र स्तर पर फुटबॉल, रस्साकस्सी, मलखम्भ व पारंपरिक खेल आयोजित किए जाएंगे।

### चैम्पियनशिप ट्रॉफी का आयोजन

प्रतियोगिताओं को और रोचक बनाने के लिए विधानसभा स्तर पर विधायक चैम्पियनशिप ट्रॉफी, संसदीय क्षेत्र स्तर पर सांसद चैम्पियनशिप ट्रॉफी तथा राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। आकर्षक पुरस्कारों की व्यवस्था विजेताओं को विभिन्न स्तरों पर नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। न्याय पंचायत स्तर: 300, 200 व 150, विधानसभा स्तर: 500, 400 व 300, संसदीय क्षेत्र स्तर: 800, 600 व 400, राज्य स्तर: 1500, 1000 व 700। इसके साथ ही विजेताओं को मेडल, प्रमाण-पत्र एवं संबंधित चैम्पियनशिप ट्रॉफियां भी प्रदान की जाएंगी। खेल महाकुम्भ युवाओं को खेलों से जोड़ने, उनकी प्रतिभा को निखारने और उत्तराखण्ड को स्वस्थ, सशक्त व खेल-संस्कृति से समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में एक प्रभावी और प्रेरणादायी पहल है।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

■ **विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर किया सम्मानित**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विकासखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता माय भारत द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग में कबड्डी, 400 मीटर रेस, लंबी कूद तथा महिला वर्ग में खो खो, 200 मीटर रेस और लंबी कूद आदि खेल आयोजित किए गए। वहीं कबड्डी में नौसर अकादमी ने प्रथम, खटीमा ब्लॉकर्स ने द्वितीय, मझोला ने तृतीय, खो खो में एई स्पोर्ट्स अकादमी ने प्रथम, यूके फिटनेस क्लब ने द्वितीय, स्प्रिंग पब्लिक स्कूल ने तृतीय, लंबी कूद महिला वर्ग में तन्वी राणा ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय, तन्वी वर्मा ने तृतीय, लंबी कूद पुरुष वर्ग में आलोक ने प्रथम, अनमोल वाजवा ने द्वितीय, सुलभ सिंह ने तृतीय, 200 मीटर रेस महिला वर्ग में कशिश ने प्रथम, फिजा ने द्वितीय, देवांशी व कुमकुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सभी विजेता प्रतिभागियों को माय भारत द्वारा मेडल, प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्य, नौसर ग्राम प्रधान महेंद्र पाल, बीडीसी संजय सिंह जायसवाल आदि मौजूद रहे। वहीं समापन अवसर पर उपस्थित बतौर अतिथि मंत्रा वाटर पार्क के संचालक रमेश चौहान ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर दीपक कुमार, हिमांशु कुमार, अर्जुन, गौरव, सचिन, अविनाश, रौनक, धर्मेंद्र कुमार, संदीप कुशवाहा, अर्जुन सिंह राठौर, पंकज प्रजापति, दीपक साहनी, ईसाक, आफताब तथा हरदेव आदि उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति के अवसर पर कुमाऊंनी सांस्कृतिक उत्थान मंच की हुई बैठक

■ **नौ जनवरी से होने वाले उत्तरायणी कौतिक की तैयारियों की शुरुआत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच द्वारा आगामी उत्तरायणी कोतिक की तैयारियों की शुरुआत तराई बीज विकास निगम के मैदान में होने लगी हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर नौ जनवरी 2026 को होने वाले सात दिवसीय भव्य एवं दिव्य उत्तरायणी कौतिक परंपरागत तरीके से मनाने के लिए कै. ठाकुर सिंह खाती अध्यक्ष कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच की देखरेख में बिन्दुवार तैयारियां की जा रही हैं।



तराई बीज विकास निगम के मैदान में इस वर्ष भी उत्तरायणी कौतिक 9 जनवरी से संपन्न होगा। इसके लिए बिजली, पानी, टेंट, मेले में सजने वाले बाजार, खेल सामग्री, विभिन्न सुप्रसिद्ध कलाकारों, रंग कर्मियों को आमंत्रित करने संबंधित व्यवस्थाओं को अंजाम दिया जा रहा है। मेला स्थल पर कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच के सचिव भुवन भट्ट, कोषाध्यक्ष बीएस मेहता, कैप्टन जवाहर सिंह बसेड़ा, घनश्याम सनवाल, नवीन कापड़ी, त्रिलोक सिंह गैडा, कैप्टन दीवानी चंद, एडवोकेट जगदीश पांडे आदि बड़ी संख्या में मंच से जुड़े लोग तैयारियों में जुटे हैं।

## एसएसपी मिश्रा ने विभिन्न विभागों के साथ चलाया सर्च अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने सोमवार को खटीमा पहुंचकर विभिन्न विभागों के साथ इस्लामनगर से लेकर गोटिया में व मुख्य मार्ग पर सर्च अभियान चलाया। इस अभियान में अतिक्रमण, नशे के खिलाफ, मेडिकल स्टोर, मिठाई के सैंपल, बिजली मीटर व चोरी सहित अन्य कार्यवाही की गई। वहीं तुषार शर्मा हत्याकांड के आरोपी के घर का भी निरीक्षण किया गया। इस मौके पर एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम तुषार सैनी, सीओ विमल रावत, कोतवाल विजेंद्र शाह, चौकी इचार्ज, ईओ नगरपालिका, एसडीओ विद्युत, व ड्रग विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## डॉ. नरेश एवं डॉ. अल्का हुए उत्कृष्ट सेवा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के डॉ. नरेश कुमार एवं डॉ. अलका को डॉ.अंबेडकर उत्कृष्ट सेवा राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है।



यह सम्मान 'भारतीय दलित साहित्य अकादमी के 41वें सम्मेलन' नई दिल्ली में 12 दिसंबर को प्रदान किया गया।बता दें कि रामनगर महाविद्यालय के इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. नरेश कुमार एवं समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. अलका को मुख्य अतिथि डॉ.सत्यनारायण जटिया पूर्व केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार एवं पी.एल. पुनिया पूर्व राज्यसभा सांसद के द्वारा प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में विविध राज्य एवं देश के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस उपलब्धि के लिए दोनों प्राध्यापकों को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी पाण्डे एवं सहित महाविद्यालय परिवार ने बधाईयां दीं।

## खेल महाकुम्भ-2025 का आगाज 20 दिसम्बर को

■ **खेल प्रतियोगिताओं को लेकर सीडीओ ने ली बैठक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** खेल महाकुम्भ-2025 के अन्तर्गत 20 दिसम्बर से जनपद में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। खेलों के सफलता पूर्वक आयोजन कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि न्याय पंचायत, विधानसभा स्तर व संसदीय क्षेत्र स्तर के सभी संयोजक खेल समितियों के साथ शीघ्र बैठक कर खेल मैदान चिन्हित करते हुए तिथिवार रोस्टर बनाकर सभी खेल मैदानों में सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि वे तिथिवार खेल मैदानों में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी स्तर पर गठित खेल समितियों को निर्धारित समयानुसार खेलों का आयोजन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी स्तरों पर खेल प्रतियोगिता के शुभारम्भ दिसव व दिवसों पर जनप्रतिनिधियों का अवश्य आमंत्रित किया जाए। उन्होंने खेल महाकुम्भ का क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों को पोस्टर, वैनर व सोशल मीडिया के माध्यमों से प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक बच्चें विभिन्न आयु वर्ग के खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सकें। उन्होंने सम्बन्धितों को पूर्ण व्यवस्थाओं के साथ ही पर्याप्त तकनीकि स्टाफ, निर्णायकों की तैनाती करने के साथ ही पारदर्शिता से निष्पक्ष खेल प्रतियोगिताएं कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए विभिन्न स्तर पर जलपान, अल्पाहार की व्यवस्था की जायेगी तथा जनपद स्तर पर खिलाड़ियों के लिए शुद्ध व ताजा भोजन, पानी की व्यवस्था कराने के निर्देश जिला युवा कल्याण अधिकारी को दिए। उन्होंने अधिक से अधिक बच्चों का पंजीकरण कराकर प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराने के निर्देश दिये।



जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रा.र.दल विभाग द्वारा खेल, शिक्षा विभाग के सहयोग से खेल महाकुम्भ 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में खेलों का वातावरण सृजित करने, युवाओं एवं दिव्यांगों को खेलों के प्रति आकर्षण पैदा करना है। उन्होंने बताया कि खेल महाकुम्भ में तीनों स्तरों स्तरों पर अंडर-14 में 11 से 14 वर्ष व अंडर-19 में 15 से 19 आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे, जबकि दिव्यांग वर्ग ओपन प्रतियोगिता आयोजित होगी। उन्होंने ने बताया कि खेल महाकुम्भ में न्याय पंचायत स्तर पर 04 खेल कबड्डी, एथलेटिक्स, खो-खो, मुर्गा झपट व विधानसभा क्षेत्र विधायक चौम्पियनशिप ट्रॉफी में 06 खेल आयोजित होगें जिसमे कबड्डी, एथलेटिक्स, खो-खो, मुर्गा झपट, बॉलीवाल, पिट्टू प्रतियोगिता आयोजित होगें तथा संसदीय क्षेत्र सांसद चौम्पियनशिप ट्रॉफी में 11 खेल कबड्डी, एथलेटिक्स, खो-खो, मुर्गा झपट, बॉलीवाल, पिट्टू, मलखम्ब, रस्सा कसी, कंचा, फुटवाल, बैडमिंटन प्रतियोगिताए आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि विजेताओं को मेडल, प्रमाण पत्र के साथ ही नकद पुरस्कार डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का पंजीकरण ऑफ लाईन के साथ ही ऑन लाईन के माध्यम से किया जा रहा है। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, खेल समन्वयक सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, निकाय अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## लोहाघाट को नव वर्ष पर सीएम ने दिया तोहफा

■ **सरयू लिफ्ट पेयजल योजना की मंजूरी पर मुख्यमंत्री का नगरवासियों ने जताया आभार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

लोहाघाट। नव वर्ष की शुरुआत लोहाघाट नगरवासियों के लिए बड़ी राहत और खुशखबरी लेकर आई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लोहाघाट नगर के लिए सरयू नदी आधारित लिफ्ट पेयजल योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद पूरा नगर खुशी में डूब गया है। वर्षों से गंभीर पेयजल संकट झेल रहे नगरवासियों के लिए यह योजना किसी सौगात से कम नहीं है।

मुख्यमंत्री द्वारा दी गई इस बड़ी सौगात पर नगरवासियों ने दिल से आभार व्यक्त करते हुए खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में योजना को धरातल पर लाने के लिए लगातार शासन और प्रशासन के स्तर पर पहल करने वाले नगरपालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा का भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने उन्हें माल्यार्पण कर मिठाइयां खिलाई और उनके प्रयासों की खुले दिल से सराहना की।

नगर अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर क्षेत्र की महिलाओं से जो वादा किया था, उसे उन्होंने नव वर्ष के उपहार के रूप में पूरा कर दिखाया है। यह योजना लोहाघाट के लिए ऐतिहासिक साबित होगी और नगरवासी इस योगदान को हमेशा याद रखेंगे।

कार्यक्रम में सभासद राजेंद्र ढेंक, सुरेश फर्त्याल, आरती गोरख, दीप गोस्वामी, योगेश जोशी, खड़क सिंह, आशीष राय, व्यापार संघ अध्यक्ष मनीष जुकरिया, दीपक जोशी, चंद्रशेखर जोशी, जीवन गहतोड़ी, गिरीश कुंवर, निर्मल मेहरा, योगेश मेहता, सुभाष बगौली, नीलांबर गहतोड़ी, नवीन वर्मा, गोपाल वर्मा, विमलेश थापा, मनोज राय सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## नेपाल ले जाई जा रही दो करोड़ कीमत की स्मैक पकड़ी

■ **तीत आरोपी पकड़े, कब्जे से एक बाइक व 2800 की नकदी बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** एसओजी व एसटीएफ ने बनबसा पुलिस की संयुक्त टीम ने चौकिग के दौरान तीन लोगों को करोड़ों कीमत की मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपी चोर रास्ते से नेपाल जाने की फिराक में थे।

सोमवार को पुलिस से मिलीघ जानकारी के अनुसार जनपद घ्के पुलिस कप्तान अजय गणपति द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यावही किये जाने को निर्देशित किया गया है।इसी क्रम में सुश्री वन्दना वर्मा क्षेत्राधिकारी टनकपुर के निर्देशन में एसओजी प्रभारी कमलेश भट्ट के नेतृत्व में संयुक्त कार्यवाही करते हुए एसटीएफ कुमाऊ परिक्षेत्र की टीम व बनवसा पुलिस द्वारा सूचना संकलन व संदिग्धों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए चौकिंग के दौरान स्टांग फार्म के निकट बनवसा-चम्पावत मार्ग पर बिना नम्बर की पल्सर मोटर साइकिल पर सवार तीन लोगों को चौकिग के लिए रोका जिनपर शक होने पर तीनों की तलाशी लेने पर कब्जे से 799 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई ,पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल सहित घ्कब्जे में ले लिया, पूछताछ में तीनों ने अपना नाम



सूरजदीप सिंह पुत्र जसवन्त सिंह निवासी ग्राम मजरा पूरब थाना पडवा जिला लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश व करनैल सिंह पुत्र कक्का सिंह निवासी दलराजपुर थाना सिंघाई जिला लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश तथा गुरमीत सिंह उर्फ मिता पुत्र इन्दर सिंह निवासी दलराजपुर थाना सिंघाई जिला लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश बताया है।

पूछताछ में आरोपियों नें लखीमपुर खीरी सें सतनाम सिंह से स्मैक लेकर आना व नेपाल में चोर रास्तों से उक्त स्मैक की सप्लाई करना बताया यह भी बताया कि सतनाम सिंह उनके गिरोह का सरगना है। सतनाम सिंह मुम्बई, गोवा आदि राज्यो में भी स्मैक सप्लाई करता है। गिरफ्तारी टीम प्रभारी एसओजी कमलेश भट्ट, मुख्य आरक्षी तपेन्द्र जोशी, गणेश बिष्ट,सिपाही नासिर हुसैन, सूरज कुमार व एसटीएफ कुमाऊं परिक्षेत्र टीम उप निरीक्षक विपिन चन्द जोशी, केजी मठपाल, मुख्य आरक्षी महेन्द्र गिरि, किशोर कुमार, रविन्द्र बिष्ट, थाना बनवसा टीम उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह बिष्ट, मुख्य आरक्षी पूरन आर्या शामिल हैं।

# मुख्य सचिव को हाई कोर्ट में पेश होने के निर्देश

## वन व राजस्व भूमि पर अतिक्रमण मामले पर सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वन विभाग, राजकीय राजमार्ग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग व वन भूमि व राजस्व भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट की खण्डपीठ ने राज्य सरकार को पूर्व में जिला स्तरीय कमेटी बनाकर अतिक्रमण चिन्हित कर अतिक्रमणकारियो की सुनाई करेंने के निर्देश दिए थे लेकिन याची द्वारा



कोर्ट को बताया गया कि कई जगह बिना नोटिस दिए ही प्रशासन ने अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्यवाही की जा रही है जो सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उलंघन है जिस पर कोर्ट ने मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश होने के साथ सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का किस तरह से पालन किया जाए ये बताने को कहा है। मामले में एक सप्ताह बाद अगली सुनवाई नियत की गई है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई।

मामले के अनुसार दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने मुख्य न्यायधीश को पत्र भेजकर कहा है कि नैनीताल जिले के पदमपुरी में वन विभाग की भूमि व रोड के किनारे कुछ लोगो ने संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से अतिक्रमण किया है जिसकी वजह से लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लिहाजा इसे हटाया जाय। कोर्ट ने इस पत्र का संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की थी साथ में कोर्ट ने जनहित याचिका का क्षेत्र को विस्तृत करते हुए पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग, राजकीय राजमार्ग तथा वन भूमि व राजस्व भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश सभी जिलाधिकारियों व डीएफओ को देकर रिपोर्ट पेश करने को कहा था।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर सुनवाई अब हफ्ते भर बाद

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में प्रदेश भर के सरकारी अस्पतालों में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। बता दें सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान सीएमओ नैनीताल और पीएमएस कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान जानकारी में आया था कि नैनीताल के राजकीय बीडी पांडेय जिला अस्पताल के आईसीयू में आकसीजन सप्लाई में दिक्कत आ रही है जो ऑक्सीजन प्लांट है उससे आकसीजन की सप्लाई नहीं हो पा रही है। सिलेंडर के माध्यम से ऑक्सीजन सप्लाई हो रहा है जिसकी वजह से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर कोर्ट ने ऑक्सीजन प्लांट को सुचारू करने के निर्देश सचिव स्वास्थ्य को दिये हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने सेनेटोरियम हॉस्पिटल को मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनने की डीपीआर की प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले में अब एक सप्ताह बाद होगी सुनवाई। आज मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई।

### आज जॉइंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को पेश होने के निर्देश

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने परिवहन विभाग के द्वारा विक्रम ऑटो की 7 सीटर को 6 सीटर करने के आदेश को चुनौती देती विशेष अपील पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि बिक्रम ऑटो की फोटोग्राफी करके कोर्ट में प्रस्तुत करें साथ में कोर्ट ने जॉइंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को कोर्ट मे वीडिओ कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंगलवार आज को पेश होने को कहा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार आज भी जारी रखी है। बता दें सोमवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार बिक्रम जन कल्याण समिति ने उच्च न्यायलय मे याचिका दायर कर कहा है कि परिवहन विभाग ने आदेश जारी कर कहा है कि वे विकम ऑटो मे 7 सवारी के बजाय 6 सवारी ही ले जा सकते हैं अगर 6 से ज्यादा सवारी ले जाने में पकड़े जाते हैं तो 20 हजार का जुर्माना और उनके टैकस से जुड़े कार्य भी नहीं होंगे। कहा कि चालक की सीट के बगल वाली सीट पर कोई भी सवारी नहीं बैठा सकते हैं। उस सीट को फाइबर या लोहे की रोड से बंद करना करें ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। परिवहन विभाग ने सन् 2019 में भी इस पर रोक लगाई गयी थी लेकिन ऑटो चालकों ने इस नियम का अनुपालन नहीं किया गया वे 6 सवारी के बजाय 8 या 10 सवारी ले जा रहे हैं जिसकी वजह से दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। पूर्व में एकल पीठ ने परिवहन विभाग के इस आदेश को सही पाया और विक्रम संचालकों की याचिका को निरस्त कर दिया था। इस आदेश को उनके द्वारा खंडपीठ में विशेष अपील दायर कर चुनौती दी गयी जिसपर कोर्ट ने अब सोमवार को सुनवाई करते हुए उक्त आदेश जारी कर जॉइंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट मे मंगलवार आज पेश होने को कहा है साथ में कोर्ट ने याचिका कर्ता से कहा है की वे विक्रम ऑटो की फोटोग्राफी करके कोर्ट मे पेश करें।

## अलायन्स आर्गेनाइजेशन देहरादून ग्रुप के कलाकारों की देवीधुरा के बग्वाल नृत्य प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कालेज के सभागार में सोमवार को अलायन्स आर्गेनाइजेशन देहरादून ग्रुप के कलाकारों की ओर से देवीधुरा के बग्वाल नृत्य का भव्य प्रदर्शन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति को सभी दर्शकों ने बेहद सराहा। बता दें एलायंस ऑर्गेनाइजेशन देहरादून के कलाकारों द्वारा प्राचीन लोक परंपरा देवीधुरा का बग्वाल नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुति गुरु एवं निर्देशक माया राणा के कुशल निर्देशन में हुई जिसमें कलाकारों के रूप में शिखा, भुवन कुमार, रिया, दीपा, शीतल व लवी अधिकारी तथा आशीष, महिपाल, हरीश तथा हिमांशु और धीरज ने अपनी उत्कृष्ट कला का अद्भुत प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया जबकि वाद्य कलाकारों में अजय कुमार, गौरव कुमार तथा भुवन कुमार और कैलाश ने सुन्दर प्रदर्शन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरएसटी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मनोज पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि शोभन सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मां वराही की विधिवत पूजा अर्चना की गयी तत्पश्चात देवीधुरा के बग्वाल नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। उल्लेखनीय है कि माँ वराही धाम देवीधुरा में मनाया जाने वाला बग्वाल पाषाण युद्ध के रूप में प्रसिद्ध है जो भाई-बहन के अटूट प्रेम, आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक माना जाता है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। इस मौके पर शिक्षकगण, छात्रों एवं अभिभावकों की सहभागिता से वातावरण अत्यंत उल्लासपूर्ण रहा।

## एक नजर

### निलंबित आदेश को रद्द किया हाईकोर्ट ने

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून व बड़कोट क्षेत्र के तीन बीएलओ को शासन द्वारा निलंबित किये जाने के आदेश को रद्द कर दिया है। इन बीएलओ को 5 दिसंबर को निलंबित किया गया था। बता दें निलंबित बीएलओ गजेंद्र सिंह नेगी, दीपक कुमार व दीपक सिंह ने अपने निलंबन आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि उन्हें निलंबन से पूर्व कारण बताओ नोटिस नहीं दिया गया जो कि नियमों के खिलाफ है। उनके अधिवक्ता ने नियमों का हवाला देते हुए कोर्ट को बताया कि निलंबन तभी होगा जब आरोप पत्र दिया जाएगा। इन बीएलओ पर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं का नाम शहरी क्षेत्र के मतदाता सूची में दर्ज करने का आरोप है। ये तीनों सिंचाई विभाग के कर्मचारी हैं। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई।

### संत एंथोनी के विद्यार्थियों ने खाद्य सामग्री बांटी

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट स्थित संत एंथोनी इंटर कालेज के विद्यार्थियों ने क्रिसमस मिलन के तौर पर वृद्ध, दिव्यांग और बेसहारा लोगों के लिए राशन और खाद्य सामग्री एकत्र कर मोतीनगर हलद्वानी स्थित मदर टेरेसा केंद्र में वितरित की गई। इस दौरान अध्यापक, अध्यापिकाओं तथा सिस्टर्स के साथ गए छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देते क्रिसमस तथा भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों ने केंद्र में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति से भेंट की और सेवा और योगदान देने का संकल्प लिया।

### स्कूटी की चपेट में आने से बुजुर्ग चोटिल

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में स्कूटी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग चोटिल हो गया। उपचार के बाद बुजुर्ग को छुट्टी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार सोमवार को तल्लीताल राजभवन क्षेत्र में भुवन राम सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान वह सामने से आ रही स्कूटी की चपेट में आ गए। स्कूटी की चपेट में आने से वह सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए, साथ ही स्कूटी सवार भी चोटिल हो गया। राहगीरों ने दोनों चोटिलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर से उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी है। हालांकि चोटिल बुजुर्ग के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा काटकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

### ट्रीटमेंट पूरा होने से पहले ही उभरी दरारें

**नैनीताल।** नैनीताल में क्षतिग्रस्त लोअर मालरोड का ट्रीटमेंट कार्य के दौरान ही अपर मालरोड पर दरारें उभरना शुरू हो गया है। दरारें बढ़ी तो नगर का यातायात प्रभावित हो सकता है। बता दें लोअर मालरोड के उपचार के दौरान सूचना कार्यालय से यातायात का संचालन अपर मालरोड से ही किया जा रहा है। जिसके चलते अपर मालरोड में वाहनों का दबाव बढ़ गया है। वहीं लोअर मालरोड में मशीन से ड्रिल कार्य चल रहा है। जिसके चलते पर्यटन कार्यालय के सामने ही अब अपर मालरोड पर भी दरारें उभरने लगी हैं। जो अपर मालरोड के लिए भी खतरा बढ़ा रही हैं। लोनि.वि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सकसेना ने बताया कि उक्त स्थान पर पूर्व में भी दरार उभरी हुई थी। इन दिनों काम के चलते हल्की दरारें दिखाई दे रही हैं। बताया कि लोअर मालरोड के ट्रीटमेंट के बाद अपर मालरोड की दरारों को भी भर दिया जाएगा।

### ठंड के चलते जिला अस्पताल में बढ़े मरीज

**नैनीताल।** ठंड के चलते नैनीताल में जोड़ों में दर्द व बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। सोमवार को भी बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगी रही। बता दें कि नैनीताल में लगातार ठंड बढ़ने लगी है। जिसके चलते बीडी पांडे अस्पताल में सर्दी, जुकाम व बुखार व जोड़ों में दर्द के मरीज बढ़ रहे हैं। रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को अस्पताल में मरीजों की कतार लगी रही। पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि जाड़े में इन दिनों रोजाना तीन सौ से चार सौ मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं लेकिन सोमवार को 452 की ओपीडी रही। बताया कि ज्यादातर मरीज सर्दी जुकाम, बुखार व जोड़ों में दर्द के हैं। जिनको उपचार के साथ आवश्यक सलाह दी जा रही है।

### आरती आर्या का राष्ट्रीय फुटबाल में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** झारखंड में आयोजित होने वाली विद्यालयी राष्ट्रीय फुटबॉल



प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज की छात्रा आरती आर्या का चयन हुआ है। छात्रा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सोमवार को झारखण्ड के लिए रवाना हो गई है। छात्रा की इस बेहतरीन कामयाबी पर विद्यालय के मैनेजर विनय शाह, प्रधानाचार्या शबनम अहमद तथा क्रीड़ा प्रभारी पुष्पा दरम्वाल समेत रश्मि पुरोहित व फुटबॉल कोच भगवत मेर और समस्त स्टाफ ने छात्रा को बधाई दी है और उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।।

# जनसंपर्क किसी भी सार्वजनिक सेवा का आधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/नैनीताल।** जनसंपर्क किसी भी सार्वजनिक सेवा का आधार है। यह कहना हैपद्मश्री डा. बीकेएस संजय (अध्यक्ष एमस गुवाहाटी) का। उन्होंने यह विचार 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि थे। डा. संजय गिनीज विश्व रिकार्ड धारक ने बताया कि भरोसा, पारदर्शिता और समाज के साथ सक्रिय सहभागिता से ही सार्थक सेवा संभव है।

उन्होंने कहा कि बेहतर समुदाय के लिए संवाद व समझ और सभी हितधारकों की भागीदारी जरूरी है। सम्मेलन में ऋतु खंडूरी उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष और डा. रमेश पोखरियाल निशंक पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड एवं पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री भी उपस्थित थे। करीब 300 प्रतिनिधि देशभर से आए थे। डा. संजय ने सफलता के तीन स्तंभ व्यवहार तथा ज्ञान और कौशल का महत्व बताया। उन्होंने मजाक में कहा यदि आप कभी भूल जाएं तो मेरे आद्याक्षर याद रखें, यानी व्यवहार, यानी ज्ञान तथा यानी कौशल। उन्होंने तीन डी दृष्टिकोण, दस्तावेज़ीकरण, प्रदर्शन और प्रसार पर जोर दिया। दस्तावेजीकरण सटीकता सुनिश्चित करता है, प्रदर्शन समझ बढ़ाता है और प्रसार सही दर्शकों तक संदेश पहुँचाता है। तीन डी दृष्टिकोण जानकारी को प्रभाव में बदलता है, भरोसा बनाता है और हितधारकों के साथ सार्थक जुड़ाव को सक्षम करता है। डा. संजय ने कहा सभी पेशेवरों से संरचितए पारदर्शी और आकर्षक जनसंपर्क की आवश्यकता पर जोर दिया।

# राज्य निर्माण सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तराखंड की कार्यकारिणी गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राज्य निर्माण सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तराखंड की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्र खुर्पाताल में आयोजित की गई। बैठक में एसोसिएशन के केन्द्रीय अध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी, संरक्षक पान सिंह रौतेला, महासचिव प्रभात ध्यानी व खड़क सिंह बगड़वाल, कोषाध्यक्ष मनमोहन सिंह कन्याल, उपाध्यक्ष पान सिंह सिजवाली, केंद्रीय संगठन मंत्री कंचन चंदोला, विधि सलाहकार लीला बोरा तथा आडिटर तारा सिंह जबकि बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नैनीताल विधान सभा के पूर्व विधायक और वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी डा. नारायण सिंह



जंतवाल उपस्थित रहे।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट मोहन कांडपाल जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खड़क सिंह बगड़वाल ने की। इस अवसर पर सभी उत्तराखंड राज्य आंदोलनका. रियों ने एकमत होकर राज्य निर्माण सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तराखंड के निर्माण को लेकर खुशी व्यक्त की गई और उत्तराखंड राज्य और उत्तराखंड राज्य आंदोलनका. रियों की समस्याओं का समाधान हेतु एकमत होकर शासन-प्रशासन से वार्ता करके उनके समाधान हेतु प्रयास करने के लिए लगातार संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी के सदस्यों को वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी डा. नारायण सिंह जंतवाल द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई और केंद्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नैनीताल जिले के जिलाध्यक्ष के रूप में गणेश सिंह बिष्ट और अल्मोड़ा जिलाध्यक्ष के रूप में वीरेंद्र बजेठा को मनोनीत किया गया और उनसे कार्यकारिणी के विस्तार हेतु शीघ्र बैठक करने को निर्देशित किया। इस अवसर पर डा. सुरेश डालाकोटी, दीवान सिंह कनवाल तथा पान सिंह नेगी, बिशन सिंह मेहता तथा तारा सिंह अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महिला ने ग्रामीणों पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती मंगोली क्षेत्र में लीज पर भूमि लेकर रेस्टोरेंट संचालन कर रही ने महिला कारोबारी ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत पर पांच नामजद समेत 13 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि वह पांच साल से क्षेत्र में भूमि लीज पर लेकर अपने दिव्यांग पति व बेटी के साथ कैफे का संचालन करती है। बीते 10 दिसंबर को वह घर पर नहीं थे तो पड़ोस में रहने वाला युवक कुछ लोगों के साथ लूटपाट के इरादे से उसके भवन परिसर में घुसा व चार सीसीटीवी तोड़ दिये। अगले दिन भी युवक समेत सात से आठ अज्ञात लोग भवन परिसर में घुसे व तोड़फोड़ करने लगे। जब युवकों का विरोध किया तो दो युवकों ने धक्का मुक्की व मारपीट कर उसका व बेटी का मोबाइल छीन लिया। चौकी इंचार्ज विजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मंगोली निवासी मनीष मेहरा तथा खुर्पाताल निवासी अरनव सिंह, कालाढूंगी निवासी सूरज मेहरा, प्रमोद भट्ट, मंगोली निवासी मुन्नी देवी व आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। बताया कि मामले में शामिल मुख्य आरोपी अरनव सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसे मंगलवार (आज) को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## सेंट जॉन्स में पुरस्कार वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित स्कूल सेंट जॉन्स स्कूल में सोमवार को वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय



में वर्ष भर आयोजित खेल तथा कला एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आधार पर छात्र छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ समा. जसेवी कविता गंगोला तथा विशिष्ट अतिथि श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा कालेज की प्रधानाचार्या विनीता रावत द्वारा पुरस्कृत किया गया। बता दें प्रतियोगिताओं में हिंदी काव्य पाठ, अंग्रेजी काव्य पाठ, कला समेत हिन्दी लेखन, अंग्रेजी लेखन, वार्षिक खेल प्रतियोगिता के पुरस्कार प्राप्त कर छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर कालेज की उप प्रधानाचार्य पूनम बिष्ट समेत ज्योति त्रिपाठी, लता फर्त्याल रावत, किरन मेर, आशा जोशी, मोनिका वर्मा, अनीता बोरा, रुचि साह, पल्लवी जोशी, शाहीन, किरण रतूड़ी, पूजा आर्या, विक्रम सिंह रावत, हर्षिता आर्या, तुलसी मेहरा, पूनम बिष्ट तथा रेनू बिष्ट एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में प्रधानाचार्या विनीता रावत ने सभी का आभार जताया।

# निर्णायक बढ़त की ओर डीसीएस रावत और लटवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसियशन की नई कार्यकारिणी में डीसीएस रावत अध्यक्ष, अक्षय लटवाल महासचिव, सुशील वशिष्ठ वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मीना बिष्ट महिला उपाध्यक्ष पद पर निर्णायक बढ़त बनाए हुए हैं। मतपत्रों की गिनती जारी है और देर रात तक चुनाव परिणाम घोषित किये जाएंगे। अध्यक्ष पद पर डी सी एस रावत ने एकतरफा बढ़त बनाई है और जीतना तय है। जबकि महासचिव पद पर अक्षय लटवाल व सौरभ अधिकारी के बीच कांटे की टक्कर रही। महिला उपाध्यक्ष पद मीना बिष्ट ने अपनी प्रतिद्वंदी चेतना लटवाल पर भारी बढ़त बनाई है उनका जीतना भी तय है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुशील बशिष्ठ ने प्रेम कौशल पर 700 मतों की गिनती के बाद मामूली बढ़त बनाई है। बार एसोसियशन के चुनाव में कुल

### हाई कोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव

1689 मतदाताओं में से 1112 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। बार एसोसियशन के चुनाव के लिये सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ जो सायं 4 बजे तक जारी रहा। जिसमें वन वोट, वन बार के नियम को कड़ाई से लागू किये जाने के लिये सभी अधिवक्ताओं से मतदान से पूर्व शपथ पत्र भरवाया गया। मतदान के दौरान लंच समय में हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी, न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायमूर्ति आलोक महरा भी मतदान स्थल पहुंचे। ये सभी न्यायधीश पूर्व में हाईकोर्ट बार के सदस्य रहे हैं। जबकि न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी हाईकोर्ट बार एसोसियशन के अध्यक्ष भी रहे हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी कुर्बान अली, सलाहकार रविन्द्र बिष्ट, पर्यवेक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता एमसी कांडपाल, डा. महेंद्र पाल सहित चुनाव अधिकारियों की टीम शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था में जुटे रहे। मतदान के लिये राज्य के सुदूरवर्ती जिलों उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चमोली, रुद्रप्रयाग सहित सभी जिलों से अधिवक्ता यहां पहुंचे थे। हाईकोर्ट बार एसोसियशन के अध्यक्ष पद के लिये अंजली भार्गव, डीसीएस रावत, डीके जोशी, मनीषा भंडारी, महासचिव पद के लिये अक्षय लटवाल, भूपेंद्र कोरंगा, सौरभ अधिकारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु प्रेम कौशल व सुशील वशिष्ठ, उपाध्यक्ष (महिला) के एक पद हेतु चेतना लटवाल व मीना बिष्ट, कोषाध्यक्ष पद हेतु गुरबानी सिंह व शुभ्र रस्तोगी चुनाव मैदान में थे। कनिष्ठ कार्यकारिणी के चार सामान्य सदस्य पद हेतु देवेन्द्र सिंह (छोटू), गौरव पवार, नीलम गोदियाल, पंकज सेमवाल, रूचित तिवारी, सिद्धार्थ सिंह नेगी, स्वलेहा हुसैन (सना) एवं विक्रम सिंह धपोला, कुल आठ प्रत्याशियों के बीच चुनावी मुकाबला रहा। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के 5 पदों के लिये 6 अधिवक्ताओं ने नामांकन किया था। लेकिन सौरभ पांडे द्वारा नाम वापस लेने के बाद भुवनेश जोशी, मनोज कुमार शर्मा, निरंजन कुमार भट्ट, शिवांगी गंगवार एवं विश्व प्रकाश बहुगुणा का निर्विरोध चुने गए।

इसके अलावा कनिष्ठ उपाध्यक्ष के सामान्य पद हेतु गौरव काण्डपाल, उप सचिव (प्रशासन) के पद हेतु विश्वस्त काण्डपाल, उपसचिव (प्रेस) के पद पर प्रसन्ना कर्नाटक, पुस्तालयाध्यक्ष के पद पर अविदित नौलियाल, वरिष्ठ कार्यकारिणी (महिला) के पद पर श्रुति जोशी, कनिष्ठ कार्यकारिणी (महिला) के पद पर उन्नति पंत भी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने में मुख्य चुनाव अधिकारी कुर्बान अली के अलावा सलाहकार रवीन्द्र सिंह बिष्ट, कमलेश कुमार तिवारी, राजेश जोशी, भास्कर जोशी, गोपाल के वर्मा, राजकुमार, प्रदीप लोहनी, एसएस चौधरी, डीएस बनकोटी, कौशल साह जगाती, मनीष बिष्ट, सूर्यकान्त मैठाणी, तपन सिंह, विकास उनियाल, मीनाक्षी शर्मा, राघव सिंघल, शीतल सेलवाल, वन्दना मेहरा, रजनी सुप्याल लटवाल, संगीता आदि थे।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित 6 दिवसीय बेसिक ट्रेनिंग प्रोग्राम का सोमवार को शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम विश्व. विद्यालय अनुदान आयोग और शिक्षा मंत्रालय के आईकेएस प्रभाग के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और पंजाब से कुल 100 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। पहले दिन डा. रुचिका सिंह (समन्वयक, आईकेएस प्रभाग) ने बताया कि इस प्रशिक्षण से संकाय सदस्यों को भारतीय ज्ञान प्रणाली के पाठ्यक्रम, शिक्षण विधियों और मूल्यांकन पद्धतियों पर गहरी समझ विकसित करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं, पाठ्यक्रम संरचना, और समकालीन अनुप्रयोगों पर चर्चा की जाएगी।

## गौरव तिवारी ने पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** छात्रसंघ सचिव गौरव तिवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कॉलेज से जुड़ी कई समस्याओं और सुधारों की मांग की गई। ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग एम.एड. कार्यक्रम को सेल्फ फाइनेंस



ईवनिंग शिफ्ट में प्रारंभ करने की थी। छात्रसंघ ने बताया कि कुमाऊं क्षेत्र के किसी भी सरक. ारी कॉलेज में एम.एड. कोर्स उपलब्ध नहीं है, जिससे शिक्षक-प्रशिक्षण की चाह रखने वाले छात्रों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा बीएड इन योगा एजुकेशन कार्यक्रम की शुरुआत की भी मांग की गई, ताकि योग शिक्षा और वेलनेस सेक्टर में बढ़ते अवसरों का लाभ स्थानीय छात्रों को मिल सके। कॉलेज में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के लिए छात्रसंघ ने एलबीएस बृहद् हॉल के ऊपर आधुनिक ई-लर्निंग केंद्र निर्माण हेतु बजट स्वीकृति की अपील की। इस संदर्भ में, छात्रों ने कॉलेज में ऑनलाइन शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता पर जोर दिया। छात्रसंघ ने नए भवन निर्माण कार्यों के लिए यह भी सुझाव दिया कि पुराने, मजबूत और उपयोगी भवनों को न तोड़ा जाए, बल्कि समीप स्थित एमबी इंटर कॉलेज की खाली भूमि का अधिग्रहण किया जाए।

## 'मूलनिवासी समाज को ही क्यों किया जा रहा बेघर'



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मूलनिवासी संघ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष दीपक चनियाल के नेतृत्व में एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्यपाल को भेजा गया। ज्ञापन में पूछड़ी रामनगर में मूलनिवासी समाज के लोगों के घरों के ध्वस्तीकरण पर चिंता जताई गई है। कहा गया है कि सर्दियों में उनके आशियानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर उन्हें खुले आसमान के नीचे रहने के लिए मजबूर किया गया। यह कदम मानवाधिकारों का उल्लंघन और अमानवीयता का प्रतीक है। ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया कि पूछड़ी क्षेत्र में अनुसूचित जाति, ओबीसी, मुस्लिम और अन्य वर्गों के लोग पिछले 50 वर्षों से निवास कर रहे हैं। इन निवासियों में 10 दिन से कम आयु के नवजात शिशु, 10 वर्ष से कम आयु के बच्चे, और 65 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग महिलाएं शामिल हैं। ज्ञापन में बताया गया कि वन विभाग और पुलिस बल ने अचानक आकर इन घरों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया, जबकि पीड़ितों ने अपनी रिहायशी स्थिति के वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, जिन्हें नजरअंदाज किया गया। इसके अलावा, जनपद में स्थित अन्य स्थानों जैसे बिंदुखत्ता, बागजाला और रानीबाग पर बने सभी निर्माणों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे यह प्रतीत होता है कि यह कदम मूलनिवासी समाज के प्रति द्वेषभावना से प्रेरित है। ज्ञापन पर दीपक चनियाल, किशन चंद्र, जीआर आर्य, आरपी गंगोला, नफीस अहमद खान ने हस्ताक्षर किए।

## भाजपा नेता विपिन काण्डपाल ने शंकर कोरंगा को गांवों की समस्याएं बताईं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामनगर के भाजपा नेता विपिन काण्डपाल ने राज्य मंत्री शंकर



कोरंगा से हल्द्वानी स्थित उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विपिन काण्डपाल ने राज्य मंत्री से आग्रह किया कि ग्राम सभा गैबुआ खास, नन्दपुर, खेमपुर और आसपास के गाँवों को जलागम योजना के तहत गोद लिया जाए। विपिन काण्डपाल ने बताया कि इन गाँवों में किसानों को सिंचाई और कृषि कार्यों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जलागम से संबंधित नालों और गूलों की हालत खराब है, जिनमें पुलिया का अभाव है, और सड़कों की स्थिति भी बेहद खराब है। इन समस्याओं के कारण किसानों को अपनी खेती में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राज्यमंत्री शंकर कोरंगा ने आश्वासन दिया कि इन गाँवों को जलागम योजना के तहत जल्द ही गोद लेकर इनका समग्र विकास किया जाएगा। विपिन काण्डपाल, अजय काम्बोज, पंकज तिवारी, यमन नैलवाल, मोहन चन्द्र तिवारी, सोमिल रावत, शोभा काण्डपाल, नवनीत बिष्ट और अन्य नेताओं ने शंकर कोरंगा का आभार व्यक्त किया और उनके प्रयासों को सराहा।

# भारत पहली बार स्क्वॉश विश्व कप चैंपियन बना

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई के एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए स्क्वॉश वर्ल्ड कप के फाइनल में भारतीय मिक्स्ड टीम ने हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर इतिहास रच दिया। यह मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में ब्रॉन्ज मेडल रहा था। इस टूर्नामेंट में 12 टीमों ने शॉर्ट और फास्ट फॉर्मेट में हिस्सा लिया।

भारत ने सेमीफाइनल में मजबूत मानी जाने वाली मिस्र की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा शुरू से अंत तक बना रहा। भारतीय टीम की अगुआई दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने की। फाइनल के पहले मुकाबले में जोशना ने हांगकांग की यी ली (वर्ल्ड नंबर-37) को 3-1 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद अभय सिंह ने एलेक्स लाउ को 3-0 से मात दी।

**● हांगकांग को 3-0 से हराकर, मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल**

निर्णायक मुकाबले में 17 साल की अनाहत सिंह ने टोमेटो हो को 3-0 से हराकर भारत की ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। भारतीय टीम में जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलावन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह शामिल थे।

मुकाबला देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में मौजूद रहे। जोशना चिनप्पा ने कहा कि हमें भरोसा था हम कर सकते हैं मैच के बाद जोशना चिनप्पा ने कहा, ह्टूर्नामेंट से पहले हम सभी को भरोसा था कि हम यह कर सकते हैं। सभी खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में थे। उन्होंने घरेलू दर्शकों के समर्थन को भी खास बताया और कहा कि उन्होंने अपने करियर में पहली बार इतने बड़े और जोशीले दर्शकों के सामने खेला। 2028 ओलिंपिक से पहले बड़ी उपलब्धि




स्क्वॉश को 2028 लॉस एंजेलिस ओलिंपिक में पहली बार शामिल किया जा रहा है। ऐसे में यह जीत युवा खिलाड़ियों अनाहत सिंह और अभय सिंह के साथ-साथ भारतीय स्क्वैश के लिए भी बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने स्क्वैश विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को दी बधाई



**● खिलाड़ियों की सफलता ने पूरे देश गौरान्वित किया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एसडीएटी स्क्वैश विश्व कप 2025 में अपना पहला विश्व कप खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की चौकड़ी की 'जबरदस्त लगन और दृढ़ संकल्प' के लिए तारीफ करते हुए कहा कि उनकी सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री ने भारतीय खेल पर इस ऐतिहासिक उपलब्धि के व्यापक प्रभाव पर बल देते हुए कहा कि यह जीत हमारे युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी।

## मेसी को जय शाह ने टी-20 वर्ल्डकप का टिकट दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी को आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप की इनविटेशनल टिकट दी। सोमवार को मेसी का दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भेंट की गई। साथ ही शाह ने मेसी को दिग्गज क्रिकेटर्स के ऑटोग्राफ वाला बैट भी गिफ्ट किया। मेसी ने सबसे पहले हाथ हिलाकर स्टेडियम में मौजूद फैंस का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज के साथ किक मारकर दर्शकों की ओर फुटबॉल उछाली, जिसमें से एक किक सीधे स्टेडियम के दूसरे माले तक पहुंच गई। इस दौरान मेसी ने बच्चों के साथ फुटबॉल खेलकर माहौल को और यादगार बना दिया। इससे पहले स्टेडियम के बाहर मेसी की एक झलक पाने के लिए फैंस की भारी भीड़ जुटी रही। उन्हें सुबह ही राष्ट्रीय राजधानी पहुंचना था, लेकिन दिल्ली में घने कोहरे के कारण उनकी उड़ान को रोक दिया गया, जिसके चलते मेसी को मुंबई एयरपोर्ट पर ही कुछ समय तक रुकना पड़ा। वे करीब 3 बजे दिल्ली पहुंच सके। इसके बाद मेसी ने कहा कि हम यहां से ढेर सारा प्यार लेकर जा रहे हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## बांग्लादेश ने नेपाल को सात विकेट से हराया

**दुबई, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जवाद अबरार (नाबाद 70) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 151 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। यहां बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की पूरी टीम 31-1 ओवर में 130 के स्कोर पर सिमट गई। अभिषेक तिवारी ने नेपाल के लिए सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली।

## बोंडी बीच पर हुई गोलीबारी की घटना पर दुख व्यक्त किया

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को बोंडी बीच पर हुए दुखद हमले पर दुख और शोक व्यक्त करते हुए पीड़ितों, उनके परिवारों और यहूदी समुदाय के प्रति संवेदना व्यक्त की। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर जारी एक एक संयुक्त बयान में दोनों क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि वे ष्कल शाम बोंडी बीच पर हुई दुखद घटनाओं से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस बेहद दुखद समय में उनकी संवेदनाएं 'पीड़ितों, उनके दोस्तों और परिवारों, यहूदी समुदाय और ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ हैं। हमारी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। हम आपके साथ खड़े हैं। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम कप्तान पैट कमिंस ने भी इस घटना पर अपना दुख व्यक्त किया। कलमस ने एक इंस्टाग्राम पर लिखा कि कल रात बोंडी में हुई भयावह घटना से मैं पूरी तरह से टूट गया हूं।

## गंभीर शिकायत' से न्यू द. वेल्स खिलाड़ी पर लगा प्रतिबंध

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** युवा खिलाड़ियों के साथ कथित दुर्व्यवहार की एक गंभीर शिकायत के बाद न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के एक क्रिकेटर पर किसी भी स्तर पर खेलने पर अनिश्चित काल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में छपी खबर के अनुसार, एनएसडब्ल्यू और एक टी-20 टीम के लिए खेल चुके एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन बोर्ड की एक आपात बैठक के बाद रद्द कर दिया गया है। यह संवेदनशील मामला है और पुलिस इसकी जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया गया है। क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के एक प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर बताया कि खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि एक गंभीर शिकायत के बारे में पता चलने के बाद क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स बोर्ड ने तुरंत प्रभाव से एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन स्थायी रूप से रद्द करने का फैसला किया

## इंग्लैंड ने तीसरे एशेज टेस्ट के लिए टीम की घोषणा की

**एडिलेड, वार्ता।** इंग्लैंड ने एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले एशेज टेस्ट के तीसरे मुकाबले के लिए एक बदलाव के साथ एकादश की पुष्टि कर दी है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, मेहमान टीम ने अपनी टीम में एक बदलाव किया है, जिसमें गस एटलकसन की जगह साथी तेज गेंदबाज जॉश टोंग को एकादश में शामिल किया गया है। बेन स्टोक्स टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे, जबकि विल जैक्स ने दूसरे टेस्ट के लिए शामिल किए जाने के बाद एकादश में अपनी जगह बनाए रखी है। टोंग का इस वर्ष जुलाई में द ओवल में भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट के बाद इंग्लैंड के लिए रेड-बॉल क्रिकेट में पहला मैच होगा। 28 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अब तक खेले गए छह टेस्ट में 31 विकेट लिए हैं, जिनमें से पांच विकेट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले है। इंग्लैंड फिलहाल एशेज सीरीज में 2-0 से पीछे है और वह बुधवार से एडिलेड में शुरू होने वाले मैच जीतकर सीरीज को जीवित रखने का लक्ष्य रखेगा।

## शेफीली विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ बनीं

**विश्व कप फाइनल में 87 रन बनाए थे, मेंस में साउथ अफ्रीका के साइमन हार्मर को अवॉर्ड**



**दुबई, वार्ता।** भारत को पहला विमेंस वर्ल्ड कप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली शेफाली वर्मा को आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 78 गेंदों पर 87 रन की शानदार पारी खेली थी। यह विमेंस वर्ल्ड कप फाइनल में किसी भी भारतीय ओपनर का सबसे बड़ा स्कोर रहा। बल्लेबाजी के साथ-साथ शेफाली ने गेंदबाजी में भी योगदान देते हुए 2 विकेट हासिल किए थे। उनकी इस ऑलराउंड परफॉर्मेंस की बदौलत भारत ने 7 विकेट पर 298 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया और फिर 52 रन से मैच जीतकर विमेंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। वहीं पुरुष वर्ग में यह सम्मान साउथ अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर साइमन हार्मर को मिला। हार्मर ने भारत के खिलाफ हाल ही में खेली गई टेस्ट सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए सबसे ज्यादा 17 विकेट झटके थे। प्रतिका रावल की जगह टीम में आई थी शेफाली पहले वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थी। उन्हें ओपनर प्रतिका रावल के बांग्लादेश के खिलाफ फील्डिंग करते समय चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया। 21 साल की शेफाली ने फाइनल में स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 104 रन की अहम साझेदारी की और भारत की ऐतिहासिक जीत की नींव रखी। शेफाली ने इस अवॉर्ड की रेस में थाईलैंड की थिपाचा पुटथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पीछे छोड़ा। अंत शानदार रहा- शेफाली अवॉर्ड मिलने के बाद शेफाली ने कहा कि उनका पहला वर्ल्ड कप अनुभव उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन अंत उससे कहीं बेहतर रहा जिसकी उन्होंने कल्पना की थी।

## बीसीसीआई का सख्त फैसला: सिर्फ रोहित-कोहली ही नहीं, हर मौजूदा खिलाड़ी को खेलनी होगी विजय हजारे ट्रॉफी

**● बोर्ड ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मौजूदा राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ियों को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो मैच खेलना अनिवार्य होगा**

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेटरों के लिए घरेलू क्रिकेट को लेकर सख्त रुख अपनाया है। बोर्ड ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मौजूदा राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ियों को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो मुकाबले खेलना अनिवार्य होगा। यह टूर्नामेंट 24 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19 दिसम्बर को अहमदाबाद में खेले जाने वाले आखिरी टी-20 मैच और 11 जनवरी 2026 से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली वनडे सीरीज के बीच करीब तीन हफ्ते का अंतर है। इसी अवधि का उपयोग करते हुए बीसीसीआई अपने सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट से जोड़े रखना चाहता है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने यह निर्देश खिलाड़ियों तक पहुंचा दिया है। यह फैसला ऑस्ट्रेलिया में हुए टेस्ट सीरीज के खराब प्रदर्शन के बाद किए गए रिव्यू का हिस्सा है, जिसमें सभी फॉर्मेट्स में घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सिफारिश की गई थी। रोहित शर्मा और विराट कोहली पहले ही अपनी उपलब्धता की जानकारी दे चुके हैं। इसके अलावा शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव जैसे सीनियर खिलाड़ियों को भी अपनी-अपनी राज्य टीमों के लिए कम से कम दो मैच खेलने के लिए कहा गया है। केवल श्रेयस अय्यर फिटनेस कारणों से फिलहाल इससे बाहर रह सकते हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विजय हजारे ट्रॉफी में कुल छह राउंड होंगे और खिलाड़ी और राज्य संघ यह तय कर सकते हैं कि वो किन दो राउंड में खेलेंगे। हालांकि, यह भी साफ कर दिया गया है कि हजारे ट्रॉफी खेलना अब वैकल्पिक नहीं है। केवल वही खिलाड़ी छूट पा सकते हैं जिन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अनफिट घोषित करे। इस बीच जसप्रीत बुमराह तीसरे टी-20 मैच से पहले निजी कारणों से घर वापस लौट गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, उनके एक बेहद करीबी पारिवारिक सदस्य अस्पताल में भर्ती हैं। हालात सुधरने पर बुमराह चौथे या पांचवें टी-20 मैच के लिए टीम से जुड़ सकते हैं। आईसीसी की समयसीमा को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई टी-20 वर्ल्ड कप और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज की टीम का एलान एक ही दिन करेगा।

## सूर्यकुमार और गिल हमें विश्व कप में मैच जिताएंगे: अभिषेक

**धर्मशाला, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का मानना है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और उपकप्तान शुभमन गिल जल्द ही फॉर्म में वापसी करेंगे और अपनी पारियों से आगे वर्ष फरवरी में होने वाले विश्वकप में भारत को जीत दिलायेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धर्मशाला में हुए तीसरे टी-20 एक बार फिर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (11 गेंद में 12 रन) और उपकप्तान शुभमन गिल (28 गेंद में 28 रन) बल्ले के साथ असफल रहने को लेकर अभिषेक ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं एक बात सीधे कह सकता हूं कि ये दोनों भारत को विश्व कप में मैच जिताने जा रहे हैं। उससे पहले अगले आने वाले मैचों में भी ये ऐसा करते हुए दिखेंगे।

**कार्यालय नगर निगम, अल्मोड़ा।**

पत्रांक: 1589/8-2(2025-2026) **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 15/12/2025

एतद्वारा नगर निगम, अल्मोड़ा के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार निर्माण कार्य की निविदा वेबसाईट https//uktenders.gov.in पर दिनांक 16.12.2025 अपराहन 01:00 बजे से दिनांक 30.12.2025 को अपराहन 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 31.12.2025 को अपराहन 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी / शर्ते निगम कार्यालय के निर्माण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि मय G.S.T सहित (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि | निविदा की वैधता (दिवस में) | ठेकेदार की न्यूनतम श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | देवभूमि रजत जयंती पार्क निर्माण। | 142.33 | 2.85 | 4000.00 + 18% G.S.T | 6 माह | 120 | सी0 एवं उच्चतर |

(रामजी शरण शर्मा)
नगर आयुक्त,
नगर निगम, अल्मोड़ा।

(अजय वर्मा)
महापौर,
नगर निगम, अल्मोड़ा।

**कार्यालय सहायक अभियन्ता, सिंचाई खण्ड पी0एम0जी0एस0वाई0 ज्योलीकोट (नैनीताल)**

Email ID :- eepmgsyjeyolikot@rediffmail.com / ntl.pmgsy@gmail.com दूरभाष नं0/फैक्स नं0 :-05942-224034

पत्रांक : 161/निविदा / 2025-26 दिनांक 15/12/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त निम्नलिखित कार्यों हेतु शील्ड निविदा दिनांक 02.01.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दिनांक 02.01.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र जमा करते समय दो प्रतिशत धरोहर धनराशि जो एन0एस0सी0/किसी राष्ट्रीय कृत बैंक द्वारा निर्गत टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 हो, को प्रतिभूति के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई, ज्योलीकोट के पद नाम से बन्धक कर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.12.2025 से 01.01.2026 अपरान्ह 4.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अलग से निविदा प्रपत्र मगवाने पर डाक व्यय हेतु रू0 100.00 मात्र अलग से देय होगा। डाक से विलम्ब का उत्तरदायित्व विभाग का नहीं होगा। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत लाख रू0 में | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | दैवीय आपदा मद के अन्तर्गत बजून से अधोड़ा किमी0 03.00 से अक्सू मोटर मार्ग में अतिवृष्टि एवं भूस्खलन से क्षतिग्रस्त भागों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 4.88 | 15000.00 | रू0 500+ 18% GST | 2 माह | 'डी' श्रेणी एवं उच्चतर |
| 2 | दैवीय आपदा मद के अन्तर्गत फतेहपुर से बेल नाईसेला बोहरागांव मोटर मार्ग (किमी0 11.00 से 20.00) में अतिवृष्टि एवं भूस्खलन से क्षतिग्रस्त भागों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 7.49 | 24000.00 | रू0 1000+ 18% GST | 2 माह | 'डी' श्रेणी एवं उच्चतर |
| 3 | दैवीय आपदा मद के अन्तर्गत फतेहपुर बेल-बसानी मोटर मार्ग (किमी0 0.00 से 10.00 तक) में अतिवृष्टि एवं भूस्खलन से क्षतिग्रस्त भागों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 7.82 | 24000.00 | रू0 1000+ 18% GST | 2 माह | 'डी' श्रेणी एवं उच्चतर |
| 4 | दैवीय आपदा मद के अन्तर्गत फतेहपुर बेल मोटर मार्ग (किमी0 21.00 से 32.00 तक) में अतिवृष्टि एवं भूस्खलन से क्षतिग्रस्त भागों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 7.82 | 24000.00 | रू0 1000+ 18% GST | 2 माह | 'डी' श्रेणी एवं उच्चतर |

नोट 1. निविदा सम्बन्धी शर्ते/प्रतिबन्ध किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
2. उक्त निविदाओं का विक्रय एवं निविदा से सम्बन्धित कार्यवाही उपखण्ड स्तर से की जायेगी।

(नेहा अमरीन मंसूरी)
सहायक अभियन्ता
सिं0ख0, पी0एम0जी0एस0वाई0
ज्योलीकोट (नैनीताल)

## सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा आज

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** द बेस्ट फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा कतर की राजधानी दोहा में आयोजित एक विशेष समारोह में मंगलवार को होगी। कल होने वाले इस समारोह का सीधा प्रसारण फीफाडॉटकॉम पर स्थानीय समय के अनुसार 20 बजे किया जाएगा।

अहमद बिन अली स्टेडियम में पेरिस सेंट-जर्मेन और सीआर फ्लेमेंगो के बीच फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप कतर 2025 के फाइनल की पूर्व संध्या पर, दोहा के फेयरमोंट कटारा हॉल में फीफा सेलिब्रेशन 2025 रात्रिभोज के दौरान इस वर्ष के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और कोचों के नामों की घोषणा की जायेगी। इस समारोह में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो, फीफा परिषद के सदस्यों सहित 800 मेहमान शामिल होंगे। इससे पहले, फीफा प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर डिजिटल वीडियो में सर्वश्रेष्ठ प्रशंसकों, गोलकीपरों और गोलों की घोषणा तथा फीफा फेयर प्ले अवॉर्ड के विजेता का भी ऐलान किया जाएगा। हमेशा की तरह प्रशंसकों ने एक करोड़ 60 लाख से अधिक वोट देकर विजेताओं का चयन किया है। इसके तहत सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर और सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर के पुरस्कार शामिल हैं।

## दिव्यांग टी-20 सीरीज 16-18 दिसंबर तक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगी

**मुम्बई, वार्ता।** तीन मैचों की दिव्यांग टी-20 सीरीज 16 से 18 दिसंबर तक मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में खेली जायेगी। इस अवसर पर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के महासचिव उन्मेश खानविलकर ने कहा कि पहली बार दिव्यांग क्रिकेट सीरीज की मेजबानी करना एमसीए के लिए एक गर्व का पल है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि क्रिकेट सच में सभी का है। हमारे अध्यक्ष अजिंक्य नाइक, दिव्यांग क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, और हम अपना पूरा समर्थन देना जारी रखेंगे। डीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान ने इसको लेकर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे खिलाड़ियों के लिए सच में एक बहुत ही खास पल है।

### एसपी देहात व सीओ ने किया भगवानपुर थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

# पीड़ितों को जिम्मेदारी से दिलाएं इंसाफ : सुयाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व क्षेत्र अधिकारी भगवानपुर द्वारा प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर की उपस्थिति में थाना भगवानपुर थाने का अध वार्षिक निरीक्षण किया गया। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने थाना भवन,बैरक, तथा मालगृह व हवालात व बैरक का निरीक्षण किया गया व बैरक का रखरखाव व साफ-सफाई संतोषजनक पाई गइ। मालखाने का निरीक्षण किया गया जिसमें मालखाने के रखरखाव एवं संपूर्ण सरकारी संपत्ति को चेक किया गया तथा माल निस्तारण किए जाने हेतू निर्देशित किया गया। हवालात खघली व सफाई संतोषजनक पायी गयी।



एसपी देहात ने सरकारी संपत्ति तथा आर्म्स एम्युनेशन व दंगा नियंत्रण उपकरण, आपदा उपकरण का निरीक्षण किया गया, जिसका रखरखाव संतोषजनक पाया गया । थाना भगवानपुरके अधिकारी/कर्मचारी गणों को अपनी उपस्थिति में वेपन हैंडलिंग कराई गयी व हैंडलिंग तथा शस्त्रों की साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके अलावा कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए सीसीटीएनएस बै सॉफ्टवेयर के संबंध में सभी अधिकारी व कर्मचारी गणों को उक्त सॉफ्टवेयर में निरंतर रूप से कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा सीएम पोर्टल अन्य पोर्टलों ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाली ऑनलाइन शिकायतों तथा चरित्र सत्यापन आदि को निश्चित समय सीमा के अंदर संबंधित अधिकारी/विभाग को रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया।

**❖थाने की सफाई व्यवस्था व असलहों के रख रखाव को परखने के साथ लंबित विवेचनाओं को जल्द निस्तारण के निर्देश**

# खेत की मेढ़ के विवाद में खूनी संघर्ष, जमकर चले हथियार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के लादपुर कला गांव में खेत की मेड़ के पुराने विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। जुताई करने खेत पर गए एक ही परिवार के लोगों पर आधा दर्जन से अधिक हमलावरों ने धारदार हथियारों, लोहे की रॉड और कथित तौर पर देसी तमंचों से लैस होकर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया हैजैनपुर खुर्द निवासी गुलजार पुत्र आबिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 दिसंबर को सुबह करीब 9:00 बजे उनका भाई शमशेर और उनके भतीजे तमरेज, परवेज, और दानिश, लादपुर कला स्थित अपने खेत की जुताई करने गए थे। इस जमीन की मेड़ को लेकर पहले भी विवाद चल रहा था।जैसे ही वे खेत पर पहुंचे, वहां हारून पुत्र फैयाज, आशु पुत्र रूस्तम, साबिर पुत्र शब्बीर (निवासी हलवाड़ी, थाना बहादराबाद), नाजिम पुत्र रुस्तम, आसिफ पुत्र फैयाज, मुरसलीन पुत्र वहीद, फरमान पुत्र वहीद, मुजफ्फरपुर पुत्र आलम, और अन्य लोग आ धमके। आरोप है कि ये सभी बनकटी, सरिया, और देसी तमंचों जैसे धारदार व जानलेवा हथियारों से लैस थे।ताबड़तोड़ हमला और फायरिंग के आरोपगुलजार के अनुसार, हमलावरों ने आते ही उन पर हमला बोल दिया। हारून ने लोहे की रॉड से शमशेर पर जानलेवा हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। दाऊद ने धारदार हथियारों से तमरेज के सिर पर गंभीर वार किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।सबसे गंभीर आरोप यह है कि दाऊद पुत्र फैयाज ने कथित तौर पर देसी तमंचे से 8 से 10 राउंड फायर किए, जिसमें से एक गोली परवेज की छाती पर लगी।घायल परवेज को तत्कालआनंद-फानन में हरिद्वार ले जाया गया। शोर-शराबा सुनकर वहां बोलेसा पुत्र सत्तार, अनवर पुत्र आबिद, सुलेमान पुत्र अशरफ, और इस्तखार पुत्र इरशाद पहुंचे और बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।आरोप है कि हमलावर मौके से जाते-जाते पीड़ितों को जान से मारने की धमकी भी दे गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

# फरवरी से शुरू होने वाली एसआईआर को लेकर भाजपा ने बनाई रणनीति

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** आगामी फरवरी माह से शुरू होने वाले एस आई आर की प्रक्रिया को लेकर भाजपा मंगलौर मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक एवं शक्ति केंद्र प्रभारियों की एक बैठक हुई बैठक में प्रत्येक कार्यकर्ता को एक जिम्मेदारी सौंप गई कि अपने-अपने वार्ड में जनता से मुलाकात करें और जिस किसी का दो-दो जगह वोट है या किसी की बेटी की शादी हो या किसी की मृत्यु हो गई है और उसका वोट अभी यहीं पर है तो इस तरह के वोटों को चिन्हित कर इसकी सूचना बीएलओ को दें ताकि समय रहते फर्जी वोटरों पर लगाम लगाई जा सके वहीं मंडल अध्यक्ष शोभित गुप्ता के द्वारा बताया गया कि आज की बैठक एस आई आर की प्रक्रिया को लेकर की गई है जो की फरवरी माह से शुरू हो जाएगी वहीं उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि जब एस आई आर लागू हो तो प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रशासनिक कर्मचारी का सहयोग करना है।

# खेत में मिला अज्ञात शव, हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के तांशीपुर स्थित एक खेत में शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। वहीं मृतक की शिनाख्त के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सोमवार को मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के तांशीपुर गांव में खेत में गए किसानों ने एक शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी। मामले की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां लगभग 45 वर्षीय एक व्यक्ति का शव क्षत विक्षत स्थिति में पड़ा था। मामले की जानकारी पाकर ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर जुट गई। वहीं पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए लेकिन कोई पहचान नहीं हो पाई। वहीं पुलिस के अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।



**अचानक आग लगने से घर में खड़ी दो ई रिक्शा जलकर राख**-मंगलौर में लंढोरा रोड स्थित एक घर में अचानक आग लग गई। आग लगने से घर में खड़ी दो ई रिक्शा पूरी तरह जलकर राख हो गई। बताया गया है कि इस घर में ई रिक्शा का चार्जिंग स्टेशन बनाया हुआ था और हादसे के वक्त करीब आधा दर्जन ई रिक्शा घर के अंदर खड़ी हुई थी।

घटना देर रात करीब दो बजे की बताई गई है, जब लंढोरा रोड स्थित एक घर पर आग लगने की सूचना पर लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हुई। मामले की जानकारी पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया बताया गया है कि घर के अंदर ई रिक्शा चार्जिंग स्टेशन बनाया गया था और लगभग 6 से अधिक रिक्शा मौके पर खड़ी थी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है वही मामले में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है कि एक घर में निजी विद्युत कनेक्शन पर ई रिक्शा चार्जिंग स्टेशन चलाया जा रहा है और विभाग को मामले की भनक भी नहीं थी।

### सिविल अस्पताल ब्लड बैंक के सौजन्य से आयोजित

# रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** विद्या विकासिनी पीजी कॉलेज गुरुकुल नरसन हरिद्वार में राजकीय हॉस्पिटल रुड़की के ब्लड बैंक के सौजन्य से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमे क्षेत्र वासियों एवं छात्र, छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

राजकीय चिकित्सालय के डॉ. भानुप्रताप, पवन कश्यप, रजनी आर्य ने सभी रक्त दान कर्ताओं की काउसलिंग की और रक्त दान देने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान कार्यकम का शुभारंभ कॉलेज संस्थापक सतीश सालार ने फीता काटकर किया इस अवसर पर सतीश सालार ने कहा की रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय दान है एक यूनिट रक्त तीन जिंदगियां बचा सकता है। दुर्घटनाओं, प्रसव, बड़ी सर्जरी या कैंसर जैसे मरीजों को अक्सर खून की जरूरत पड़ती है। इसलिए अधिक से अधिक लोग रक्तदान करें ताकि किसी जरूरतमंद को रक्त के अभाव में परेशानी न झेलनी पड़े। कुल 30 यूनिट ब्लड एकत्र हुआ। इस अवसर पर डॉ दीपक सालार, आलोक द्विवेदी, चंद्रपाल बिपाशा आरजू योगेश त्यागी अश्वनी शर्मा गौरव धर्मेंद्र अनुज सुधीर विपिन गुप्ता अफजल हिमांशु राणा विनीत कुमार संदीप विश्वास आदि मौजूद रहे।




# भाजपा की बैठक में एसआईआर अभियान पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** एसआईआर अभियान को लेकर आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौम्पियन के आवास रंगमहल में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया की समीक्षा करना तथा बूथ अध्यक्षों व बीएलओ - 2 को अभियान की जिम्मेदारियां समझाई गई।

रविवार को पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौम्पियन के आवास रंगमहल में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेत्री रानी देवयानी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर एक महत्वपूर्ण और आवश्यक प्रक्रिया है। जिसके तहत योग्य मतदाताओं के नाम जोड़े जाते हैं और अवैध या अप्रासंगिक नाम हटाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि बीएलओ-2 की भूमिका इस प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्योंकि उन्हें मतदान सूची को त्रुटिरहित बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने फरवरी 2026 तक चलने वाली इस प्रक्रिया में सभी कार्यकर्ताओं को पूरी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ काम करने के निर्देश दिए भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने कहा कि मतदाता सूची की कमी को गंभीरता से लेकर सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अद्यतन सूची तैयार करने का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। इसलिए सभी बीएलओ-2 को समय पर कार्य पूर्ण करने चाहिए। बैठक में तेजपाल मोर्या, प्रदीप पाल, महेश पाल, चौधरी चरण सिंह, संदीप सैनी, त्रिवेंद्र कुमार जाटव, तरुण, नवाब सिंह, शिवा चौधरी, अनंत चौधरी, अनिल शिवा, तेजपाल, जुल्फूकार अली, रहीसुल हसन, देशराज, सुनील सैनी, अरुण भारतीय सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# एपीएस-1 में एथलीट मीट का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 रुड़की के तत्वाधान में बीईजी एंड सेंटर पवेलियन रुड़की में इंटर हाउस एथलीट मीट के प्रथम दिवस का आयोजन किया गया। आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 अपनी स्थापना के 35 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अपना वार्षिक उत्सव खेल दिवस के रूप में मना रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेल तथा प्रतियोगिताओं का बहुत योगदान होता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विद्यालय के चारों सदन अशोक, हर्ष, कनिष्क तथा शिवाजी के विद्यार्थियों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है।

खेलोत्सव के प्रथम दिवस में अंतर सदनीय प्रतियोगिताओं में आज के परिणाम इस प्रकार रहे-60 मीटर अंडर 10 लड़कियाँ अशोका हाउस प्रथम स्थान सौम्या कक्षा4जी अशोका हाउस द्वितीय स्थान, राशिका 4जी बी, हर्ष हाउस तृतीया स्थान राधिका, 100 मीटर अंडर 10 बालक कनिष्क हाउस- प्रथम स्थान शौर्य 5जी बी अशोका हाउस द्वितीय स्थान श्रेयाक्ष 5जी ई शिवाजी हाउस तृतीय स्थान हार्दिक 5जी बी 400 मीटर अंडर 17 बालक हर्ष हाउस प्रथम स्थान हरि ओम 9जी ई रुद्र 9जी ए सादिक 10सी अनमोल 9जी ई कनिष्क सदन-द्वितीय स्थान अनमोल 9जी ए सागर 9जी ए शिवांश 9जी सी रानू 9जी डी अशोका सदन- तृतीय स्थान काव्य 9जी बी अली 9जी ए अभिनव 9जी ए अभिनव 9जी सी 400 मीटर अंडर 17 बालिका अशोका सदन- प्रथम स्थान रितिका 9जी ए हर्ष सदन -द्वितीय स्थानइशिका 12जी बी भावना 11जी डी रितिक 11जी बीर्वशिका 11जी डी शिवाजीसदन-तृतीय स्थान आरूषी 11जी सृष्टि 11बईशा 11जी बीप्रमिला 11 डी200 मीटर बालिका वर्ग अंडर 14शिवाजी सदन- प्रथम स्थानरीत लाल 7जी बीहर्ष हाउस द्वितीय स्थान आखिया 8जी बीअशोक सदन तृतीय स्थानआराध्या 6 जी सी 100 मीटर अंडर 14 बालकशिवाजी सदन प्रथम स्थान उत्कर्ष पाल 8क तनिष्क 7जी कनिष्क सदन द्वितीय स्थान प्रशांत धीमान 8ब अशोक सदन तृतीय स्थान गुलशन 7जी बी इस महत्वपूर्ण अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक गण प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु डोगरा उपस्थित रहे उन्होंने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।



# क्षेत्र के लोगों के लिए हमेशा काम करता रहूंगा : भड़ाना

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना रविवार को मंगलौर विधानसभा के ग्राम नरसन खुर्द पहुंचे जहां पर उनके द्वारा धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे इस दौरान हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने कहा कि मंगलौर विधानसभा क्षेत्र से मुझे अथाह प्रेम है और यहाँ के लोगो के में हमेशा काम करता रहूँगा उन्होंने कहा कि मौजूदा विधायक को छोड़कर लोग अपने काम के लिए उनके पास ही आते है और वह उनके सभी कार्य सहर्ष करते रहते है क्योंकि यहाँ की जनता से उन्हें बहुत लगाव है और उनका लक्ष्य है कि वह हमेशा मंगलौर की जनता की सेवा में लगातार लगे रहेंगे इस दौरान करतार सिंह भड़ाना ने नारसन में भी एक जनसभा को संबोधित किया।इस अवसर पर राजीव धारीवाल उर्फ भूरा, संजय धारीवाल , संजीव धारीवाल, ऋषिपाल कश्यप, अनिल कुमार, गजे सिंह, विजय, जगबीर आदि लोग मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम तनिष्का धीमान है जबकि मेरे दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम खुशी दर्ज है। तनिष्का धीमान व खुशी दोनों मेरी पुत्री के एक ही नाम हैं। अत: भविष्य में मेरी पुत्री को तनिष्का धीमान के नाम से ही जाना पहचाना, पढ़ा लिखा, व दर्ज किया जाए। **मनोज कुमार पुत्र ज्ञानचंद नि. 695 टाईप-2 सेक्टर 4, बीएचईएल रानीपुर हरिद्वार।**

# फैक्टरी से चोरी करते दो युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** यूपी बोन फैक्टरी में चोरी करने की नीयत से घुसे दो युवकों को सुरक्षा गार्ड ने रंगे हाथ दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से मोटर व फ्रेम मिला है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

फैक्टरी के सुपरवाइजर रणजीत ने बताया कि बीती शाम सुरक्षा गार्ड फैक्टरी में ड्यूटी पर थे। इसी दौरान दोनों युवक दीवार फांदकर फैक्टरी में घुस आए और मोटर व अन्य सामान चोरी करने लगे। इसी बीच सुरक्षा गार्ड को उनकी आहट सुनाई दी। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने फैक्टरी से सामान चोरी कर रहे दोनों युवकों को रंगेहाथ दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से मोटर व फ्रेम बरामद हुआ है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने नाम शाहनजर व शोएब निवासीगण मोहल्ला मलकपुरा मंगलौर बताया है। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि यूपी बोन फैक्टरी से चोरी करते हुए पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत के प्रथम गृह मंत्री 'भारत रत्न' लोह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज सरदार वल्लभ भाई पटेल तिराहा रेलवे स्टेशन रुड़की स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

इस अवसर पर सरदार पटेल विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ सेठपाल परमार, र यशपाल आर्य, मेलाराम प्रजापति, गोपाल नारसन,लोजमो संयोजक सुभाष सैनी,श्रवण गोस्वामी,योगेश चौधरी, चौ जय सिंह पंवार, चौ मुकेश फौजी, रविन्द्र चौधरी, कुलवीर प्रधान,सुशील प्रजापति, मास्टर गुड्डू, कवर पाल सैनी चेयरमैन, बिरम सिंह एडवोकेट, सतपाल सिंह, सुरेश पाल फौजी, मनीष परमार , राव नावेद एडवोकेट, नितेश ग्रोवर आदि ने पटेल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया ।

# शैलेंद्र मेमोरियल ट्रस्ट ने गीतकार समीर अंजान को शैलेंद्र पुरस्कार से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शैलेंद्र मेमोरियल ट्रस्ट ने अपने रजत जयंती समारोह में विश्व प्रसिद्ध गीतकार समीर अंजान को शैलेंद्र पुरस्कार से सम्मानित किया। सीबीआरआई के ऑडिटोरियम में आयोजित एवं गीतों से सजे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गीतकार इरशाद कामिल और कार्यक्रम के अध्यक्षता पूर्व आईपीएस अधिकारी तजेंद्र सिंह लूथरा ने की थी।

शैलेंद्र मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष और शैलेंद्र सम्मान के संस्थापक डॉक्टर इंद्रजीत सिंह ने कहा कि शैलेंद्र की 59वीं पुण्यतिथि पर देश के प्रसिद्ध गीतकार समीर अनजान को "शैलेंद्र सम्मान" से नवाजना हमारे लिए गर्व की बात है स गीतकार समीर अनजान को तीन बार फिल्म फेयर अवॉर्ड ( फिल्म आशिकी, दीवाना और हम हैं राही प्यार के गीत के लिए) से पुरस्कृत किया गया है।

समीर ने लगभग पाँच हजार फिल्मी गीत लिखकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवाया है स गीतकार समीर को 21000 रुपए नगद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गीतकार समीर अंजान ने शैलेंद्र मेमोरियल ट्रस्ट का धन्यवाद देते हुए कहा कि पहले से तय धुनों पर गीत रचना अपने-आप में एक विशिष्ट कला है। इसमें नया कुछ कहने से अधिक जरूरी यह होता है कि पुराने, शाश्वत भावों को नए शब्दों और सुंदर अभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत किया जाए। शब्द नए हों या न हों, भाव वही होते हैंख्रजो भारतीय प्राचीन संस्कृति, विशेषकर मध्यकालीन संतों और गुरुओं ने कहे थे, और जिन्हें हर युग ने अपने समय के अनुसार दोहराया है। मशहूर फिल्म गीतकार ( जब वी मेट, लव आजकल, रांझना, सुल्तान, तेरे इश्कष् में और धुरंधर फिल्मों के लोकप्रिय गीतकार और तीन बार फिल्मफेयर अवार्ड विजेता डॉक्टर इरशाद कामिल बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा की रुड़की जैसे शहर में शैलेंद्र मेमोरियल ट्रस्ट की स्थापना हुई और देश के प्रसिद्ध गीतकारो को सम्मानित कर रचनात्मकता की एक नई शुरुआत है। फिल्म का गाना लिखने वाले गीतकारों को साहित्यिक श्रेणी में लाने की डॉक्टर इंद्रजीत की पहल एक दिन अवश्य कामयाब होगी। देश के जाने माने कवि और दिल्ली के पूर्व पुलिस कमिश्नर तजेंद्र सिंह लूथरा ने नए लेखकों को संदेश देते हुए कहा कि नया बनने की जल्दी में सच्चा होना न भूलें। शब्द खोजने से पहले भाव को समझें। शब्दों को सजाएँ नहीं, उन्हें अर्थवान बनाएँ। परंपरा से डरिए मत, क्योंकि जड़ से जुड़कर ही शब्दों को उड़ान मिलती है। याद रखेंख्रगीत वही टिकते हैं जिनमें समय बोलता है, और शब्द वही अमर होते हैं जिनमें संवेदना साँस लेती है।



प्रसिद्ध गीतकार डॉक्टर बुद्धिनाथ मिश्र, लेखक राजेश राठौर, आई पी एस और अमेरिका से स्वर्गीय शैलेंद्र जी के बेटे मनोज शैलेंद्र और दुबई से उनकी बेटी अमला शैलेंद्र मजुमदार ने भी अपने-अपने विचार रखे। श्री पीयूष निगम, श्रीमती मनीषा आले, श्रीमती सुनीता क्षेत्री ने गीतकार शैलेन्द्र, समीर और इरशाद कामिल के गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की। इस कार्यक्रम में रुड़की, देहरादून, दिल्ली और देश के अनेक साहित्यकारों के प्रतिभाग के साथ कोषाध्यक्ष नरेश राजवंशी, संयोजक डॉ. सत्येंद्र मित्तल, सचिव मधुराका सक्सेना, घनश्याम बादल, डॉक्टर दिनेश कौशिक, डॉक्टर सुनीता कुमारी, डॉक्टर संदीप पोसवाल, पंकज कुमार, डॉक्टर रीता इंद्रजीत, बिट्टू, भारती, डॉक्टर अंकुर, डॉक्टर मधुसूदन, मनीष सिंघल, योगेश सिंघल सहित रुड़की के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025

## निंदनीय कृत्य

सोमवार जोकि संसद के शीतकालीन सत्र का 11वां दिन था, पूरी तरह बाधित रहा। बाधित भी इसलिए रहा, क्योंकि भाजपा का आरोप है कि रविवार को जो दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की रैली आयोजित की थी, उसमें भाग लेते हुए कुछ महिलाओं ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी का नारा लगाया था। कांग्रेस इससे इन्कार कर रही है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भाजपा के इन आरोपों पर कहा भी कि हमें नहीं मालूम यह सब किसने कहा। उनका कहना था कि रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। जाहिर है, भाजपा के पास भी इससे संबंधित कोई ठोस सबूत नहीं हैं, क्योंकि उसकी तरफ से भी अलग-अलग स्टेटमेंट सामने आ रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि कांग्रेस के नेता ने एक इंटरव्यू में इस तरह की बात कही। वह इंटरव्यू किस नेता ने दिया, इस बात का भी कोई अता पता नहीं। हां सोशल मीडिया पर रैली के वीडियो कुछ वायरल हुए, जिसमें कांग्रेस की महिला नेताओं और समर्थकों ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए। इसमें कांग्रेस नेता मंजू लता मीणा भी शामिल थीं, जो जयपुर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस तरह की बयानबाजी या नारे लगाना बेहद निंदनीय कृत्य है। यह हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को भी कमजोर करता है। साथ ही हमारे विचारों को भी प्रभावित करता है और यह बताता है कि आज की राजनीति कितने घटिया स्तर तक पहुंच गई है। वैसे यह कोई पहली बार नहीं है कि अगर सच कहें, तो अब भारतीय राजनीति इस तरह की बातों से ही जानी जाती है। कारण साफ है, इससे बचने के कोई तौर-तरीके ढूंढे नहीं जा रहे हैं। बचने की बात दूर है, उलूल जुलूल बातें कर आज हमारे राजनेताओं ने सुर्खियों में रहने का एक आसान जरिया तलाश कर लिया है। यहां देखने वाली बात यह भी है कि इस तरह की भद्दी भाषाएं जिसके लिए बोली जाती हैं वह भी अपने तरीके से इसका राजनीतिक लाभ तलाशने की कोशिश करता है। इस संदर्भ में भी ऐसा ही दिखाई दे रहा है। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा भी है कि जो लोग मोदी जी की मौत की कामना कर रहे हैं, उनकी मुस्लिम लीग और माओवादी सोच सबके सामने आ गई है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह की बातों का मुस्लिम लीग व माओवादी सोच से क्या मतलब। इस तरह की बातें कोई भी कहे, वह गलत ही कही जाएंगी और उसका समर्थन जरा भी कोई नहीं कर सकता। इतना ही नहीं सुधांशु त्रिवेदी पीएम मोदी के इस नारे को लेकर मुगलों तक पहुंच गए और कह डाला कि राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस का भविष्य शायद वैसा ही होने वाला है जैसा द लास्ट मुगल किताब में मुगल साम्राज्य के बारे में लिखा गया है। कांग्रेस का यह भी आरोप है कि बिना कारण के ही तमाशा खड़ा कर सत्ता पक्ष ही संसद को चलने नहीं दे रहा है।

### योगी स्वीकार कर रहे सच



उप्र के मुख्यमंत्री योगी स्वयं यह स्वीकार कर रहे हैं कि एसआईआर के दौरान जो लगभग चार करोड़ मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए गए, उनमें से 85 से 90 प्रतिशत भाजपा के मतदाता थे, इसके कई राजनीतिक और गणितीय निहितार्थ निकलते हैं, पहला निष्कर्ष यह है कि पीडीए प्रहरी की सतर्कता के चलते एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा अपनी मनमाफिक गड़बड़ी नहीं कर सकी, जिन मतदाताओं को साक्ष्यों के अभाव में सूची से बाहर किया गया, उनमें भारी बहुमत भाजपा समर्थकों का था, जिससे यह संकेत मिलता है कि अनियमितताओं की जड़ भी भाजपा के वोट बैंक में थी, यदि चार करोड़ मतदाताओं में से न्यूनतम 85 प्रतिशत भी भाजपा समर्थक मान लिए जाएं, तो लगभग तीन करोड़ 40 लाख मतदाता कम हो गए। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## नई खोज के लिए यादगार रहेगा 2025



हर वर्ष वैज्ञानिक पृथ्वी की अनछुई, अनदेखी और अनजानी जगहों पर शोध करते हैं, जिनका उद्देश्य प्रकृति की जैव विविधता को समझना और संरक्षित करना होता है। वर्ष 2025 इस दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इस वर्ष विभिन्न महाद्वीपों, महासागरों और पर्वतीय इलाकों में वैज्ञानिकों ने कई नई पशु प्रजातियों की खोज की, जिनमें से कुछ अपने व्यवहार, आकार, रंग या जीवनशैली के लिए विलक्षण हैं। इन खोजों ने न केवल वैज्ञानिक समुदाय को रोमांचित किया, बल्कि आम लोगों की प्रकृति के प्रति जिज्ञासा और जागरूकता भी बढ़ाई।

इन नई प्रजातियों की खोज से यह स्पष्ट हो जाता है कि पृथ्वी पर अभी भी लाखों ऐसे जीव मौजूद हैं जिन्हें हमने देखा तक नहीं है। विश्व भर में पर्यावरणीय परिवर्तन, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण कई प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, वहीं कुछ अब जाकर हमारे ज्ञान में शामिल हो रही हैं। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां इसी तथ्य की पुष्टि करती हैं कि प्रकृति में रहस्य अब भी बहुत बचे हुए हैं।

### मगरमच्छ न्यूट

हाल ही में चीन में मगरमच्छ न्यूट की एक नई प्रजाति गाओवांगजी मगरमच्छ न्यूट खोजी गई है, जो अपनी काली त्वचा, नारंगी निशानों और खुरदरी बनावट के लिए जानी जाती है और यह केवल चीन के हुनान प्रांत के गाओवांगजी राष्ट्रीय प्रकृति अभ्यारण्य में पाई जाती है, जिसे डीएनए विश्लेषण के जरिए एक अलग प्रजाति के रूप में पहचाना गया है, जिससे पता चलता है कि जैव विविधता अभी भी खोजी जा रही है, लेकिन आवास विनाश से खतरा है। मध्यम आकार द्धलगभग 5 इंचत्र्, मोटी त्वचा, गांठदार शरीर। पूरी तरह काली त्वचा, उंगलियों और पैरों पर चमकीले नारंगी निशान। पेट गहरा भूरा और पूंछ के बीच में एक नारंगी पट्टी होती है। मगरमच्छ से मिलता-जुलता नाम, लेकिन यह वास्तव में एक न्यूट उभयचर है, मगरमच्छ सरीसृप नहीं। यह खोज दर्शाती है कि पृथ्वी पर अभी भी कई अनदेखी प्रजातियां मौजूद हैं। हालांकि, आवास विनाश और जलवायु परिवर्तन जैसी मानवीय गतिविधियों के कारण लाखों प्रजातियां खतरे में हैं। इसलिए इन खोजों का दस्तावेजीकरण महत्वपूर्ण है ताकि उनकी रक्षा की जा सके।

### खोज की पृष्ठभूमि और स्थान

2025 में खोजे गए अधिकांश जानवर घने वर्षावनों, गहरे समुद्रों और दूरस्थ पहाड़ी इलाकों से संबंधित हैं। अमेजन के वर्षावनों, कांगो बेसिन, इंडोनेशिया के द्वीपों, ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ क्षेत्रों और भारत के पूर्वोत्तर पर्वतीय अंचलों में कई नई प्रजातियां दर्ज की गईं। इन क्षेत्रों में जैव विविधता अधिक होती है और मनुष्यों की पहुंच अपेक्षाकृत कम, जिसके कारण यहां नई प्रजातियों की संभावना अधिक होती है।

**उल्लेखनीय स्थान जहां से महत्वपूर्ण खोजें हुईं-**

ब्राजील का अंधकारमय अमेजन जंगल
इंडोनेशिया का सुलावेसी द्वीप
भारत का अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड क्षेत्र
मेडागास्कर का पश्चिमी भाग
ऑस्ट्रेलिया की किम्बरली रेंज
गहरे समुद्र के तल पर स्थित थर्मल वेंट्स

इन स्थानों से खोजे गए जीवों में स्तनधारी, उभयचर, सरीसृप, कीट, मछलियां और समुद्री अकशेरुकी प्रजातियां शामिल हैं।

### नीली आंखों वाला जंगल बिलाव

**(Blue-eyed Forest Cat)**

इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर खोजा गया यह बिलाव अपनी चमकीली नीली आंखों और घने भूरे फर के लिए जाना जा रहा है। यह मुख्य रूप से रात्रिचर है और घने जंगलों में अकेला घूमता है। इसकी शारीरिक संरचना पारंपरिक बिल्ली से थोड़ी बड़ी है।

### गूंजती आवाज वाला मेढक

**(Echo Tree Frog)**

अमेजन वर्षावन में खोजा गया यह उभयचर प्राणी बेहद छोटी काया वाला है लेकिन इसकी आवाज कई मीटर दूर तक सुनाई देती है। इसका रंग चमकीला हरा और पीला होता है, जो इसे वन में छिपने में मदद करता है। इसकी खोज उस समय हुई जब शोधकर्ता पेड़ों की ऊंचाई पर लगे साउंड सेंसर की जांच कर रहे थे।

### दूधिया रंग की गुफा मछली

**(Milky Cavefish)**

भारत के मेघालय राज्य की एक गुफा में पाई गई यह मछली पूरी तरह से सफेद और पारदर्शी है। इसकी आंखें विकसित नहीं हैं क्योंकि यह अंधेरी गुफाओं में रहती है। यह जलस्त्रोत की सतह पर तैरने की बजाय गहराई में रहकर बायोफ्लोरसेंस तकनीक से दिशा का निर्धारण करती है।

### कठोर कवच वाली समुद्री मकड़ी

**(Armored Sea Spider)**

अंटार्कटिक महासागर की गहराइयों में वैज्ञानिकों को एक ऐसी समुद्री मकड़ी मिली है, जिसका शरीर धातु जैसे कठोर कवच से ढका हुआ है। यह प्रजाति अत्यंत ठंडे पानी में जीवित रहने के लिए विकसित हुई है और इसकी चाल अत्यंत धीमी होती है। इसकी लंबाई लगभग 15 सेंटीमीटर होती है।

### गायन करने वाला चमगादड़

**(Singing Bat)**

ऑस्ट्रेलिया के किम्बरली क्षेत्र में पाया गया यह चमगादड़ रात के समय एक विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न करता है जो पक्षियों की चहचहाहट जैसी लगती है। यह ध्वनि मुख्य रूप से साथी को आकर्षित करने और क्षेत्र की सीमा तय करने के लिए होती है। इस प्रजाति का नाम वैज्ञानिकों ने Vespertilio sonatus रखा है।

### बर्फीले खरगोश जैसा स्तनधारी

**(Ice Rabbit Mole)**

साइबेरिया के एक जमी हुई सुरंग में पाए गए इस छोटे स्तनधारी का शरीर खरगोश जैसा और पैर तिलचट्टे जैसे हैं। यह अत्यधिक ठंड में जमीन के नीचे रहने वाला प्राणी है जो बर्फ के नीचे कीट और छोटे पौधों की जड़ों पर निर्भर करता है।

### रंग बदलने वाला पंखहीन पक्षी

**(Featherless Chameleon Bird)**

मेडागास्कर से खोजा गया यह पक्षी वैज्ञानिकों के लिए आश्चर्य का विषय बना हुआ है क्योंकि इसमें पंख नहीं होते, लेकिन इसकी त्वचा में रंग बदलने की क्षमता है जैसे गिरगिट में होती है। यह जमीन पर रहने वाला पक्षी है जो मुख्यत: फल और छोटे कीड़ों का भक्षण करता है।

### सुनहरी आंखों वाला अजगर

**(Golden&eyed Python)**

भारत के अरुणाचल प्रदेश में खोजा गया यह अजगर अत्यंत दुर्लभ और शांत प्रकृति का है। इसकी त्वचा हल्के पीले रंग की होती है और आंखें सुनहरी चमक लिए होती हैं। यह पेड़ों पर रहने वाला अजगर है जो छोटे स्तनधारियों और पक्षियों को अपना आहार बनाता है।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण और खोज का महत्व**

इन सभी खोजों का वैज्ञानिक महत्त्व अत्यधिक है। एक नई प्रजाति की पहचान करने के लिए मात्र दिखने में भिन्नता पर्याप्त नहीं होती, बल्कि डीएनए विश्लेषण, व्यवहार अध्ययन, भोजन प्रणाली, प्रजनन प्रक्रिया आदि का सूक्ष्म विश्लेषण किया जाता है। इन सभी प्रजातियों को अंतर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान संस्थानों द्वारा सत्यापित किया गया और उन्हें संबंधित जीव वर्गों में स्थान दिया गया। इन खोजों से यह भी पता चलता है कि पृथ्वी की जैव विविधता का केवल एक छोटा हिस्सा ही अब तक वैज्ञानिकों के ज्ञान में है। अनुमानत: लगभग 80 % जीव-जंतु अभी तक अज्ञात हैं और वे पृथ्वी के किसी न किसी छोर पर छिपे हुए हैं। नई प्रजातियां हमारी पारिस्थितिकी को समझने, दवाओं की खोज करने, और भविष्य की जलवायु रणनीतियों में मददगार हो सकती हैं।

**पर्यावरणीय चेतावनी और संरक्षण की आवश्यकता**

नव खोजी गई प्रजातियां अक्सर बेहद नाजुक होती हैं और उनके आवास में थोड़े से भी बदलाव से वे खतरे में पड़ सकती हैं। जैसे ही कोई प्रजाति खोजी जाती है, उस पर मानव गतिविधियां बढ़ जाती हैं . जैसे पर्यटन, शोध, और मीडिया का ध्यान। इसका दुष्प्रभाव यह होता है कि कभी-कभी नई प्रजातियां खोजे जाने के कुछ वर्षों में ही संकटग्रस्त श्रेणी में आ जाती हैं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि इन नई प्रजातियों को खोजने के साथ-साथ उनके आवास का संरक्षण भी प्राथमिकता पर हो। अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण संगठन जैसे **IUCN** को इन प्रजातियों की निगरानी करनी चाहिए और सरकारों को उनके पर्यावरण की रक्षा के लिए उचित नीतियां अपनानी चाहिए। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां यह दिखाती हैं कि पृथ्वी अभी भी रहस्यों से भरी हुई है। इन खोजों ने वैज्ञानिक समुदाय के लिए नई चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान किए हैं। साथ ही यह हम सबके लिए एक चेतावनी भी है कि जैव विविधता को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी सिर्फ वैज्ञानिकों की नहीं, बल्कि हम सभी की है। यदि हम इस विविधता की रक्षा करने में असफल रहे, तो हम ऐसे अनगिनत रहस्यों को खो देंगे।

## विजय दिवस: गर्व का उत्सव, जिम्मेदारी का संकल्प

**नौसेना की साहसिक कार्रवाईयों ने पाकिस्तान की समुद्री रीढ़ तोड़ दी, वहीं वायुसेना के सटीक हमलों ने दुश्मन के मनोबल को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। अंतत: 13 दिनों के भीतर वह क्षण आ गया, जब इतिहास ने करवट बदली। 16 दिसम्बर 1971 को ढ़ाका में पाकिस्तानी सेना ने बिना शर्त आत्मसमर्पण किया। लगभग 93,000 सैनिकों का एक साथ हथियार डालना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की सबसे बड़ी सैन्य पराजयों में से एक था। यह केवल युद्ध की समाप्ति नहीं थी बल्कि अत्याचार, दमन और अन्याय के एक लंबे अध्याय का अंत था। उसी क्षण बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में दुनिया के मानचित्र पर उभरा।**



श्वेता गोयल

इतिहास में कुछ तिथियां केवल कैलेंडर पर अंकित दिन नहीं होती, वे स्मृति, स्वाभिमान और चेतना में स्थाई रूप से दर्ज हो जाती हैं। 16 दिसंबर भारत के लिए ऐसी ही एक तिथि है। यह वह दिन है, जब युद्ध केवल रणभूमि तक सीमित नहीं रहा था बल्कि मानवीय मूल्यों, नैतिक साहस और ऐतिहासिक न्याय की निर्णायक विजय के रूप में स्थापित हुआ था। 1971 का भारत-पाक युद्ध, जो मात्र 13 दिनों में समाप्त हो गया था, दक्षिण एशिया के राजनीतिक मानचित्र को पुनर्गठित करने वाला एक ऐसा घटनाक्रम था, जिसने न केवल एक नए राष्ट्र 'बांग्लादेश' को जन्म दिया बल्कि भारत की वैश्विक छवि को भी एक जिम्मेदार और नैतिक शक्ति के रूप में स्थापित किया।

1947 के विभाजन ने जिस पाकिस्तान को जन्म दिया, वह अपने भीतर ही असंतुलन और असमानता की नींव लेकर अस्तित्व में आया था। एक ही राष्ट्र के नाम पर बने दो हिस्से पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान भौगोलिक रूप से ही नहीं, भाषा, संस्कृति, आर्थिक प्राथमिकताओं और राजनीतिक अधिकारों के स्तर पर भी एक-दूसरे से बिल्कुल भिन्न थे। पूर्वी पाकिस्तान की जनसंख्या अधिक थी, संसाधन भी प्रचुर थे लेकिन सत्ता का केंद्र पश्चिमी पाकिस्तान में सिमटा हुआ था। वर्षों तक बंगाली अस्मिता को हाशिए पर रखा गया, भाषा आंदोलन को कुचला गया और आर्थिक दोहन को शासन की नीति बना लिया गया। यह असंतोष समय के साथ आक्रोश में बदला और अंतत: विद्रोह में परिवर्तित हो गया। 1970 के आम चुनाव इस टकराव का निर्णायक मोड़ साबित हुए। शेख मुजीबुर रहमान के नेतृत्व में अवामी लीग को स्पष्ट जनादेश मिला लेकिन सत्ता हस्तांतरण से इन्कार कर दिया गया। लोकतांत्रिक निर्णय को नकारने का यह कदम केवल राजनीतिक नहीं था बल्कि पूरे एक समाज की आकांक्षाओं पर प्रहार था। इसके बाद जो हुआ, वह इतिहास के सबसे भीषण अध्यायों में दर्ज है। मार्च 1971 में शुरू हुए सैन्य दमन ने पूर्वी पाकिस्तान को रक्त और आंसुओं से भर दिया। निर्दोष नागरिक, बुद्धिजीवी, छात्र और महिलाएं हिंसा का शिकार बने। लाखों लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए और शरणार्थियों का सैलाब भारत की सीमाओं तक आ पहुंचा। यह संकट केवल सीमावर्ती नहीं था बल्कि मानवता की अंतरात्मा को झकझोरने वाला था। भारत के सामने उस समय एक कठिन विकल्प था कि या तो वह तटस्थ बना रहे और एक भयावह मानवीय त्रासदी को मूक दर्शक बनकर देखे या फिर हस्तक्षेप कर इतिहास की जिम्मेदारी उठाए। भारत ने दूसरा मार्ग चुना। यह निर्णय किसी भू-राजनीतिक विस्तार की लालसा से प्रेरित नहीं था बल्कि उन लाखों पीड़ितों की पुकार से उपजा था, जिनकी आवाज दुनिया के शक्ति केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रही थी। भारत ने न केवल शरणार्थियों को आश्रय दिया बल्कि बांग्लादेश की मुक्ति संग्राम को नैतिक, कूटनीतिक और अंतत: सैन्य समर्थन भी प्रदान किया। दिसंबर 1971 में जब पाकिस्तान ने भारतीय ठिकानों पर हवाई हमले किए, तब संघर्ष पूर्ण युद्ध में बदल गया। भारतीय नेतृत्व पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ा। सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का आत्मविश्वास केवल शब्दों में नहीं बल्कि रणनीति और अनुशासन में भी झलकता था। भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के बीच ऐसा तालमेल देखने को मिला, जो आधुनिक सैन्य इतिहास में मिसाल बन गया। पूर्वी मोर्चे पर भारतीय सैनिकों ने तेज, सटीक और निर्णायक अभियानों के जरिए पाकिस्तानी सेना को संभलने का अवसर तक नहीं दिया। युद्ध के दौरान अनेक ऐसे क्षण आए, जिन्होंने भारतीय सैन्य परंपरा को गौरव से भर दिया। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में लड़े गए संघर्षों ने यह सिद्ध कर दिया कि युद्ध केवल संख्या और हथियारों से नहीं जीते जाते बल्कि संकल्प और नेतृत्व से जीते जाते हैं। रेगिस्तान से लेकर समुद्र तक, आकाश से लेकर नदी घाटियों तक, भारतीय सेनाओं ने अपनी क्षमता का अद्वितीय प्रदर्शन किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## हवा-हवाई हुए हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा के सपने



तनवीर जाफरी

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के अकुशल संचालन के चलते पिछले दिनों देशभर में भारी उड़ान संकट पैदा हो गया। हालांकि यह संकट मुख्य रूप से 2 दिसम्बर 2025 से शुरू हुआ और 5 दिसम्बर को अपने चरम पर जा पहुंचा था जब इंडिगो ने देश भर की अपनी लगभग एक हजार से अधिक उड़ानें रद्द कर दी थीं। जिससे देश भर में हजारों यात्री विभिन्न शहरों में अकारण ही फंस गए थे । इस घटना ने केवल यात्रियों को ही परेशान नहीं किया, बल्कि एविएशन सेक्टर की कार्यकुशलता पर भी कई सवाल खड़े कर दिए। अभी तक पूरे देश में उड़ानों की स्थिति सामान्य नहीं हो सकी है। मुंबई, इंदौर, दिल्ली हैदराबाद व बेंगलुरु जैसे कुछ महत्वपूर्ण नगरों की इंडिगो उड़ान सेवाएं अभी भी प्रभावित होने के समाचार हैं। हवाई अड्डों पर जहां सामान्य दिनों में पहले ही भारी भीड़ इकट्ठा हो रही थी पिछले दिनों की अफरा-तफरी के दौरान इन्हीं उड़ान प्रभावित हवाई अड्डों पर तो भीड़ का कुछ ऐसा दृश्य दिखाई दिया जैसा कि छठ-दिवाली व दशहरा जैसे त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशन पर नजर आता है।



हवाई संचालन में आए इस तरह के असामान्य व्यवधान के कई कारण बताए जा रहे हैं। इनमें नए पायलट और क्रू रेस्ट नियमों का प्रभाव, तकनीकी खराबी और ऑपरेशनल लापरवाही, मौसम, भीड़भाड़ और उड़ान शेड्यूल में बदलाव जैसी वजहें मुख्य रूप से शामिल हैं। इस अव्यवस्था के चलते देश भर में विमान यात्रियों को जिस शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना को सहन करना पड़ा वह तो अपनी जगह पर परन्तु दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि इस कई एयरलाइंस कंपनियों ने इसी अव्यवस्था का फायदा उठाकर देश के कई प्रमुख हवाई रूट्स पर किराए 2 से 10 गुना तक महंगे कर दिए। उदाहरण स्वरूप दिल्ली-बेंगलुरु का सामान्य किराया जो 10,000 से 15,000 के मध्य होता था वह बढ़कर 70,000 तक और कुछ मामलों में तो 1 लाख से ज़्यादा और एयर इंडिया पर नॉन स्टॉप फ्लाइट का 1।02 लाख तक पहुंच गया था। इसी तरह दिल्ली-मुंबई का किराया 25,000से 60,000 तक और कुछ विमानों में 93,000 से भी अधिक हो गया था। जबकि एयरलाइंस कंपनियों द्वारा दिल्ली-चेन्नई के 40,000 से लेकर 80,000 तक वसूल किए गए। दिल्ली-पुणे, गोवा, लखनऊ पर भी 20,000 से 50,000 से भी अधिक की टिकट बेची गई। डिमांड-सप्लाई गैप के कारण खासकर इंडिगो की 60: मार्केट शेयर वाली फ्लाट्स कैंसिल होने के कारण यात्रियों को दूसरी एयरलाइंस में शिफ्ट होना ही था। इसी का लाभ एयर इण्डिया, एयर इण्डिया एक्सप्रैस, इस्पाईस जेट व अकासा एयर जैसी कई विमानन कंपनियों ने उठाया। हालांकि बाद में सरकार ने किराए की इस बेतहाशा बढ़ोतरी पर अस्थाई कैप लगाई ताकि अनुचित किराया बढ़ोतरी रोकी जा सके।

अब विमानन क्षेत्र में मची इसी अफरातफरी के सन्दर्भ में जरा नरेंद्र मोदी का वह कथन याद कीजिए जब मार्च 2014 में सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि हमारे गांव के गरीब, जो हवाई चप्पल पहनते हैं, वो हवाई जहाज में बैठें। मैं यह सपना देखता हूं कि जिस गरीब की झोली में कभी दो जून की रोटी भी मुश्किल से आती थी, वो हवाई जहाज में सफर करे। क्या यह सपना देखना गुनाह है? मोदी ने यह भावनात्मक जुमले कई रैलियों में अलग-अलग शब्दों में दोहराए। यह भी सच है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत में हवाई अड्डों के विकास और संचालन में काफी प्रगति हुई है। मुख्य रूप से क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान) के तहत कई नए हवाई अड्डे शुरू किए गए हैं, साथ ही पुराने बंद पड़े या कम उपयोग वाले हवाई अड्डों को पुनर्जीवित भी किया गया है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में जहां इसी वर्ष मुंबई का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा शुरू किया गया है वहीं महर्षि बाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम से अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दोनी पोलो एयरपोर्ट, ईटानगर अरुणाचल प्रदेश, मोपाह एयरपोर्ट, गोवा गोवा का दूसरा एयरपोर्ट, देवघर एयरपोर्ट, झारखंड, कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, उत्तर प्रदेश, पाक्योंग एयरपोर्ट, सिक्किम (सिक्किम का पहला एयरपोर्ट),पसीघाट, जीरो, होलोंगी, तेजू (अरुणाचल प्रदेश) आगत्ती (लक्षद्वीप), रीवा (मध्य प्रदेश), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), सतना और दतिया (मध्य प्रदेश), अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) आदि अनेक नए एयर पोर्ट विकसित किए गए हैं तो दिल्ली, लखनऊ, पुणे, ग्वालियर, जबलपुर जैसे कई हवाई अड्डों पर नए टर्मिनल का भी निर्माण किया गया है। अब सवाल यह है कि विमानन क्षेत्र में होने वाले इस विकास से गरीबों को फायदा हुआ या विमानन कंपनियों को ? क्या आज इस बात की कल्पना की जा सकती है कि पैरों में हवाई चप्पल धारण करने वाली यानी देश की गरीब जनता या दूसरे शब्दों में वे 80 करोड़ लोग जिन्हें सरकार ने 5 किलो मुफ्त राशन पर आश्रित बना दिया है ऐसे लोग जो दस हजार रूपये की हवाई यात्रा की टिकट भी नहीं खरीद सकते वे लोग वही टिकट विमानन संचालन संकट के समय भला सत्तर हजार की कैसे खरीद सकते हैं? यदि नहीं तो मोदी के उन जुमलों की क्या हकीकत जिसमें वे दो जून की रोटी भी मुश्किल से खाने वाले गरीब की हवाई यात्रा की जुमलेबाजी करते हैं? हां विमानन क्षेत्र में हो रहे विस्तार से स्पष्ट रूप से विमानन कंपनियों को फायदे जरूर हुए हैं। इंडिगो जैसी कंपनियां ही 66 प्रतिशत से अधिक बाजार पर कब्जा कर चुकी हैं।

इंडिगो ने तो अपनी स्थापना के तीन वर्षों में ही लाभ कमाना शुरू कर दिया और लागत नियंत्रण जैसे ईंधन दक्षता से सालाना 850 करोड़ रुपये की बचत की। देश के अनेक छोटे बड़े हवाई अड्डों का संचालन व रख-रखाव अडानी की कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। जिसका फायदा अडानी को पहुंच रहा है। इस बीच में हवाई चप्पलों वाला या 2 वक्त की रोटी भी न खाने पाने वाले किसी व्यक्ति की हवाई यात्रा की गुंजाईश ही कहां नजर आती है? इस तरह की जुमलेबाजियां आकर्षक, लोक लुभावन व भावनाओं को छूने वाली तो जरूर हो सकती हैं परन्तु इनका वास्तविकता से कोई वास्ता नहीं। सच्चाई तो यह है कि गत दिनों आए विमान संकट ने हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा जैसे जुमले ही हवा हवाई कर दिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### कोलंबिया में बस दुर्घटना में 17 लोगों की मौत, 20 घायल

**मेक्सिको सिटी।** कोलंबिया के उत्तर-पश्चिमी प्रांत एंटीओक्विया में रविवार को एक बस के खड्ड में गिर जाने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, यह बस कैरिबियन क्षेत्र के पर्यटक शहर टोलू से चली थी और भ्रमण पर गए बच्चों को लेकर लौट रही थी। एंटीओक्विया के गवर्नर आंद्रेस जूलियन रेंडन ने कहा कि यह दुर्घटना एंटीओक्विया के रेमेडियोस नगर पालिका में हुई।

### चीन की पोयांग झील 90 प्रतिशत तक सिकुड़ी

**नानचांग।** चीन की सबसे बड़ी ताज़े पानी की पोयांग झील 90 प्रतिशत तक सिकुड़ गई है। अधिकारियों ने बताया कि चीन के जियांग्शी प्रांत में शिग्जी हाइड्रोलॉजिकल स्टेशन पर रविवार की सुबह झील का जल स्तर केवल 8 मीटर दर्ज किया गया। इस वर्ष, पोयांग झील का जल स्तर पहली बार 8 अगस्त को 12 मीटर की सूखा चेतावनी रेखा से नीचे चला गया, जो पिछले वर्षों के औसत समय से 87 दिन पहले था। इस वर्ष अब तक झील 217 दिनों तक सूखा चेतावनी रेखा से नीचे रही है, जिसका अर्थ है कि वर्ष का लगभग दो-तिहाई हिस्सा निम्न-जल स्थितियों में रहा।

### म्यांमार ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में इस्तेमाल 237 इमारतों को गिराया

**यंगून।** म्यांमार की राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा परिषद की सूचना टीम के नेता ज़ाव मिन टुन ने दूरसंचार धोखाधड़ी और ऑनलाइन जुए को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया। टुन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये अपराध सार्वजनिक विश्वास, आर्थिक सुरक्षा, राष्ट्रीय स्थिरता और देश की गरिमा को कमघेर करते हैं। उन्होंने कहा कि म्यांमार दूरसंचार धोखाधड़ी और ऑनलाइन जुए की गतिविधियों को स्वीकार नहीं करता है और इन्हें खत्म करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है।

# नेतन्याहू ने अल्बनीज को दी थी चेतावनी

## पहले से थी ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला करने की आशंका



■ इजरायल को ओर से ऑस्ट्रेलिया को हमले लेकर किया गया था आगाह
■ आतंकी हमले के बाद समुद्र तट पर अफरा-तफरी मच गई लोग इधर-उधर भागने लगे

**तेल अवीव।** ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले को लेकर अब एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय के खिलाफ हमले की आशंका पहले से ही थी। इजरायल को ओर से ऑस्ट्रेलिया को इससे लेकर चेतावनी दी गई थी।

ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय के खिलाफ हमले की आशंका पहले से ही थी। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यहूदी विरोधी भावना के बारे में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंटोनी अल्बनीज को चेताया भी था। सिडनी हमले से यह आशंका सच साबित हुई। आतंकी हमले के बाद समुद्र तट पर अफरा-तफरी मच गई। उत्सव मनाने के लिए जुटे लोगों को जहां-तहां भागकर जान बचानी पड़ी। इजरायली पीएम नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को चेतावनी दी थी कि देश की नीतियां यहूदी-विरोधी भावना को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने गोलीबारी को क्रूर हत्या बताया और कहा कि जब नेता चुप रहते हैं तो यहूदी-विरोधी भावना फैलती है। उन्होंने कहा, आपको कमजोरी की जगह कार्रवाई करनी होगी।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी यह कोई पहले घटना नहीं है। यहूदियों के खिलाफ आक्रामकता की शुरुआत अक्टूबर 2023 में ही हो गई थी, हमास ने इजरायल पर हमला किया था, जिसमें 1200 से अधिक लोग मारे गए थे। इसके कुछ ही दिनों बाद सिडनी में एक यहूदी बेकरी के सामने लाल रंग का उल्टा त्रिकोण स्प्रे से बनाया गया। हमास के खिलाफ इजरायल ने जबावी सैन्य कार्रवाई शुरू की तो यहूदी विरोधी घटनाओं में और तेजी आई। उसके बाद फिर यह सिलसिला चलता रहा। यहूदियों से जुड़े स्थलों पर हमले किए गए, दीवारों पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। इन घटनाओं के बाद से यहूदी माता पिता अपने बच्चों को डे केयर भेजने से डरने लगे थे। कई यहूदी स्कूलों ने अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की है। हालात को देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने पिछले वर्ष यहूदी विरोध से निपटने के लिए अपना पहला विशेष दूत नियुक्त किया था। ऑस्ट्रेलिया की कुल 2.70 करोड़ आबादी में करीब 1.50 लाख यहूदी समुदाय के लोग हैं। यह समुदाय संख्या में छोटा है, लेकिन समाज में गहराई से जुड़ा हुआ है। अनुमान के मुताबिक, इनमें से करीब एक तिहाई लोग सिडनी के पूर्वी उपनगरों में रहते हैं, जिनमें बोंडाई क्षेत्र भी शामिल है। रविवार को हुए हमले के पास मौजूद एक व्यक्ति ने कहा कि यहूदी होना पिछले कुछ वर्षों में बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। शायद एक दिन उन्हें इजरायल जाना पड़े। इजरायल यहूदियों के लिए अब वही दुनिया में एकमात्र सुरक्षित जगह नजर आने लगी है।

### सिडनी गोलीकांड में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हुई, मरने वालों में 12 साल का बच्चा भी शामिल

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय के हनुक्का उत्सव के दौरान हुए भीषण गोलीकांड ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। इस आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। मृतकों में एक 12 साल का बच्चा भी शामिल है। रविवार शाम बॉन्डी बीच पर हनुक्का के पहले दिन के आयोजन के लिए सैकड़ों लोग जमा हुए थे। इसी दौरान हथियारबंद हमलावरों ने भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। अधिकारियों के मुताबिक यह हमला खास तौर पर यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया। इस हमले में 38 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बनी हुई है। न्यू साउथ वेल्स के स्वास्थ्य मंत्री रयान पार्क ने बताया कि रात भर में मृतकों की संख्या 12 से बढ़कर 16 हो गई। इस हमले की सबसे दर्दनाक बात यह रही कि इसमें एक 12 साल के बच्चे की भी जान चली गई। स्वास्थ्य मंत्री रयान पार्क के अनुसार, तीन अन्य बच्चों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों की टीमें घायलों को बचाने की हरसंभव कोशिश कर रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों के घायल होने से यह हमला और भी ज्यादा अमानवीय और भयावह हो जाता है।

# ऑस्ट्रेलिया का हीरो अहमद आतंकी साजिद से निहत्था भिड़ा



■ राइफल छीनी, भाई से कहा: कुछ हुआ तो परिवार को बताना कि लोगों को बचाते हुए मरा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को बॉन्डी बीच पर जश्न मना रहे लोगों पर दो आतंकियों ने हमला किया। इस दौरान 44 साल के अहमद अल-अहमद ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की जान बचाई। अहमद अंधाधुंध फायरिंग कर रहे आतंकी साजिद अकरम से निहत्थे भिड़ गए। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए पीछे से आतंकी पर झपटा मारा और उससे बंदूक छीन ली, जिससे कई लोगों को सुरक्षित निकलने का मौका मिल गया। लोग उन्हें 'ऑस्ट्रेलिया का नया हीरो' कह रहे हैं।

अहमद जब आतंकी साजिद से मुठभेड़ करने जा रहे थे, तब उनके भाई ने उन्हें रोका था। तब अहमद ने कहा था कि अगर मुझे कुछ हुआ तो परिवार को बताना कि मैं लोगों की जान बचाते हुए गया। अहमद अल अहमद बॉन्डी बीच पर अपने चचेरे भाई जोजाय अलकंज के साथ हनुक्का उत्सव में शामिल होने आए थे। दोनों कॉफी पीने बाहर निकले थे। कुछ ही मिनटों बाद ताबड़तोड़ गोलीबारी की आवाजें सुनाई दीं। अहमद ने देखा की दो लोग भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग कर रहे हैं। लोग चीखते-चिल्लाते भाग रहे थे। अहमद और जोजाय कारों के पीछे छिप गए। जोजाय डर से कांप रहे थे, अहमद ने उन्हें शांत करते हुए हमलावरों से निपटने की बात कही। जोजाय ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन अहमद ने उनकी बात नहीं सुनी। वे कारों के पीछे से हमलावरों की गतिविधियों पर नजर रखने लगे। अहमद निहत्थे थे, लेकिन अपनी जान की परवाह किए बिना मौका मिलते ही सीधे हमलावर की ओर दौड़े। उन्होंने पीछे से झपटा मारकर 50 साल के आतंकी साजिद अकरम की राइफल छीन ली और उसे धक्का मारकर दूर गिरा दिया। अहमद ने राइफल आतंकी पर तान दी, जिससे डरकर वो पीछे की ओर भागने लगा। उन्होंने आतंकी से गन छीनकर कई लोगों की जान बचाई।

# आतंकी हमला: ऑस्ट्रेलियाई अखबार ने लिखा: यू बास्टर्ड्स

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में नाराजगी है। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 45 लोग घायल हैं। इस हमले को लेकर ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख अखबार द डेली टेलीग्राफ ने बेहद कड़ा रुख अपनाया है।

अखबार ने आतंकी की तस्वीर के साथ फ्रंट पेज पर बड़ी और आक्रामक हेडलाइन दी है-यू बास्टर्ड्स। अखबार लिखता है कि आतंकवादियों ने कल सिडनी के बॉन्डी बीच पर लोगों का नरसंहार किया। यह सिडनी के इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक है। आतंकियों के पाकिस्तानी मूल के होने का शक इस घटना में शामिल दोनों आतंकियों की पहचान हो गई है। ये बाप-बेटे हैं। पुलिस को इनके पाकिस्तानी मूल के होने का शक है। ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने खुलासा किया है कि साजिद अकरम 1998 में छात्र वीजा पर ऑस्ट्रेलिया आया था। उसने वेरेना नामक ऑस्ट्रेलियाई महिला से शादी की और अपना वीजा पार्टनर वीजा में बदल लिया। तब से वह रेजिडेंट रिटर्न वीजा पर था। यानी साजिद अकरम के पास ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता नहीं थी। बर्क ने यह नहीं बताया कि अकरम ऑस्ट्रेलिया में कहां से आकर बसा था। हालांकि उन्होंने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि वह पाकिस्तान से आया था। अकरम के बेटे नवीद का जन्म 2001 में ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। वह एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक है। नवीद अक्टूबर 2019 में ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन (एएसआईओ) के जांच के घेरे में आया था। हालांकि, उस समय उनके खिलाफ हिंसा में शामिल होने या किसी भी प्रकार के खतरे का कोई संकेत नहीं मिला था। हमले को लेकर वेरेना ने मीडिया को बताया कि मुझे यकीन नहीं हो रहा है कि उसने कोई आतंकी हमला किया है। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा बहुत अच्छा है।

**द डेली टेलीग्राफ ने बेहद कड़ा रुख अपनाया, पुलिस को शक आतंकी पाकिस्तानी**

# पीएम मोदी 7 साल बाद जॉर्डन पहुंचे

## एयरपोर्ट पर पीएम जाफर ने स्वागत किया, किंग अब्दुल्लाह से द्विपक्षीय बातचीत करेंगे



■ यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है

**अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिन के दौरे पर जॉर्डन पहुंच गए हैं। जॉर्डन के पीएम जाफर हसन ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। मोदी का यह दौरा किंग अब्दुल्ला के निमंत्रण पर हो रहा है। पीएम मोदी उनसे द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है।

वे 7 साल बाद जॉर्डन पहुंचे हैं। इससे पहले वे 2018 में एक ट्रांजिट विजिट के दौरान जॉर्डन में रुके थे। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम ने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात और बातचीत की। जॉर्डन के अम्मान पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। भारत और जॉर्डन ने 1950 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे, जिसके 2025 में 75 साल पूरे हो गए हैं। मोदी इसी मौके पर जॉर्डन जा रहे हैं। भारत, जॉर्डन का चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 26033 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ। इसमें भारत का निर्यात करीब 13266 करोड़ रुपए था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर यानी 45275 करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। भारत, जॉर्डन से बड़ी मात्रा में रॉक फॉस्फेट और फर्टिलाइजर का कच्चा माल खरीदता है। भारत के कुल रॉक फॉस्फेट आयात में जॉर्डन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। दूसरी तरफ जॉर्डन भारत से मशीनरी, पेट्रोलियम, अनाज, रसायन, मीट, ऑटो पार्ट्स और उद्योगों से जुड़े उत्पादों का आयात करता है। भारतीय कंपनियों ने जॉर्डन के फॉस्फेट और टेक्सटाइल सेक्टर में 1.5 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। भारत में साल 2023 में जी-20 समिट के दौरान पहली बार इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) का ऐलान हुआ। यह एक इंटरनेशनल ट्रेड रूट का प्लान है, जिसके जरिए भारत का सामान मिडिल ईस्ट से होते हुए यूरोप तक पहुंचाया जाएगा। आईएमईसी को चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का विकल्प बताया जा रहा है। बीआरआई भी एक इंटरनेशनल रूट है जिसमें एशिया, अफ्रीका और यूरोप को जोड़ने का प्लान है। इसकी शुरुआत 2013 में हो चुकी है। आईएमईसी कॉरिडोर में भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, जॉर्डन, इजराइल, ग्रीस, इटली, फ्रांस, अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और जर्मनी शामिल हैं।

# लथूरा बंधुओं का केस अब थाईलैंड के अफसरों के पास

## कानूनी मानवाधिकार के पहलुओं पर भी होगा विचार, कम है तुरंत भारत लौटने की संभावना



**बैंकॉक।** उत्तर गोवा के अर्पोरा में स्थित नाइटक्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' में छह दिसम्बर को हुए अग्निकांड मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया।

इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी। ऐसे में अब मामले में बड़ी कानूनी कार्रवाई थाईलैंड में होने जा रही है। इस नाइटक्लब के सह-मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा के खिलाफ मामला अब बैंकॉक की एक अदालत में सुना जा सकता है, जहां आगे की कार्रवाई पर फैसला होगा। बता दें कि आग की घटना के तुरंत बाद लूथरा बंधु थाईलैंड के फुकेत चले गए थे। इसके बाद उनके खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया। भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद 11 दिसम्बर को थाई अधिकारियों ने दोनों को हिरासत में लिया। मामले में अब बताया जा रहा है कि लूथरा बंधु वैध दस्तावेजों पर थाईलैंड पहुंचे थे, लेकिन बाद में भारत द्वारा पासपोर्ट रद्द किए जाने से वे वहां बिना वैध दस्तावेजों के रह गए। इस वजह से थाई अधिकारी इस मामले को मानवाधिकार और कानून दोनों नजरिए से देख रहे हैं। भारतीय दूतावास के सूत्रों के मुताबिक, दोनों भाइयों से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज कानूनी प्रक्रिया के तहत थाईलैंड को सौंप दिए गए हैं। अब मामला बैंकॉक कोर्ट में जाएगा, हालांकि सुनवाई कब शुरू होगी, इसका समय अभी तय नहीं है। वहीं दूसरी ओर बीते दिनों भारत सरकार ने दोनों भाइयों के पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं और थाईलैंड को एक डोजियर सौंपा है, जिसमें 25 लोगों की मौत में उनकी भूमिका का आरोप लगाया गया है। सूत्रों के अनुसार, ये आरोप साधारण लापरवाही से आगे के हैं। भारत ने थाई सरकार से लूथरा बंधुओं को भारत भेजने (डिपोर्ट करने) की औपचारिक मांग भी की है। हालांकि थाई अधिकारी इस मामले के कानूनी पहलुओं की गहराई से जांच कर रहे हैं। हालांकि दूसरी ओर भारतीय दूतावास के सूत्रों का कहना है कि कानूनी और कूटनीतिक प्रक्रियाओं के चलते लूथरा बंधुओं की तुरंत भारत वापसी संभव नहीं है। ऐसे में बैंकॉक की अदालत में सभी पक्षों की दलीलें सुनी जाएंगी, इसके बाद ही कोई अंतिम फैसला होगा।

### पाक नौसेना ने लंबी दूरी की मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी नौसेना ने सोमवार को उत्तरी अरब सागर में लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया। पाक सेना ने बयान जारी कर इसकी सूचना दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मीडिया विभाग ने बयान में कहा कि पाकिस्तानी नौसेना के जहाज ने फायरपावर प्रदर्शन के दौरान हवाई गतिशील लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाया। इससे नौसेना की युद्ध क्षमता और युद्ध की तैयारी की पुष्टि हुई। पाकिस्तानी बेड़े के कमांडर रियर एडमिरल अब्दुल मुनीब ने पाकिस्तान नौसेना की एक बेड़ा इकाई में सवार होकर समुद्र में लाइव फायरिग देखी।



गुरुग्राम। सर्दी के मौसम में छाई धुंध के बीच साइकिल लेकर रेलवे ट्रैक पार करते लोग।

### हॉलीवुड निर्देशक रॉब रेनर और पत्नी की हत्या, बेटा मुख्य संदिग्ध

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्माता और अभिनेता रॉब रेनर और उनकी पत्नी, मिशेल सिगर रेनर, लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर में मृत पाए गए हैं। 'पीपल' पत्रिका ने कई सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। लॉस एंजिल्स अग्निशमन विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। दमकलर्मियों ने रेनर के घर से दो व्यक्तियों के शव मिलने की सूचना दी। टीएमजेड पोर्टल के अनुसार कि दोनों पीड़ितों के शरीर पर छुरा घोपने के निशान मिले जो गहरे कटे हुए थे। पत्रिका के सूत्रों के अनुसार, इस हत्या के मामले में दंपति के बेटे निक रेनर मुख्य संदिग्ध हैं, जिसका नशीली दवाओं के दुरुपयोग का एक लंबा इतिहास रहा है।









# चिली: जोस एंटोनियो कास्ट ने राष्ट्रपति चुनाव जीता



■ कास्ट ने अपनी जीत के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया कि धन्यवाद, चिली

**सैंटियागो।** दक्षिण अमेरिकी देश चिली में जोस एंटोनियो कास्ट देश के नए राष्ट्रपति होंगे। वह अगले साल 26 मार्च को कार्यभार संभालेंगे। कास्ट दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थे। वह राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर में विजई रहे। चिली की निर्वाचन सेवा के अनुसार, कास्ट ने दूसरे दौर में 99.33 प्रतिशत वोटों की गिनती पूरी होने पर 58.18 प्रतिशत मत हासिल किए, जबकि सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन की उम्मीदवार जीननेट जारा को 41.82 प्रतिशत मत मिले।

कास्ट ने अपनी जीत के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया कि धन्यवाद, चिली। अब काम पर लगने का समय है! उन्होंने पोस्ट के साथ जीत समारोह की एक तस्वीर भी साझा की। जीत का जश्न मनाने के लिए जमा हुई भीड़ को संबोधित करते हुए कास्ट ने कहा कि यह न तो कोई व्यक्तिगत उपलब्धि है और न ही यह किसी पार्टी की उपलब्धि है। यहां चिली जीता है, इस आशा के साथ कि अब डर में नहीं जीना पड़ेगा। एक ऐसे चिली की आशा के साथ जो काम करता है। सुजारा ने कास्ट से अपनी हार स्वीकार करते हुए रविवार को सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी। वर्तमान राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने भी उन्हें उनकी जीत पर बधाई दी। सुजारा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि लोकतंत्र ने जोर-शोर से अपनी बात कही है। मैंने अभी-अभी कास्ट से बात करके चिली की भलाई के लिए उन्हें सफलता की शुभकामना दी है। गौरतलब है कि 59 वर्षीय कास्ट 11 मार्च, 2026 को पदभार संभालेंगे। चुनाव प्रचार के दौरान, उन्होंने जन सुरक्षा, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उच्च-सुरक्षा जेलों के निर्माण और आपराधिक समूहों के लिए सजा बढ़ाने की वकालत की। कास्ट ने बड़े पैमाने पर अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करने और सीमावर्ती क्षेत्रों पर नियंत्रण मजबूत करने की भी वकालत की। 16 नवम्बर को हुए पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक मत नहीं मिले थे, जिसके कारण सुजारा और कास्ट को दूसरे दौर में प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी।

# हांगकांग में चीन विरोधी दंगों को उकसाने के दोषी पाए गए लाई

**हांगकांग।** हांगकांग में चीन विरोधी दंगों को उकसाने, बाहरी ताकतों के साथ मिलकर साजिश रचने और राजद्रोह से संबंधित सामग्री प्रकाशित करने के आरोपों में जिमी लाई को सोमवार को दोषी पाया गया। हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के उच्च न्यायालय ने लाई और अब बंद हो चुके अखबार एप्पल डेली एवं तीन कंपनियों के खिलाफ यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सुनाया। प्रतिवादियों में लाई, एप्पल डेली लिमिटेड, एप्पल डेली प्रिंटिंग लिमिटेड और एप्पल डेली इंटरनेट लिमिटेड शामिल हैं। इन सभी पर राजद्रोह संबंधी सामग्री प्रकाशित करने और बाहरी ताकतों के साथ मिलीभगत की साजिश रचने के आरोप थे। लाई पर बाहरी ताकतों के साथ मिलीभगत की साजिश रचने का एक अलग आरोप भी था। यह मुकदमा आधिकारिक तौर पर 18 दिसम्बर, 2023 को शुरू हुआ और इसकी अध्यक्षता हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत नियुक्त तीन न्यायाधीशों द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष ने 11 जून, 2024 को अंतिम तौर पर अपने साक्ष्य प्रस्तुत किए और 25 जुलाई को अदालत ने फैसला सुनाया कि सभी आरोप सत्य पाए गए हैं। लाई की गवाही 20 नवम्बर, 2024 को शुरू हुई और मार्च 2025 में समाप्त हुई।